नवीन श्रृंखला NewSeries ISSN 2320 - 5865
वर्ष–2015 Year- 2015
अंक–03 Vol.- 03

संग्रहालय पुरातत्त्व पत्रिका

Bulletin of Museums & Archaeology in U.P.

सम्पादक

डॉ. ए. के. पाण्डेय

Editor

Dr. A. K. Pandey

राज्य संग्रहालय, लखनऊ

State Museum, Lucknow

सम्पादकीय

राज्य संग्रहालय, लखनऊ की संग्रहालय पुरातत्व पत्रिका नवीन शृंखला वर्ष 2015 का अंक–3 प्रकाशित किया जा रहा है। इस पत्रिका को दो खण्डों में विभक्त किया गया है। पहले खण्ड में भारतीय चित्रकला के विभिन्न आयाम एवं उनसे सम्बन्धित शैलियों पर सारगर्भित लेख प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा लिखे गये हैं। इस खण्ड में देश–विदेश के कला संग्रहालयों में संकलित और प्रदर्शित लघु चित्रों से सम्बन्धित लेख संग्रहीत हैं, जिससे भारतीय लघु चित्रकला की विशिष्ट जानकारियां प्राप्त होती हैं।

संग्रहालय पुरातत्व पत्रिका का दूसरा खण्ड पुरातत्व, शिल्प, कला और भारतीय मुद्राओं पर एकाग्र है। इसमें नवीन तथ्यों को समाविष्ट करते हुए लेखकों ने महत्वपूर्ण सामग्रियों पर प्रकाश डाला है, जिससे यह अंक संग्रहणीय है।

हमें हर्ष है कि संग्रहालय पुरातत्व पत्रिका निरन्तर नये–नये तथ्यों पर समावेश करते हुए और भी महत्वपूर्ण बन रही है। इससे जिज्ञासु पाठक, शोध छात्र और कला रसिक लाभान्वित भी होंगे। मैं सभी विद्वानों को साधुवाद देता हूँ कि उनके अथक परिश्रम और साधना से हमारी पत्रिका को निरन्तर नये आयाम मिल रहे हैं।

07 मार्च, 2016
महाशिवरात्रि

सम्पादक
डॉ. अजय कुमार पाण्डेय
निदेशक
राज्य संग्रहालय, लखनऊ

अनुक्रमणिका
CONTENTS

खण्ड–दो

मालवा लघुचित्र-शैली का कलात्मक सौन्दर्य-एक अध्ययन

डा. शुकदेव श्रोत्रिय

मेरे विचार से किसी क्षेत्र की संस्कृति के पाँच तत्व होते हैं– इतिहास, धर्म, साहित्य, कला एवं लोक परम्परा। इनमें सभी तत्त्व एक–दूसरे के पूरक होते हैं। संस्कृति का स्वरूप स्थिर नहीं होता, वह प्रवाहमान रहती है, परिवर्तनशील होती है। संस्कृति के दो तत्त्वों–साहित्य तथा कला में सर्जनात्मकता होती है, जिनमें समय–समय पर विदेशी तत्त्वों का समावेश होता रहता है, जिससे उनमें दृष्टिगत एवं वैचारिक परिवर्तन आते रहते हैं। इस प्रकार संस्कृति के स्वरूप में बदलाव आता दिखायी देता है। भारतीय कला में ऐसे बदलावों के बाद भी उसकी मूल चेतना भारतीय ही बनी रही। भारतीय चित्रकला में समय–समय पर ऐसे परिवर्तन आए, जिनके कारकों में एक ओर लोकजीवन की सर्जनात्मकता थी तथा दूसरी ओर अभारतीय तत्त्व भी थे। इस सम्मिश्रण में चित्रकला के नये रूप स्थापित हुए। पन्द्रहवीं शताब्दी में भारतवर्ष में एक ऐसा सांस्कृतिक परिवर्तन आया, जिसमें भारतीय परम्परा तथा फारसी संस्कृति के तत्त्वों का सम्मिश्रण हुआ, जिसने भारतीय चित्रकला, संगीत, साहित्य तथा स्थापत्य को विभिन्न आयामों में प्रभावित किया।

किन्तु इससे पहले भारतीय चित्रकला के इतिहास में सबसे तीखा मोड़ उस समय आ चुका था, जब विशाल भित्तियों की परम्परा धीरे–धीरे लुप्त होने लगी। समय ने करवट ली और पश्चिमी भारतीय चित्रशैली के रूप में कला के नये अंकुर फूटे। इस परिवर्तन में परम्परा की छाप इतनी कम थी तथा मौलिकता की नयी दिशा की गति इतनी वेगवान थी कि चित्रकला के उस नये रूप में स्थापित नये गुणों को सहज स्वीकारा नहीं जा सका। वर्षों बाद मालवा, प्रारम्भिक राजस्थानी (मेवाड़) शैली तथा आज तक लोकजीवन में प्रचलन में आने वाले राजस्थानी पटचित्रों की जिस (Primitive Vigour) को, अन्तराल संयोजन की नयी रीतियों तथा रंग की प्रबलता को सराहा गया, उनको पश्चिमीं भारतीय चित्रशैली में उपेक्षित रखा गया। आदिम गुणों से परिपूर्ण पश्चिमी भारतीय चित्रशैली में विवरणात्मकता के स्थान पर संक्षेपीकरण था। अन्तराल में रूप संयोजन की नयी–नयी व्यवस्थाएँ थीं तथा सीमित रंगों का आवेशपूर्ण प्रयोग था। जिस शैली को अपभ्रंश कहकर निम्न स्तर का माना गया, उससे भारतवर्ष की लघुचित्र शैलियाँ शताब्दियों तक प्रभावित रहीं।

मेरा विचार है कि मालवा, मेवाड़ तथा चौरपंचाशिका समूह के चित्रों में जिस शैली के गुणों का विकास हुआ, वह नागर शैली का अपभ्रंश नहीं थी। मालवा तथा मेवाड़ शैली के रंगों की प्रबलता तथा संक्षेपीकरण ने केवल बसोहली ही नहीं, आधुनिक चित्रकारों तक को प्रभावित किया। जगदीश स्वामीनाथन, अर्पणा कौर, रजा, हेब्बार, कुलकर्णी तथा श्याचक्ष बावड़ा जैसे कई भारतीय चित्रकारों की रंगयोजना में ऐसे वर्ण संयोजन दिखायी देते हैं। मालवा का क्षेत्र कलात्मक परम्पराओं का धनी रहा है। भारतीय लघुचित्र शैलियों के पहले कालखण्ड की जिस चित्रशैली का विस्तार लगभग सारे

'चित्रायन' आदर्श कालोनी, मुजफ्फर नगर– 251001 (उ.प्र.) मो.नं. 9897138873

देश में हुआ, उस शैली में मांडू तथा जौनपुर में कल्पसूत्र की पांडुलिपियाँ चित्रित हुई। 1439 ई. में चित्रित मांडू के कल्पसूत्र की कलात्मक श्रेष्ठता की सभी विद्वानों ने भूमि–भूरि प्रशंसा की है।

मालवा चित्रशैली का विकास उस समय हुआ, जब देश में साहित्य तथा भक्ति की एक नयी लहर आयी हुई थी। मलिक मोहम्मद जायसी कृत पद्मावत के बारहमासा, तुलसीदास कृत रामचरितमानस, कृष्णभक्ति के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ भागवत, जयदेव कृत गीतगोविन्द और आगे केशवदास की रसिक प्रिया तथा बिहारी की सतसई आदि में चित्रकारों को भक्ति, प्रेम, श्रृंगार जैसी अनुरागी मानवीय प्रवृत्तियों को चित्रित करने की भाव भरी विषयवस्तु मिली। पन्द्रहवीं शताब्दी में भारतीय संस्कृति में आए इस जागरण के साथ एक ऐसा मोड़ आया था, जिसमें भारतीयता के साथ फारसी सभ्यता का सम्मिश्रण हुआ, जिसका धर्म साहित्य तथा विशेष रूप से चित्रकला पर गहरा प्रभाव पड़ा। प्रो. आनन्द कृष्ण ने यह मत व्यक्त किया है कि इस क्रास फर्टिलाइजेशन से उपजी कला में भारतीय संस्कृति के प्रभाव से फारसी तत्त्व धीरे–धीरे कम होते–होते पृष्ठभूमि में चले गये तथा प्रारम्भिक सोलहवीं शताब्दी में इस मिश्रित शैली का स्थान राजस्थानी शैली ने ग्रहण कर लिया। किन्तु उन्होंने यह विचार भी व्यक्त किया है कि राजस्थानी शैली की उपशैली मालवा के तत्त्वों का उद्गम न तो अपभ्रंश में खोजा जा सकता है और न ही मुगल शैली में, उसका मूल केवल सल्तनत काल के दरबारी चित्रों में है। (राय आनन्द कृष्ण, मालवा पेंटिंग, पृ.सं. 7)। उन्होंने पुनः इसी पुस्तक के पृष्ठ सं. 10 पर अपने मत को दोहराते हुए लिखा है कि सत्रहवीं शताब्दी की मालवा शैली की जड़ों को सल्तनत काल में खोजा जाना चाहिए। इस सन्दर्भ में मेरा दृष्टिकोण है कि यद्यपि सल्तनत काल का प्रभाव मालवा शैली पर परम्परागत प्रवाह में रहा, किन्तु दूसरी कल्पसूत्र के तथा अन्य उस शैली के चित्रण की जो परम्परा थी, उसके प्रभाव को एकदम खारिज नहीं किया जाना चाहिए। चित्र के अन्तराल विभाजन तथा रंग योजना में मालवा शैली अधिकांशतः पश्चिमी–भारतीय चित्र शैली से प्रभावित दिखायी देती है। मालवा शैली के विशेष करके रामायण के चित्रित पृष्ठों में वृक्षों का अंकन तथा वृक्षों के तनों द्वारा अन्तराल विभाजन की समानता बहुत से पश्चिमी भारतीय चित्रशैली के वृक्षों के अंकन में देखी जा सकती है। बालगोपाल स्तुति 1450–1475 ई. राष्ट्रीय संग्रहालय के चित्र इसका एक उदाहरण है। इस सन्दर्भ में प्रो. आनन्द कृष्ण ने प्रमोद चन्द का मत उद्धृत किया है, जिन्होंने मांडू चित्रकला का सम्बन्ध कल्पसूत्र परम्परा से जोड़ा है।

कल्पसूत्र तथा उसकी शैली की अन्य चित्रित पांडुलिपियों का मालवा के चित्रकारों पर गहरा प्रभाव दिखायी देता है। उन्होंने ऊर्ध्व तथा क्षैतिज रेखाओं में अन्तराल को विभाजित करके बने आयत, वर्ग तथा त्रिभुजाकार रूपाकृतियों को गूँथकर संयोजनों को अधिक आकर्षक बनाया। मालवा के चित्रों में विषयवस्तु को विस्तार मिला। चित्रकारों ने मानवीय मुद्राओं को गतिशील बनाया तथा नयी भंगिमाएँ प्रदान कीं। समूहीकरण को तरलता दी। प्रकृति को चित्रों में स्थान ही नहीं दिया, अपितु उनको मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़कर उन्हें चित्र का चैतन्य अन्तराल बना दिया। चित्र संयोजनों में स्थापत्य की प्रमुख भूमिका दिखायी देती है। स्थापत्य के ऊर्ध्व, क्षैतिज तथा कोणीय प्रभाव से चित्र में प्रभाविता की दिशा तथा सन्तुलन की व्यवस्था की गयी है। शिखरों, बुर्जियों, लिंटल

तथा भित्तियों, चबूतरों आदि की रूपाकृतियों से अन्तराल विभाजन, तानीय परिवर्तन से विविधता, एकता तथा आकर्षण प्रदान किया गया है। कारण अनेक हो सकते हैं, किन्तु यह मेरा दृष्टिकोण है कि भले ही मालवा शैली आगे राजस्थानी चित्रशैली जैसे विभिन्न महत्त्वपूर्ण केन्द्रों पर अधिक फली–फूली नहीं, किन्तु सत्रहवीं शताब्दी में वह अपनी कलात्मक ऊँचाइयों पर पहुँची हुई थी।

मालवा लघु चित्रशैली में रंगों का प्रयोग सर्जनात्मकता था। रंगों को लगाने का विधान मुगल शैली जैसा अनुशासित तथा अभिजात्यपूर्ण नहीं था। इनमें प्रयोगधर्मिता थी। सीमित रंगों के सपाट अन्तराल के क्षेत्रों का संयोजन था। शरमन ली ने लिखा है कि मालवा के चित्रों में सज्जारूपों में फारसी प्रभाव है, किन्तु वर्णविधान तथा रूपाकृतियों का प्रस्तुतीकरण स्पष्ट रूप से पश्चिमी भारतीय चित्रित पांडुलिपि परम्परा से लिया गया है। मालवा शैली में उन्हीं सीमित रंगों का प्रयोग है। नीले, लाल, हरे तथा पीले रंगों तथा श्याम–श्वेत का जो प्रयोग इस शैली में किया गया है, वह प्रबल, चुनौतीपूर्ण, सहज तथा साहसिक कदम था। वास्तव में मालवा चित्रशैली व्यापक रूप से गर्म और शीतल रंगों के प्रबल विरोध का सन्तुलन है। प्रायः शीतल और स्याह की ओर बढ़ते हुए नीले रंग को लाल रंग के क्षेत्रों से सन्तुलित किया गया है। इन दोनों रंगतों की प्रमुखता के साथ उदासीन कोमल हरे तथा पीले को भी वर्ण वैविध्य के लिए प्रयुक्त किया है। श्वेतता को भी वर्ण संयोजन में स्थान दिया गया है। रंगों के क्षेत्रों का अनुपात तथा सन्तुलन चित्र को एकता के सूत्र में बाँधता है। सभी रंग एक ओर संयोजन को व्यवस्था देते हैं, दूसरी ओर विषयवस्तु के भावों को उत्कर्ष करते हैं।

मालवा शैली के कुछ लघु चित्रों का संयोजनात्मक विश्लेषण

मरणासन्न जटायु, रामायण
मालवा 1633 ई.

यह चित्रसंयोजन–क्षमता का अद्भुत उदाहरण है। लहरों का आलोडन, जटायु की पीड़ा और व्याकुलता में संवेदनशील प्रतीत होता है। वृक्ष स्थिर हैं, मानो राम तथा लक्ष्मण की मुद्रा के साथ एकाकार होकर हतप्रभ हो गये हों। लताओं में भी जटायु के शरीर की रेखाओं के समान बेचैनी है। पूरा चित्र दो स्पष्ट भागों में बँटा हुआ है। राम तथा लक्ष्मण की आँखें तथा जटायु की आँख ठीक एक सरल रेखा में है, जो मूक संवाद की भाषा बन जाती है।

स्वर्ण मृग मारीच, रामायण
मालवा 1630 ई.

प्रस्तुत चित्र में द्वार से स्वर्ण मृग की ओर इंगित करती हुई सीता, मृग की ओर जाते हुए धनुर्धारी राम तथा लक्ष्मण और घने वृक्षों के बीच मृग के वेश में मारीच है। पीली पृष्ठभूमि में हरिण की आकृति चित्र में सर्वाधिक प्रभावी है जो चार आयातों के पीले रंग के बीच में दृष्टि को आकर्षित करती है। हरिण के उठे हुए अगले पाँव उसके गर्व के प्रतीक हैं।

बिलावल रागिनी

मालवा 1630 ई.

चित्र में ऊपर आकाश की तथा अग्रभूमि की क्षैतिज रेखाएँ स्थापत्य की ऊर्ध्वरेखाओं से सन्तुलित हैं। केन्द्रीय भाग में आँख बुर्जियों के सहारे चलकर खड़ी स्थापत्य रेखा से नीचे आती हैं तथा पुनः पैरियों के साथ कोणवत् नीचे जाते हुए अन्तराल का कोणीय विभाजन करती है। गोलाकार दर्पण दृष्टि के आकर्षण का केन्द्र है।

भरत अयोध्या लौटते हुए, रामायण

मालवा, लगभग 1690 ई.

क्षैतिज संयोजन नदी द्वारा दो त्रिभुजों में बँटा हुआ है। बाएँ हाथ के त्रिभुज का आधार क्षैतिज रेखा पर होने के कारण राम के धैर्यवान चरित्र को प्रदर्शित करता है तथा एक कोण पर टिके सीधे हाथ के त्रिभुज में भरत व्याकुल हैं। उनके मन में पश्चाताप है। उनकी व रथ की रेखाएँ कोणीय हैं तथा संयोजन की अन्य रेखाओं से सामंजस्य प्रदर्शित नहीं करतीं। यह ऊहापोह का भाव है।

नवदम्पति राम और सीता का स्वागत, रामायण

मालवा, लगभग 1680 ई.

चित्र का क्षैतिज अन्तराल पहले एक वर्ग तथा एक ऊर्ध्व आयत में विभाजित है। पुनः वर्ग को दो आयतों में तथा आयत को दो वर्गों में विभाजित करके आकृतियों का समूहीकरण किया गया है। ऐसे अन्तराल विभाजन पश्चिमी भारतीय शैली में प्रायः देखे जा सकते हैं।

राम और लक्ष्मण सन्त से वार्तालाप करते हुए

मालवा, लगभग 1635 ई.

यह चित्र संयोजन में समूहीकरण का अद्‌भुत उदाहरण है। नारी आकृतियों का वर्ग, स्थापत्य का ऊर्ध्व आयत, मध्य की तीन आकृतियों का आयत, वृक्षों के साथ बना आयत और हरिण युगल का छोटा आयत एक संयोजन में व्यवस्थित किये गये हैं।

नायक, रसिक प्रिया का एक पृष्ठ

मालवा, 1634 ई.

चित्र में दो रेखाएँ नायक वर का केन्द्रीभूत होती प्रतीत होती हैं। चित्र का दृष्टिगत भाव स्थिरता का है। केवल ऊपरी बायें कोने में आकाश की सफेद पट्‌टी लहरदार गति के साथ चित्र की स्थिरता की समरसता को तोड़ती है।

मधु माधवी रागिनी

मालवा, 1630 ई.

इस चित्र में स्थापत्य की रेखाएँ गति के साथ नायिका पर केन्द्रीभूत होती हैं। पूरा संयोजन छाया प्रकाश के दो स्पष्ट भागों में बँटा हुआ है। भवन के भीतरी भाग का शहरी रंगत का अन्तराल बाहरी काले घने बादलों से सामंजस्य प्रतीत होता है।

डब्ल्यू. जी. आर्चर ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'सैंट्रल इंडियन पेंटिंग' में डब्ल्यू.जी. आर्चर ने लिखा है–

Such pictures are not only clear derivatives from the great Mandu Style, but foreshado the outburst of Rajasthani painiting in Mewar some decades later. (P.5)

Malwa evoked some of the most vital developments in Indian art.

It was painting of this kind which laid the foundations of Rajput painting in Mewar, the premier state of Rajasthan and produced the virile compositions which exhilarate Indian minds today.

□□

"संग्रहालय : सांस्कृतिक धरोहर का रक्षक"

सजगता से सुरक्षित रखा जा सकता है इतिहास के साक्षी भित्ति चित्रों को

सुधाकर शर्मा

हाड़ौती (कोटा बूंदी एवं अन्य) के संदर्भ में एक अध्ययन

भारतीय कला सत्यम् शिवम् सुन्दरम् की सौन्दर्यात्मक, शाश्वत एवं भावपूर्ण अभिव्यक्ति का प्रतिरूप है। अतीत से वर्तमान काल तक युग–युगीन जीवन, धर्म, दर्शन एवं संस्कृति का बोध कला के माध्यम से किया जाता रहा है। कठोर पाषाणों से लेकर सुकोमल धरातलों पर रंगतराशों व रूपदक्षों ने नाना रूपों में इसका सृजन किया है। कला साधकों ने जहाँ एक ओर गहन चिंतन एवं मनन के मंथन से इसकी रचना की वहीं शास्त्रीय नियमों एवं सिद्धांतों से इसे सौन्दर्यपरक बनाया है। कला आचार्यों ने दीर्घकालीन अध्ययन से इसे उच्च पद पर आसीन किया। युगों–युगों से कला संरक्षकों ने कला को आश्रय प्रदान किया, वहीं कला साधकों ने दीर्घकाल तक अनवरत साधना कर कला के चित्रोपम सौन्दर्य को दिव्य स्वरूप प्रदान किया।

भारत वर्ष में कला नाना रूपों में विकसित हुई किंतु चित्रकला का अपना एक अलग विशिष्ट स्थान है। चित्रकला की अनेक विधाओं में भित्ति चित्रण अतिविशिष्ट माना जाता है। इस कला के प्रमाण ईसा पूर्व पहली दूसरी शताब्दी से लेकर बीसवीं शताब्दी तक पाये गए हैं। लगभग दो हजार वर्षों तक भारत वर्ष में भित्ति चित्रों का निर्माण जारी रहा। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व कलात्मक दृष्टि से इनका अत्यंत ही महत्व है। तत्कालीन जन जीवन को जानने के यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण साधन हैं। भारत वर्ष में इनके प्रारंभिक एवं श्रेष्ठ उदाहरण जोगीमारा, अजन्ता बाघ, सिन्तनवासल, सिगिरिया, बादामी आदि कला मंडपों में अवस्थित है। मध्यकाल में इस कार्य की गति कुछ मंद हो गई किंतु न्यून रूप में कार्य जारी रहा।

भित्ति चित्रों के निर्माण में 16वीं शताब्दी से पुनः एक वैभवशाली युग प्रारंभ हुआ और लगभग बीसवीं शताब्दी तक अनवरत यह कला कार्य जारी रहा। इस काल को कला, धर्म, दर्शन काव्य व साहित्य की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जाता है। भारतवर्ष के राजपूताना अर्थात् राजस्थान प्रांत में इसी काल में प्रायः सभी कलाओं की अपूर्व उन्नति हुई। 15वीं सदी की अपभ्रंश शैली में पाल शैली के लघुचित्रकला के विकास के लक्षण दिखाई देते हैं व 16वीं सदी की आरंभिक राजस्थान कला शैली में व विकसित अपभ्रंश शैली में काफी समानता नजर आती है। हालांकि यह पोथी चित्रों में स्पष्ट दिखाई देते हैं। इसी क्रम में भित्ति चित्रों के निर्माण की परंपरा नवीन रूप लेकर बहु प्रचलित हुई। परिवर्तन की व्यापक लहर ने राजस्थान के सामाजिक, राजनैतिक धार्मिक व कलात्मक रूप को बदल कर रख दिया। जन भावनाओं का आदर करते यहाँ के कला प्रेमी शासकों ने कलाओं के विकास पर विशेष बल दिया। यहाँ की लगभग सभी छोटी बड़ी रियासतों ठिकानों आदि में चित्रकला को

संरक्षण सहायक, राष्ट्रीय संग्रहालय, जनपथ नई दिल्ली।

विशेष महत्व प्राप्त हुआ। यहाँ के कला प्रेमी शासकों ने कार्य कुशलता में प्रवीण चितेरों व कारीगरों को आश्रय प्रदान कर अपने राजप्रसादों, हवेलियों, देवालयों आदि में विभिन्न विषयों पर भित्ति चित्रों को बनवाया और भित्ति चित्रण की प्रचलित युग–युगीनविधा वैभव, सौन्दर्य, धर्म, दर्शन आदि के धरातल पर अवस्थित कर एक नवीन इतिहास रचा।

भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं राजनैतिक आधार पर राजस्थान को कलागत दृष्टि से चार प्रमुख क्षेत्रों में बांटा गया। मेवाड़, मारवाड़ ढूढाह व हाडौती भू–भाग पर मुख्य रूप से उल्लेखनीय है। जहां राजस्थान में भित्ति चित्रण मुख्य रूप से जयपुर, आमेर, उनियारा, शेखावटी की हवेलियों में प्रचलित हुआ वहीं हाडौती के बून्दी, कोटा व झालावाड रियासतों में भित्ति चित्रों का बहुतायत से निर्माण हुआ। यहाँ बने भित्ति चित्र संपूर्ण भारतीय लघुचित्रों एवं भित्ति चित्रों के क्रम में अपना अति विशिष्ट स्थान रखते हैं। उपर्युक्त स्थानों पर भित्ति चित्रों का निर्माण सर्वप्रथम बून्दी रियासत में प्रारंभ हुआ। यहां पर बने भित्ति चित्रों फूल महल, बादल महल, छत्र महल एवं रंगमहल (चित्रशाला) में अवस्थित है। इन चित्रों में राव भोज के समय से लेकर महाराव विष्णु सिंह के समय तक की संपूर्ण गतिविधियों के दर्शन होते हैं। बून्दी रियासत के दो अन्य प्रमुख ठिकानों दुगारी तथा इन्द्रगढ़ से भी भित्ति चित्रों का निर्माण तत्कालीन ठिकानेदारों द्वारा करवाया गया जो विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। इनके अतिरिक्त बून्दी नगर में अनेक हवेलियों व देवालयों में उपर्युक्त प्रचलित परम्परानुसार भित्तियों को चित्रों से सुशोभित करवाया गया था। उपर्युक्त चित्रों का दर्शन एवं अध्ययन करने देश विदेश के ना जाने कितने कला मर्मज्ञ, शोधार्थी व इतिहासकार आते हैं। बून्दी के तत्कालीन इतिहास को जानने के ये चित्र सर्वाधिक एवं संस्कृति के प्रहरीजनों की उपेक्षा एवं संरक्षण के अभाव में बून्दी के उपर्युक्त सभी स्थानों व भवनों में बने चित्र अपनी व्यथा पर अश्रु बहा रहे हैं। इनमें बने कई अतिविशिष्ट चित्र जो पूर्णतया काल कल्वित हो चुके हैं। शेष अवशेष जो कुछ भी हैं वे नष्ट होने के कगार पर खड़े हैं। इतिहास एवं तत्कालीन जनजीवन को जानने वाले यह महत्वपूर्ण स्रोत स्थानीय संरक्षकों, प्रशासन के लिए शायद महत्वपूर्ण नहीं हैं जो वर्षों से सिंचित इस कला निधि के प्रति मौन साधे बैठे हैं। कतिपय सरकारी सहयोग व रखरखाव तथा सुरक्षा उपायों को प्रचारित करना एक अलग बात है और इनके प्रति आत्मिक एवं सजग दृष्टिकोण रखते हुए व्यवस्था देना दूसरी बात है। बून्दी रियासत के दुगारी व इन्द्रगढ़ महलों में बने भित्ति चित्रों का मार्मिक रूदन केवल चमगादडें ही सुनती हैं अथवा कुछ आवारा हाथ व कला विरोधी तत्व दिन के उजाले में इन वैभवशाली चित्रों पर नश्तर चलाते हैं। यदा–कदा कुछ शोधकर्त्ता, विदेशी मेहमान यहाँ आकार इन चित्रों का हाल देखते हैं किन्तु चुप्पी साधे चले जाते हैं।

कोटा रियासत में जहां कला प्रेमी शासकों ने भित्ति चित्रण को अपने वैभव का प्रतीक मानकर इन्हें बनवाने का अनुकरणीय कार्य किया वहीं इसी रियासत के कुछ प्रमुख कला प्रेमी पदाधिकारियों ने भी इस हेतु अपनी महती भूमिका निभाई इसी क्रम में उल्लेखनीय कार्य किया कोटा रियासत के फौजदार, दीवान, झाला जालिमसिंह व राज ज्योतिषी देवता जी ने। झाला जालिम सिंह का कोटा रियासत में अत्यन्त महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहा। ये अत्यन्त कला प्रेमी

प्रशासक थे। इन्होंने कोटा गढ़ के दक्षिण पश्चिम में चम्बल नदी के किनारे एक भव्य हवेली का निर्माण करवाया। महाराव उम्मेद सिंह प्रथम के समय में निर्मित झाला हवेली के विभिन्न कक्षों, तिबारियों, आलियों, छतों व झरोखों आदि में भव्य व नयनाभिराम का निर्माण हुआ। इन चित्रों का निर्माण मेवाड़ से कोटा आदि में आश्रय प्राप्त चितेरों व स्थानीय चितेरों के सहयोग से हुआ। कोटा चित्रशैली के अंतर्गत इन चित्रों का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इतिहास, संस्कृति एवं कला मर्मज्ञों व इतिहासकारों के लिए यह चित्र महत्वपूर्ण स्रोत थे किन्तु असुरक्षा के कारण व असामाजिक तत्वों द्वारा इनको क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

कोटा महल के पश्चिम में झालाहवेली में 1978 में किए गए बारूदी विस्फोट के कारण यहां उपलब्ध कला एवं भित्ति चित्रण सामग्री की अपूर्ण क्षति हुई जिसके कारण भित्तियों छतो, आलियों आदि पर सुशोभित चित्रों का सौन्दर्य पूर्ण संसार काल की गर्त में समा गया। साथ ही स्थापत्य कला की बेजोड़ कारीगरी का नमूना भी विस्फोट से जीर्ण शीर्ण हो गया। यदि इतिहास की इस अमूल्य धरोहर की सुरक्षा एवं रख–रखाव उचित ढंग से किया जाता तो आज कोटा चित्र शैली में बने ये भित्ति चित्र कला मर्मज्ञों को आल्हादित करते रहते।

झाला हवेली के भित्ति चित्रों के शेष अवशेषों में से कुछ चित्रों के माध्यम से ही अब यहाँ के कला वैभव को जाना जा सकता है। विध्वंस के पश्चात् यहाँ बचे शेष चित्रों को स्थानीय संरक्षकों के सुझाव से सुरक्षित निकलवा कर राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली भेजा गया। राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के कला संरक्षण एवं पुर्नरक्षण विभाग के एक दल द्वारा वर्ष 1984–85 में यहां बनी भित्तियों पर से शेष बचे कुछ महत्वपूर्ण चित्रों को भित्ति से एक वैज्ञानिक प्रक्रिया द्वारा पूर्णतया मूल अवस्था में निकालकर राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली पहुंचा दिया गया। यहाँ से सुरक्षित निकाले गए चित्र संरक्षकों एवं स्थानीय कला प्रेमी जनों की सजगता का ही परिणाम है। यदि समय पर सजग प्रयास नहीं किये गए होते तो कोटा कलम के स्वर्णिम पृष्ठों को लिखने वाले ये महत्वपूर्ण चित्र भी काल कल्वित हो चुके होते। यहां से निकाले गए महत्वपूर्ण चित्रों में कोटा में प्रचलित विषय आखेट का चित्र एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण चित्र है। जो तत्कालीन समय की आखेटीय रणनीति शौर्य एवं राजसी वैभव को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त अन्य पुर्नरक्षित चित्रों में रागिनी विषय, नायिका विषय व धार्मिक विषयों से संबंधित चित्र भी कोटा कलम के मौलिक एवं समन्वित कला विश्लेषण जिसमें कोटा शैली पर मुगल एवं दक्खिनी शैलियों का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। कोटा शैली में पूर्वानुसार आकृतियों में छोटे एवं बौनेपन को अब विस्तृत लंबाई एवं अनुपात में रख कर अन्य प्राकृतिक सौन्दर्य को उच्च स्तर की कलम के प्रभाव से सजाया गया है। यह कोटा की शैली में उत्तरोत्तर मुगलीय एवं बाह्य प्रभाव का सटीक उदाहरण है।

इस प्रकार कला मर्मज्ञों, सजग कला प्रेमी जनों एवं सरक्षकों की सूझबूझ एवं सजगता से झाला हवेली एवं कोटा चित्र शैली की श्रेष्ठतम धरोहर को नव जीवन प्राप्त हुआ। वर्तमान समय में राजस्थान में कई स्थानों पर छोटी बड़ी हवेलियों से लेकर विशाल राजप्रासादों में भित्ति चित्रण अपनी अंतिम सांसे गिन रहे हैं। कोटा नगर में भी बड़े देवता जी की हवेली, अर्जुनमहल बड़ा

महल, छत्रमहल, राजमहल, लक्ष्मीभंडार, कंवरपदा आदि भवनों की भित्तियों पर बने चित्र मंद एवं तीव्र गति से अपने अंत की ओर बढ़ रहे हैं। निजी एवं सरकारी संरक्षकों को आपसी तालमेल, असहयोग की भावना का तो इसमें योगदान है ही वातावरणीय दुष्प्रभावों, उचित रखरखाव के अभाव में इनके ऊपर पड़ने वाली काल की छाया और गहरी होती जा रही है वो दिन भी अब दूर नहीं जब ये दुर्लभ चित्र दुगारी, इन्दगढ़ बून्दी के कई भित्ति चित्रों व झाला हवेली के चित्रों के समान काल कल्वित हो जाएंगे।

यदि संरक्षकों व कला प्रेमी जनों ने अब भी अपनी आंखें नहीं खोलीं तथा इनके प्रति अपनी चेतना को जागृत नहीं किया तो इतिहास को जानने के ये अति महत्वपूर्ण प्रमाण पतनोन्मुख हो जाएंगे। जो कुछ भी क्षति अब तक हो चुकी है। उसे मानवीय भूल समझकर भुलाया जा सकता है किन्तु यदि समय रहते हम इस दुर्लभ कला सामग्री के प्रति सावचेत नहीं हुए तो न सिर्फ ये भित्तियां इतिहास की उन रंगीन परतों को निगल जाएंगी अपितु इतिहास को जानने के ये साधन सदैव के लिए मिट जाएंगे।

कभी–कभी हमारे लिए यह दुविधाजनक स्थिति होती है कि कुछ महत्वपूर्ण कला के ऐतिहासिक साक्ष्य कुछ हवेलियों में भित्ति चित्र के रूप में उपेक्षित हालात में नष्ट होते पाए गए हैं ऐसी विषम स्थिति में यह उचित माना जा सकता है कि वहां से इस प्रकार के भित्ति चित्रणों को उतार कर के ऐसे स्थान पर सुरक्षित रखा जाए जहां पर इनकी देखरेख ठीक से हो सके। हालांकि भित्ति चित्रों को सुरक्षा जहां है जैसी है हालत में देना निश्चित किया जाता है परन्तु परिस्थितिवश एवं आपातकाल में भित्ति चित्रों का स्थानांतरण किया जा सकता है। आमतौर पर अधिकांश निजी संरक्षकों की यह मिथ्याजनक धारणा है कि भित्तियों से चित्रों को सुरक्षित नहीं निकाला जा सकता और न ही इन्हें किसी भी प्रकार के वातावरणीय दुष्प्रभावों से बचाया जा सकता है। यदि यह धारणा सत्य होती तो राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली के संरक्षण एवं पुर्नरक्षण विभाग के संग्रह में झाला हवेली के ये महत्वपूर्ण चित्र अपनी मूल अवस्था में सुरक्षित नहीं होते। आज ये चित्र पूर्ण रूपेण सुरक्षित ही नहीं बल्कि आने वाले पांच सौ हजार वर्षों तक ये भित्ति चित्र इसी अवस्था में सुरक्षित रहेंगे।

अतः हमें कला के सजग प्रहरी बनकर ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कला की शेष बची हुई अनमोल धरोहर को उचित संरक्षण व पुर्नरक्षण द्वारा बचाने के गंभीर प्रयास शीघ्र ही प्रारंभ करने होंगे।

तकनीकी पक्ष

भित्ति चित्रों में निम्न प्रकार की खराबियां उत्पन्न होती हैं जिनका मुख्य कारण प्राकृतिक वातावरणीय प्रभाव, जैविक व रासायनिक है। नमी आद्रता, प्रकाश की तीव्रता एवं कमी व स्थापत्य दोष, तकनीकी विभेद, अदक्ष कलाकार व कन्जरवेटरों, मालिकों संरक्षकों की उपेक्षित मानसिकता है।

1. पानी का रिसाव

2. अलग–अलग प्रकार के रंगों, रंगपरतों के अस्तर
3. चूने का स्वयं का समय के साथ डिकम्पोज होना
4. पुरानी रंग पर्तों (चित्रण) पर फिर से नए चित्रण में प्रयुक्त रंग माध्यमों के मध्य रासायनिक क्रियाओं का घटना।
5. विपरीत स्वभाव के रंग–रसायनों का प्रयोग। पपड़ियां बनना इत्यादि।
6. अधिक नमी से काई (फंगस) फफूंदी का उत्पन्न होना व रंगों व माध्यम गोंद इत्यादि को प्रभावित कर रंग व आकृतियों का धूमिल हो जाना।
7. पक्षी, कीट, चमगादड़ जैसे जीवधारियों का निरंतर निवास।
8. मानव उपेक्षा व वेन्डालिजम
9. धन का अभाव व मालिकों एवं संरक्षकों में कला के संरक्षण के प्रति सजगता का अभाव भित्तीय चित्रों के सुरक्षा के संबंध में जो कि मुख्य रूप से निजी मालिकों या निजी स्वामित्व में हैं वस्तुतः इन मालिकों के द्वारा इस विषय में गंभीरता दिखाने की आवश्यकता है। सरकारी तौर पर इस प्रकार भित्ति चित्रण के संरक्षण एवं परिरक्षण में सहयोग के लिए अपील की जा सकती है। निजी मालिकों एवं संरक्षकों द्वारा ऐसे कार्यक्रम किए जा सकते हैं जिसमें इस प्रकार की कलाकृतियों पर एक संगोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन दक्ष संस्थाओं व कन्जरवेटरों से मिलकर की जा सकती है। हालांकि वर्तमान में पर्यटन की दृष्टि से कुछ हवेली मालिकों ने इस ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपनी जीर्ण क्षीर्ण हवेलियों को होटल में परिवर्तित कर लिया गया है जिससे इन नष्ट होती कलाकृतियों को प्राणदान का आश्वासन मिल गया है। ऐसे ही हालातों में यदि पर्यावरण व पर्यटन की दृष्टि से हम उपेक्षित पड़ी हवेलियों एवं राजप्रासादों तथा मंदिरों को जनता के साथ सीधा–सीधा संपर्क स्थापित कर मनोरंजन से जोड़ दे तो आय के साथ–साथ इनका संरक्षण स्वतः ही हो जाएगा।

उपरोक्त कारणों पर सजगता व समय–समय पर देखरेख व दक्ष कन्जरवेटर की सलाह ली जाए तो आप इन सभी दोषों को नियंत्रित कर के इतिहास के इन बहुमूल्य साक्ष्यों को अगली पीढ़ी को सुरक्षित सौंपे जाने का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं हालांकि चिकित्सा की पद्धति यहाँ पर देना उचित नहीं समझतें हैं क्योंकि हर परिस्थिति में किया गया संरक्षण एवं परिरक्षण कार्य भौगोलिक एवं वातावरणीय प्रभावानुसार अलग–अलग होता है। कुछ कारणों में यह पाया गया है कि कुछ नवयुवक इस प्रकार के अधूरे ज्ञान व संरक्षण व परिरक्षण के नियमों की गहन परिचर्या में सिद्धहस्त ना होने से भित्ति चित्रण जैसी नाजुक सतहों पर रसायन इत्यादि का विपरीत प्रभाव हो सकता है। अतः इस विषय में भी सजगता की आवश्यकता है कि हम उन संस्थानों का चयन करें जो कि कलाकृतियों के संरक्षण व परिरक्षण के महत्वपूर्ण केन्द्र हैं। राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली इस विषय में अपनी सेवायें प्रदान करता है।

□□

“संग्रहालय : सांस्कृतिक धरोहर का रक्षक”

मध्य भारतीय चित्रकला में "मालवा शैली" की प्रभुसत्ता

डॉ. रघुवीर सिंह भाटी

कलानां प्रवरं चित्रं धर्मकामार्थमोक्षदम्।
मांग्ल्यं प्रथमं चैतदृगृहे यत्र प्रतिष्ठतम्।।

अर्थात् चित्रकला सभी कलाओं में श्रेष्ठ हैं। यह धर्म, काम, अर्थ और मोक्ष देने वाली हैं। जिस घर में इसकी प्रतिष्ठा की जाती हैं, वहाँ पहले ही मंगल होता हैं।

यथा सुमेरूः प्रवरो नगानां यथाण्डजाना गरूड़ः प्रधानः।
यथा नराणां प्रवरः क्षितीशस्तथा कलानामिहं चित्रकल्पः।।

अर्थात् जैसे पर्वतों में सुमेरू श्रेष्ठ हैं पक्षियों में गरूड़ प्रधान है और मनुष्यों में राजा उत्तम हैं उसी प्रकार कलाओं में चित्रकला सर्वश्रेष्ठ हैं।

दुर्भाग्यवश हम शताब्दियों तक परतन्त्र बने रहे, द्वेष या विजेताओं के शौर्याभिमान ने हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं की द्योतक सामग्रियों को नष्ट किया, लूट लिया हमारे बहूमूल्य–ग्रन्थों को, गंन्थागारों को आग की भेंट चढ़ा दिया। जानबूझकर, सप्रयत्न हमें गिरी हुई जाति का बताने के लिए हमारी निधियों थातियों को विनष्ट किया। फिर भी शेष सामग्री हमारे विगत की सांस्कृतिक उन्नति, विकास और चर्मोत्कर्ष को दर्शाने के लिए काफी है।

निश्चित ही इस लूट और ध्वंश में चित्रकला सम्बन्धी प्राचीन साहित्य प्राचीन चित्र एवं बहुमूल्य कला के जीवंत आदर्श नष्ट हो गये। जिस गम्भीरता सूक्ष्मता और विविधता के साथ चित्रकला के सम्बन्ध में उल्लेख प्राचीन साहित्य में प्राप्त होते हैं उन्हें देखकर सहसा यह विश्वास नहीं होता कि हमारी प्राचीन चित्रकला पर प्रकाश डालने वाली एक या दो यही पुस्तकें रही होंगी। संग्रहालयों व संग्रहों में चित्रांकित पोथियों, चित्रों, मूर्तियों आदि के सहस्त्रादिक उदाहरण मौजूद हैं। अतः लूट के इन प्रमाणों के आधार पर हम निश्चित धारणा रखते हैं कि ललित कला जैसे जन–जन में प्रिय और उपयोगी विषय पर प्रचुर साहित्य रहा होगा। जैसा "चित्र सूत्र" में कहा गया है कि **"अशक्यो विस्तरा द्ववतुं बहुवर्षशतैरपि"** अर्थात् इस सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक कहना तो सैकड़ों वर्षों में सम्भव नहीं हैं। यह सत्य हैं कि न जाने कितनी बड़ी निधि हमारे पास रही होगी। यह सब विनष्ट हो गयीं। संस्कृत का लौकिक साहित्य चित्रकला सम्बन्धी विवरणों से भरा पड़ा है।– महाभारत में वाणासुर की पुत्री की सखी चित्रलेखा का वर्णन है जो चित्र–कर्म में दक्ष थी। उसने स्मृति से ही कई राजकुमारों के चित्र अंकित कर दिये। भास के प्रसिद्ध नाटक **"स्वप्न वासवदत्ता"** में वासवदता और वत्सराज उदयन आदि के चित्र का उल्लेख हुआ हैं, जिससे ज्ञात हुआ है कि तत्कालीन समाज में चित्रकला घर–घर में पूजित थी। कालीदास के

वरिष्ठ प्रबन्धक, जैसलमेर फोर्ट पैलेस म्यूजियम एण्ड हैरिटेज सेन्टर, दुर्ग जैसलमेर (राज.)

समय तक चित्रकला समाज का एक अभिन्न अंग बनी हुई थी। अभिज्ञान शकुन्तला के प्रथम अंक में नटी के गीत गा लेने के बाद सूत्रधार कहता है– **''आर्ये! साधु गीतम! अहो रागनिविष्ट चित्रवृत्तिरालिखित इव सर्वतों रंग।''** अर्थात्'' वाह आर्ये। बहुत ही अच्छा गाया। देखो। तुम्हारे राग से लोग ऐसे बेसुध हुए कि रंगशाला चित्रलिखी सी जान पड़ती हैं'

नग्नजित के ''चित्र लक्षण'' में चित्रोपत्ति की मनोरंजक कथा इस प्रकार से हैं :–

भयजीत नाम का बड़ा उदार, धर्मात्मा राजा था। सभी प्रजायें सानन्द थीं। तभी एक दिन एक ब्राह्मण दरबार में आ पहुँचा और चिल्ला कर बोला राजन, आपके राज्य में पाप हैं, नहीं तो मेरा पुत्र अकाल मृत्यु को कैसे प्राप्त हो गया? राजा ने तत्क्षण यमराज से प्रार्थना की हे यम जी महाराज इस बालक को पुनः जीवित करो या मुझ से युद्ध करो। यम युद्ध करने को तत्पर हो गया। दोनों में युद्ध हुआ, घोर युद्ध में यम पराजित हुआ। विधाता ब्रह्मा किंकर्तव्यविमूढ़ हो गये। तत्काल वहाँ प्रकट हुए और राजा भयजित से कहा तुम ब्राह्मण पुत्र का चित्र बनाओ।

भयजित ने चित्र बनाया, ब्रह्मा ने उसमें जीवन डाल दिया और राजा को सम्बोधित करके कहा– ''यतः तुमने इन नग्नों प्रेतों को जीत लिया अतः आज से तुम नग्नजित नाम से जाने जाओगे। तुमने इस ब्राह्मण पुत्र का चित्र मेरे ही आशीष से बनाया है। संसार में यह प्रथम चित्र है।''

यह प्रथम चित्र आज के अर्थ में नहीं है। पहले चित्र का अर्थ मूर्त्ति शिल्प था अर्थात चित्र का अर्थ था पूर्ण गोलाकार मूर्ति, अर्द्ध चित्र का अर्थ था– भित्ति शिल्प, चित्रभास का अर्थ था– आलेपित भित्ति चित्र। अतः नग्नजित द्वारा निर्मित चित्र अवश्य ही मूर्ति रही होगी।

गुप्तकाल में चित्रकला उच्चशिखर पर पहुंच चुकी थी। गुप्त चित्रों के अति उत्तम उदाहरण अजन्ता और बाघ के गुफा चित्र हैं। अजन्ता की गुफा संख्या 16, 17 और 19 गुप्तकाल की है। गुफा 10 के स्तम्भ, चित्र तथा गुफा नं. 16 व 17 के भीत चित्रों में गुप्तकालीन सौन्दर्य मानदण्डों को अपनाया गया है। गुप्तकाल की एक विशिष्टता यह भी है कि काव्य और चित्रकला परिष्कृत और अमूर्त प्रकार के नायकों, नायिकाओं और उनके अन्तरंग सहचरों के सृजन में परस्पर प्रेरणा ग्रहण करते थे। ये सभी चरित्र मानों किसी परिदेश की पुष्पमालाओं रत्नों और आभूषणों से अलंकृत होते थे। एक ओर साहित्य में चित्रकला के दृश्यों तथा नायक नायिकाओं की प्रतिकृतियों को स्थान दिया गया तो दूसरी ओर चित्रकला में मानवीय गुणों के चित्रण में क्लासिकल काव्य के सौन्दर्य सम्बन्धी मानदण्डों को अपनाया गया तथा पृथ्वी की अल्कापुरी के अशेष प्रेम, सुख और शांति का अंकन किया गया।

जोगीमारा की गुफाएं मध्य प्रदेश में सरगुजा जनपद की रामगढ़ पहाड़ियों में स्थित है। इस गुफा के चित्रों को देखने हेतु पहाड़ी मार्ग पार करके एक ऊँची चोटी तक पहुंचना होता है। रास्ते में एक झरना पड़ता है और एक टूटा फूटा दरवाजा। ऐसे अवशेष रामगढ़ मंदिर तक मिलते हैं। मंदिर से नीचे उतर कर ही हम इन गुफा चित्रों तक पहुंच पाते हैं। गुफा चित्रों तक पहुंचने के लिए एक सुरंग पार करनी पड़ती है इस सुरंग को हाथी पात्र अर्थात् हाथियों द्वारा बनाया हुआ खड्डा कहते हैं।

सुरंग बड़ी अंधेरी और काफी चौड़ी है। सुरंग पार करने के पश्चात् ऊपर चढ़कर अंत में जोगीमारा, सीतावेंगड़ा एवं सीता लांगड़ा नामक गुफाओं तक पहुंचा जा सकता है।

जोगीमारा गुफा प्राकृतिक है। 10 फिट लम्बी 6 फिट चौड़ी इस गुफा की भीत पर बने हुए चित्रों को चौखटों में बनया गया है तथा एक दूसरे को अलग करने के लिए लाल रेखाओं का प्रयोग हुआ है। इन गुफाओं की छतें बहुत नीची हैं इन पर बने हुए चित्रों को सरलता से कोई भी हाथ उठाकर छू सकता है। ऐसा हुआ भी होगा तभी चित्रों की चमक व रंगों में उखड़ाव दिखाई पड़ने लगा है। पुराने चित्रों का निश्चित समय आंकना कठिन है परंतु ऐसा लगता है कि इन चित्रों को पुनः रेखांकित और रंगालेपित करने के निमित ऐसा किया गया होगा। चित्रों में सुधार की जगह विरूपता और कुरूपता उभर आयी।

जोगीमारा गुफाभित्तों पर गहरे अक्षरों के कुछ लेख प्राप्त हुए हैं जिनमें एक नर्तकी और मूर्तिकार की प्रेम कथा का वर्णन किया गया है। डॉ. बिलोच की खोज का वर्णन करते हुए हाल्दार महोदय कहते हैं– डॉ. बिलोच तथा अन्य विद्वानों ने यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ये अक्षर सम्राट अशोक महान के युग से पूर्व के हैं। डॉ. बिलोच के आधार पर बनाया गया नाट्य गृह था, क्योंकि वहां उन्हें एक शिला पर एक नर्तकी का नाम खुदा हुआ मिला था।

डॉ. बीलोच के मत का समर्थन करना ठीक नहीं होगा नर्तकी का नामांकन इस तथ्य का प्रमाण कैसे हो गया कि वहां नाट्यशाला ही रही होगी? और वह भी ग्रीक शैली के आधार पर। वास्तव में डॉ. बीलोच भारतीय जीवन से अनभिज्ञ रहे हैं वरना वे यह भी तो कल्पना कर सकते थे कि इस नाम की कोई देवदासी वहां रही होगी जो प्रायः मंदिरों में देवपूजा हेतु रहा करती थीं।

जोगीमारा के गुफा चित्र जैन धर्म से सम्बंधित माने गये हैं। देवदासी की उपस्थिति इस मत को बल प्रदान करती है। जैन धर्म में देवदासी की प्रथा का महत्व और प्रचलन आज भी है। इन चित्रों के और अधिक अध्ययन की जरूरत है। आज जोगीमारा से पूर्व की ओर समकालीन गुफाएं प्राप्त नहीं हो सकी हैं। बाद की उपलब्धियां तो प्रकाश में आ चुकी हैं, उनमें अजन्ता, बाघ, सित्तन्नवासल, एलोरा तथा दक्षिण के अन्य केन्द्र हैं जहां चित्रकारी के अवशेष आज भी विद्यमान हैं।

ताड़ पत्रों पर लिखित पोथियों को सुरक्षित रखने के लिए काष्ठ पट्टिकायें निर्मित की गयी, उन्हें भी चित्रित करने की प्रथा चली। राजस्थान के 850 वर्ष प्राचीन जैसलमेर दुर्ग के प्रसिद्ध जैन मंदिरों के ग्रंथागारों में दो सचित्र पटलियां उपलब्ध हैं जिन पर जैन मूर्तिशास्त्र की विद्यादेवियों के चित्र अंकित हैं। इन विद्यादेवियों के चित्रण की प्रेरण स्पष्टतः पालकालीन बौद्ध पाण्डुलिपियों के चित्रों से ली गई है। ये बौद्ध पाण्डुलिपियां पालवंशीय शासक रामपाल के शासनकाल में सम्भवतः 11वीं शती ई. के उत्तरार्द्ध या 12वीं शती ई. के पूर्वाद्ध की चित्रित हैं। इन विद्यादेवियों के पटलियों के दिलहों में से एक दिलहे में दो उपासिकाऐं चित्रत हैं दूसरी पटली पर भी ऐसी ही उपासिकाऐं चित्रित हैं, इस पटली पर जिन दत्त सूरि जी भी चित्रित हैं। ये पटरियां ओध

नियुक्ति के आवरण पर हैं। इनकी रचना 1122 से 1154 ई. के मध्य हुई। इन पटलियों पर चित्रित महिलाओं के चित्रों में बाघ–अजन्ता के नारी चित्रों के आकार और मुखाकृति के चित्रण की परम्परा का निर्वाह दिखता है।

बाघ चित्रों के बारे में जानकारी देते हुए मैं कहना चाहूँगा कि अजंता के समान गुप्त युगीन चित्रों का दूसरा केन्द्र मध्यप्रदेश में बाघ नाम का छोटा सा गांव है। यहां विन्ध्याचल की पहाड़ियों में काटी हुई नौ गुफाऐं हैं। इनमें बहुत से चित्र मिट गए हैं विशेषतः छतों पर के चित्र बिल्कुल दिखाई नहीं देते। चौथी व पांचवी गुफा के चित्र कुछ अच्छी दशा में हैं। विद्वानों की सम्मति में बाघ के ये चित्र अजन्ता के चित्रों से किसी दशा में कम नहीं हैं। किन्तु बाघ के चित्र प्रधानतः भौतिक जीवन को चित्रित करते हैं। अजन्ता एवं बाघ जैसे भिति चित्र सितनवासल तथा सिगिरया (श्रीलंका) में भी मिले हैं।

गुप्तकाल में कला के इस उत्कर्षमय विकास से यह स्पष्ट होता है कि उस युग में गुप्त सम्राटों के साथ–साथ राज कर्मचारियों तथा सामान्य प्रजा जनों में भी कलाओं के प्रति आग्रह एवं अभिरुचि थी।

चित्रकला में मालवा (मध्यभारत) भी पीछे नहीं रहा। आरम्भिक राजस्थानी शैली के निर्माण में मेवाड़ के समान ही मालवा का महत्व स्वीकार किया जाता है। कला मर्मज्ञ आर्चर ने तो यहां तक कहा है कि स्वयं मेवाड़ की चित्रकला मालवा से ही प्रेरणा लेकर विकसित हुई थी। वस्तुतः राजस्थानी शैली को सर्वाधिक प्रेरणा दक्षिण राजस्थान, गुजरात तथा जौनपुर आदि की चित्रकला से मिली थी। जौनपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश में है। वहां अपभ्रंश शैली का विकास गीत गोविंद तथा "रागमाला" आदि के चित्रों में 15वीं शती में एक ऐसे रूप में हो रहा था जिसमें गुजरात एवं दक्षिण राजस्थान के समान ही दूसरी आंख का अभाव, पूर्ण पार्श्वगत (एक चश्म) मुखाकृति, बड़े आकार की आंख की पुतली, गठनशीलता प्रदर्शित करने वाली रेखाओं से निर्मित शरीर आदि के उद्भावना हो चुकी थी। गुजरात में भी इसी प्रकार का आंदोलन चल रहा था। आर्चर ने गुजरात तथा जौनपुर का महत्व मानते हुए भी माण्डू (मालवा) को ही आरम्भिक राजस्थानी शैली का उद्गम स्थल माना है और इस प्रकार एक मध्य भारतीय चित्रकला की कल्पना कर डाली है। माण्डू में 'निमातनामा' के चित्र बने। इनकी तिथि 1469–1501 ई. थी। इनको 'न्यामतनामा' भी कहते हैं। इसके चित्रों पर फारस की तुर्कमान शैली का प्रभाव है जिसका सर्वश्रेष्ठ चित्रकार बिहजाद था। 1550 ई. के लगभग अंकित रंगमाला के चित्रों को भी आर्चर द्वारा माण्डू का माना गया है। रंगमाला चित्रों की मानवाकृतियां अपभ्रंश शैली के बहुत निकट हैं जबकि निमातनामा की मानवाकृतियां अधिक स्वाभाविक और फारसी ढंग की है। निमातनामा में फारसी तथा अपभ्रंश शैलियों का समन्वय है। जबकि रागमाला के चित्रों में अपभ्रंश शैली का ही व्यापक प्रभाव है, अतः इन चित्रों को केवल एक दो अलंकरणों या किसी एक रंग के प्रयोग के कारण ही माण्डू में चित्रित नहीं मानना चाहिए।

प्राचीन मालवा प्रदेश के अंतर्गत ग्वालियर, उज्जैन, इन्दौर, माण्डू तथा धार सम्मिलित थे। तेरहवीं से 15वीं शती तक यहां तुर्कों का राज्य रहा, तत्पश्चात् पठनों का 1561 से 18वीं शताब्दी

पर्यन्त यह मुगलों के अधीन रहा। समय समय पर यहां मराठों ने भी कुछ स्थानों पर अधिकार कर लिया था। इन समस्त युगों में यहां उनके प्रभाव आये। भारत केन्द्र में स्थित मालवा के पूर्व में अवध तथा जौनपुर उत्तर में राजस्थान, दक्षिण में मुस्लिम शासन और पश्चिम में गुजरात के राज्य थे। इन सभी राज्यों की संस्कृति और कला का मालवा में समन्वय हुआ।

1436 ई. में महमूद खिलजी ने मालवा पर अधिकार कर लिया। उसके उदार शासन में हिन्दू मुस्लिम संस्कृतियों का समन्वय हुआ। उसने चित्रकला में भी समन्वयात्मक मार्ग निकाला। महमूद खिलजी कवि भी था और उसके समय मालवा और बुखारा में परस्पर सांस्कृतिक सम्बंध भी थे। गयासुदीन खिलजी 1469–1501 ई. के समय में ये सम्बन्ध और भी दृढ़ हुए। जीवन के अंतिम वर्षों में उसने स्त्रियों का एक नगर बसाया जिसमें पंद्रह हजार स्त्रियां भारत, खुरासान, बुखारा, अबीसीनिया तथा तुर्की से लाई गई थीं। इनके माध्यम से उसने एक विचित्र संस्कृति को विकसित किया जिसमें इन समस्त स्थानों की रुचियों और कलाओं का प्रभाव था।

गयासुदीन के पश्चात् नासिरूदीन 1502–1512 शासक हुआ। उसके समय फारसी शैली का पुनः प्रभुत्व हो गया। यद्यपि इस काल की कला का परवर्ती शैली पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा तथापि इस समय के चित्रों का एक अभिप्राय समस्त मालवा शैली में रूढ़ हो गया जिसमें चित्र के निचले भाग में एक पट्टी अंकित करके उसे फूल पत्तियों द्वारा अलंकृत कर दिया जाता था। महात्मा शेख सादी कृत 'बोस्तां के चित्र जो 1503 ई. में बने, इस शैली के उदाहरण हैं।

1505 ई. में निमातनामा का चित्रण हुआ। इसके चित्रों में शीराज की तुर्कनाम शैली के साथ किंचित भारतीय लक्षण भी मिलते हैं। कहीं कहीं स्त्रियों की भारतीय वेशभूषा एवं मुखाकृतियां आम आदमी आदि के वृक्षों का समावेश, भारतीय मुद्राएं, पारदर्शी ओढ़नी, गोलाई लिए हुए शरीरांगों की रचना, बड़ी तथा अपभ्रंश शैली जैसी आंखे आदि यह स्पष्ट घोषित करती है कि जौनपुर शैली के ढंग की चित्रकला इस स्थान पर यथेष्ट लोकप्रिय थी।

नासिरूदीन के पश्चात् महमूद द्वितीय (1512–31) गद्दी पर बैठा। यह हिन्दुओं के प्रति बहुत सहनशील था और मंत्री मेदनीराय नामक हिन्दू था। उसकी हिन्दू समर्थक नीति से क्रूद्ध होकर गुजरात के मुस्लिम पठान राजा ने 1531 ई. में मालवा पर अपना अधिकार कर लिया। 1534 तक यह गुजरात के अधीन रहा और तत्पश्चात् बाज बहादुर को मालवा की सत्ता सौंप दी गई।

1554 ई. बाज बहादुर के गद्दी पर बैठने से परिस्थितियों में पुनः सुधार हुआ। रूपमती के साथ उसकी प्रणय गाथा लोक प्रसिद्ध है। संगीत तथा कविता का भी उसे शौक था और वह फारसी, अवधी तथा हिन्दी का अच्छा ज्ञाता था। अवधी कवि मुल्ला दाउद कृत 14वीं शती की एक रचना "लौर चन्दा" तथा संस्कृत कवि बिल्हण कृत "चोर–पंचाशिका" नामक प्रेमाख्यानक काव्यों का चित्रण सम्भवतः यहीं पर बाजबहादुर के समय हुआ। इन ग्रंथो के चित्रों की आकृतियां एवं चित्र योजना अपभ्रंश शैली के आरम्भिक राजस्थानी शैली में परिवर्तन के समय गुजरात, राजस्थान व जौनपुर में मिलने वाली विशेषताओं से युक्त हैं। पुरुषों को पठानों की भांति कुल्लेदार साफा पहने

अंकित किया गया है। शरीर पर झीना चाकदार अंगरखा या जामा है। स्त्रियों को लहंगा, चोली तथा पारदर्शी ओढ़नी पहनाई गई है। कुछ विद्वान इसे मेवाड़ में चित्रित मानते हैं।

1561 ई. में माण्डू को मुगलों ने जीत लिया। रानी रूपमती ने आत्मघात कर लिया और बाजबहादुर भाग खड़ा हुआ। 1570 ई. में उसने आत्म समर्पण कर दिया। आर्चर का विचार है कि यहीं से भागे हुए चित्रकार मेवाड़ पहुंचे जिन्होंने 1580 के लगभग ''गीत गोविंद'' तथा 1650 में ''रागमाला'' का चित्रण किया। कुछ चित्रकार गांवों में छिप गये होंगे। जिन्होंने 17वीं शती में तीन विभिन्न शैलियों का विकास मालवा में किया। ये तीनों शैलियां प्राचीन परम्परा में ही हैं।

इसमें प्रथम शैली प्राचीन माण्डू की शैली का ही विस्तार है। संयोजनों की सरलता, आकृतियों की, मुद्राएं रंगों की चटख तथा वास्तु एवं वृक्षों की स्पष्ट सीमायें, प्राचीन शैली के ही अनुसार है। मुद्राओं की कठोरता में किंचित परिवर्तन एवं रेखांकन में कुछ बारीकी का समावेश हो गया है। मुखाकृति की कोणात्मकता तथा वस्त्रों की पद्धति भी बदल गई है। नीला रंग अति महत्वपूर्ण रंग हो गया था।

दूसरी व तीसरी शैली निकटवर्ती राज्य नरसिंहगढ़ में विकसित हुई। यहां 1680 ई. में रागमाला के चित्र बने। इन चित्रों की सबसे बड़ी विशेषता अग्रभूमि में पत्रावली का आलेखन है। आकृतियों में अत्यधिक स्वाभाविकता आ गई थी। भवनों के पीछे तेज रंग की पृष्ठिका चित्रित की गई थी। भवन तथा मानवाकृतियों एवं वृक्ष सभी गहरे रंगों की पृष्ठ भूमि द्वारा उभारे गये हैं। इन चित्रों की एक विशेषता लहंगें के ऊपर झीनी साड़ी का अंकन है, जिसको ओढ़नी की भांति पहनाया गया है। संयोजनों में अपूर्व सरलता है।

यह शैली कुछ समय तक मालवा की कला में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। इसके उपरांत मालवा में अहमद नगर तथा दक्षिण का प्रभाव प्रमुख हो जाता है। फिर नीले एवं कोमल हरे रंगों का प्रभाव बना रहता है। संभव है अहमद नगर का 1600 ई. में पतन हो जाने पर वहां के चित्रकार उत्तर की ओर चल पड़े हो। 18वीं शती तक ये चित्रकार मालवा की कला में अपना प्रभाव धीरे–धीरे जमाते रहे क्योंकि 18वीं शती की ही कला में व्यापक रूप से परिवर्तन दृष्टिगोचर होते हैं। 19वीं शती के आरंभ में यहां कला का पतन हो गया। मालवा पर मराठों के निरंतर आक्रमणों से वहां की शांति भंग हो गई मालवा के अनेक कलाकार जयपुर, ओरछा आदि राज्यों में चले गये।

मालवा शैली में 1633 ई. तथा 1680 ई. में केशवदास–कृत रसिकप्रिया के चित्र 1660 ई. में पुहकर कवि की रसावली के सुखदेव नामक चित्रकार द्वारा अंकित चित्र 1650 ई. में भागवत पुराण, रामायण, 1675 ई. में देवी महात्मय एवं रूक्मिणी हरण आदि के भी चित्र अंकित किये गये।

उपरोक्त वर्णन से ज्ञात होता है मध्य भारत की चित्रकला में ''मालवा शैली'' का अधिक बोलबाला था उसी की ही प्रभुसत्ता थी। इसे जानने के बाद हम कह सकते हैं कि मध्य भारत में ''मालवा शैली'' ही पूर्णतः छाई हुई थी।

□□

पन्ना जिले की चित्रकला

डॉ. नरेश कुमार पाठक

चित्र मानवीय भावनाओं की सहज एवं सशक्त अभिव्यक्ति का सुन्दर आधार है। यही कारण है, कि मानव इतिहास के साथ ही चित्रकला का विकास अविछिन्न रूप से सन्नद्ध रहा है। चित्रकार रेखा और रंग के सहारे किसी आधारभूत सतह पर अन्तर्जगत तथा ब्रह्म जगत के उद्‌भूत भावों को साकार करता है। शिल्प शास्त्रों में चित्रकला को अन्य कलाओं में श्रेष्ठ माना गया है। वह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की दात्री है[1]। चित्र के छः अंग बतलाये गये हैं, रूप भेद, प्रमाण, भाव, लावण्य–योजना, सादृश्य तथा वर्णिका भंग[2]। सुन्दर चित्र के दर्शन मात्र से मानव के अन्त में छिपी सौन्दर्यानुभूति की तरंगे उद्वेलित होने लगती हैं। इन चित्रों को देशकाल की परिस्थितियों ने सतत् प्रभावित किया है। सांस्कृतिक उन्नयन के विभिन्न सोपानों के परिप्रेक्ष्य में ही क्षेत्र विशेष की चित्रकला का अध्ययन करना समीचीन होगा पन्ना जिले में मूर्तिकला, स्थापत्य कला जैसी अनेक कलाओं का बहुमुखी विकास हुआ चित्रकला के क्षेत्र में भी इस जिले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है[3]। दुर्भाग्य से इस जिले का व्यापक सर्वेक्षण नहीं हुआ है, जिससे इसका सही क्रमिक विकास नहीं मिलता है।

पन्ना जिले के विभिन्न स्थानों से प्रागैतिहासिक चित्र उपलब्ध हुये हैं। पन्ना जिले में बृजपुर में चित्रित शैलाश्रय का समूह जो पन्ना से उत्तर–पूर्व में लगभग 40 कि.मी. की दूरी पर बाधन नदी के तट पर स्थित है, और बृहस्पति कुण्ड के नाम से जानी जाती है। यहां पन्ना से रामखिरिया की ओर जाने वाली बस से भजना धरमपुर उतर कर पांच कि.मी. जंगली मार्ग से बृहस्पति कुण्ड जाना होता है। शैलचित्रों में शिकार, नृत्य और राजकीय जुलूस आदि के दृश्य हैं, इनमें मानवीय तथा पशुओं दोनों के चित्र दिखाये गये हैं। पशुओं में जिराफ विशेष उल्लेखनीय है[4]। यहां पर पांच सौ फीट लंबी चट्‌टानों की छाया में दूसरी चट्‌टान है, जिस पर चार सौ छपन्न फीट की लम्बाई तक बनी आकृतियों में बारह सिंह, घोड़े, गाय तथा हाथी जैसे दिखाई देने वाले पशुओं की सत्तानवें आकृतियां हैं। चलते–चलते पशुओं के बच्चों की छोटी आकृतियां पीछे को मुड़कर देखती हैं। पन्ना नगर से 15 कि.मी. दूर एक बराछ गांव है, यहां ऐतिहासिक गुफा है, गांव के समीप अकोलानाले पर स्थित इस स्थान पर प्रागैतिहासिक काल के मानव के चिन्ह दिखाई देते हैं। यहां के गेरू के धूसर लाल चित्रों से गुफाओं में रहने वाले मानवों के निवास के प्रमाण मिलते हैं, इन शैलचित्रों में मुख्यतः शिकार और त्यौहार के चित्र हैं। इनमें कुछ जंगली जानवरों का भी चित्रण है, ये शैलचित्र भीम बैठका के नव पाषाण कालीन शैलचित्रों की तरह हैं[5]। पन्ना से 20 कि.मी. दूर राष्ट्रीय उद्यान से लगे जरधोवा के जंगल से शैलाश्रय मिले हैं। इन शैलाश्रयों में लाल रंग से बने शैलचित्रों में शिकार का दृश्य में मुख्यतः हथियार तीर और कमान, जंगली जानवरों के चित्र भी हैं। स्थानीय ग्रामीण इन्हें खून की पुतरिया कहते हैं[6]। पन्ना तहसील में दिया से एक कि.मी. दूरी पर गढ़ी के पास खेर माता का स्थान है। यहाँ विन्ध्य कगार में चुरैलहा स्थल पर शैलचित्र बने हैं[7]। इनके अलावा पाताल कुण्ड

संग्रहालयाध्यक्ष, राजकीय संग्रहालय मंदसौर, मध्यप्रदेश

बेधक, धरमपुर के निकट हीरापुर, लखनपुर का सेहा मदार साहब, ग्राम सिलहटी थाना वृजपुरा, सिलहरा, चहला, सिद्धपुर, इटवां, सारंग, कोआ सेहा व देहलान चौकी के पहाड़ से शैलचित्र मिले हैं[8]। डॉ. एस.डी. त्रिवेदी का मत है कि पन्ना जिले में अच्छी प्रकार से सर्वेक्षण नहीं हो पाया है, यहाँ कुछ और शैलाश्रयों के मिलने की सम्भावनाएं हैं[9]।

बुन्देलाशैली के चित्र इस जिले में महाराजा छत्रशाल के समय से मिलते हैं, इनका राज्याभिषेक सन् 1687 ई. के प्रारम्भ में हुआ[10]।, पन्ना नगर में राधिका महारानी जू के मंदिर की एक प्राचीर पर प्राणनाथ जू के सम्मुख छत्रशाल 35×25 से.मी. आकार का चित्र है। चित्र की सभी आकृतियां पार्श्वगत हैं, इस चित्र में शीर्ष पर सौराष्ट्रीय टोप तथा गुजराती पगड़ी है, ऊर्ध्ववस्त्रों में कतैया गरगा तथा पतले कटि वस्त्र हैं। अधोवस्त्रों में पायजामा है। छत्रशाल की दाढ़ी, मूछे, कतैया, केश, बुन्देली हैं। महिला आकृतियों में चोली तथा धोती है। चित्र की पृष्ठ भूमि में अजयगढ़ का वातावरण है। इस चित्र की अनेक प्रतियां प्राप्त होती हैं। इस चित्र में श्वेत फालशाही काला, लाल पीला एवं हरा रंग का प्रयोग हुआ है। राधिका जू का मंदिर जो पन्ना धाम से किला नदी की ओर चलने पर मिलता है, इस मंदिर के प्रदक्षिणापथ में कृष्ण लीला के 93 चित्रों में से 36 चित्र अन्य चित्रों की प्रतिकृतियां है। यह चित्रण पार्श्वागत आकृतियों का है, जिनमें शीर्ष पर किरीट महिलाकृतियों में लहंगा, ओढ़नी तथा चोली है। रंगों में नीला, पीला, लाल, काला रंग है, ऐसा प्रतीत होता है, कि बुन्देली शैली के भित्ती चित्रों को पश्चिमी तड़क भड़क से प्रभावित होने के कारण अविकसित कलाकारों ने तेल चित्रण से पुर्नुदघाटित करके प्राचीन कलम का लोप कर दिया है। डॉ. महेन्द्र वर्मा के अनुसार इन चित्रों में मुगल तथा राजस्थानी शैली का प्रभाव है।[11] डॉ. एस.डी. त्रिवेदी ने यहां चित्रों का उल्लेख करते हुये लिखा है कि अधिकतर दृष्य कृष्ण कथानक से संबंधित हैं[12]। एक अन्य चित्र में पन्ना धाम तथा मुहल्ला के मार्ग सहित उभय पार्श्वीय आवासों को पाश्चात्य नेत्र दशा में चित्रित किया गया है। इनमें सभी चित्रण नेत्र के नीचे हैं। पन्ना में रागिनीयों का बहुत चित्रण हुआ है। इस प्रकार के चित्रण का विशाल संग्रह पन्ना के प्रणामी धाम में संग्रहित है। जिसमें लगभग 100 चित्र हैं। इन चित्रों में ''खण्ड मंजरी'' रागिनी मेर, रागिनी भैरवी, भालकोस की रागिनी, विलावल हिंडोल की रागिनी, देश वडारी, दीपक रागिनी प्रथम राग भैरू, ''रागमाला कोस'' पंचम रागिनी ''श्री राग'' विलास, श्री राग की रागिनी, गंधार सिंडोले के चित्र हैं, सभी चित्रों में ढेठ सवा चौड़ी हंगरी गोट है तथा पीली पृष्ठभूमि पर काले रंग से राग रागिनी के लक्षणों को बताने वाली चौपाईयाँ या दोहे लिखे हैं–

''शिव स्वरूप सिर गंग विराजे उज्जवल रूप तन छाजे।

वाडाम्बर बैठे अति सोहे। मैरू राग नारिपथ मोहे।''

राग रागिनियों के चित्रण में आकृतियां पोने दो चश्म तथा पार्श्वागत है। 'रागनी भैरवी' चित्र की पृष्ठ भूमि में भवानी महल दतिया जैसे स्तम्भ हैं। चित्रगत मंदिर के शीर्ष भाग में स्वर्ण का प्रयोग है। इन चित्रों के रेखाओं में विलक्षण सूक्ष्मता है। सभी आकृतियों के चंदन लेपित मस्तक हैं तथा

वस्त्र पारदर्शक हैं। चित्रगत प्रासाद या प्रासाद खण्ड श्वेत बनाये गये हैं। आकृतियों के चयन रसीले तथा शारीरिक अनुपात छः में सिर हैं। कलाकार के वस्त्र विन्यास में सर्वथा पारदर्शिता का प्रदर्शन किया है। छतरपुर की भांति आम तथा कदली वृक्षों का चित्रण यहां भी प्रचुर है। इन चित्रों के नीचे काले का मिश्रण हरा, श्वेत, लाल, पीला एवं काला रंग प्रयोग किया गया है।

पन्ना जिले का तहसील मुख्यालय अजयगढ़ जो बुन्देलों की एक रियासत भी थी, यहां अन्य कलाओं के साथ चित्रकला का अभ्युदय हुआ अजयगढ़ के चित्रों को त्रिवर्गों में विभक्त किया जाता है, प्रथम व्यक्ति चित्र द्वितीय घटना चित्र एवं तृतीय सामाजिक चित्र हैं। व्यक्ति चित्रों में प्राणनाथ जू देव के दरबार में छत्रशाला 23×12 से.मी. माप का चित्र है। चित्रगत पांचों आकृतियां पार्श्वगत है। छत्रशाल के शीर्ष पर पाग, भृत्यों के शीर्ष पर टोपियाँ तथा सौराष्ट्रीय टोप है। उर्ध्व वस्त्रों में कतैया, कटिवस्त्र बहुत विशाल तथा अधो वस्त्रों में पायजामा है। उपरोक्त चित्र का संयोजन नीली पृष्ठ भूमि के विरोधी हल्के रंग तथा गहरा लाल, श्वेत, काला तथा नारंगी रंगों का प्रयोग है। महाराजा जगतराज (1792–1837) ई. का व्यक्ति चित्र 31×23 से.मी. नाप का है। पार्श्वगत आकृति के शीर्ष पर पाग, ऊध र्व वस्त्रों में कतैया विशाल कटि वस्त्र पश्चात् चित्र ही छोड़ना पड़ा है। महाराजा बख्त सिंह (1792–1837 ई.) का 48×25 से.मी. नाम व्यक्ति चित्र है। आप चित्रगत आकृति पौने दो चस्म है। जिसके ऊपर उठी हुई मण्डील, उर्ध्व कतैया तथा कंधों से पड़ा हुआ दुपट्टा कुहनियों के निकट समाप्त हो जाता है। अधोवस्त्र धोती चित्रित की गई है। महाराजा माधव सिंह (1837–1849 ई.) महाराज जसवंत सिंह जू देव के ज्येष्ठ पुत्र थे। चित्र की माप 30×23 से.मी. तथा आकृति पार्श्वागत है। शीर्ष पर वटी हुई मण्डली ऊर्ध्व वस्त्रों में मुड़ी हुई बाहों ग्वालियरी शैली का कतैया तथा विशाल कटिवस्त्र है। चित्रों नीला, लाल, श्वेत, काला तथा हल्का नारंगी रंग का प्रयोग किया गया है। महाराजा महीपत सिंह जू देव (1849–1853 ई.) महाराजा माधव सिंह जू देव के अनुज तथा उत्तराधिकारी थे। पार्श्वगत आकृति का शीर्ष पगड़ी अलंकृत है। ऊर्ध्व वस्त्र शैली कतैया ग्वालियरी शैली का तथा कटि वस्त्र इतना विशाल है, कि त्रिकोणास्थि को आच्छादित कर लेता है। चित्रों में श्वेत, नीला, काला, फालशाही तथा पीले रंग का प्रयोग किया गया है। राजा परीक्षित द्वितीय का 19वीं शती के तृतीय–चतुर्थ चरण के चित्र की माप 30×20 से.मी. है। दरबार में चार पार्श्वगत आकृतियां है। छड़ी वरदार के शीर्ष पर मण्डीप, ऊध र्व वस्त्रों में कतैया ग्वालियरी शैली, बाहें मुट्ठी तथा कटि वस्त्र विशाल है। चित्र में हल्का नीला पृष्ठ भूमि में, श्वेत भवन खण्डों में, लाल गांव तकिया की गोट पकड़ी तथा द्वारा पार्श्वो में विभक्त करके प्रयोग किया गया है। हुक्का का निचला भाग रजत वर्णयुक्त है। जुलिफकार बहादुर–बादा के नवाब जुल्फिकार बहादुर, पौने दो चश्म आकृति है, जिसके शीर्ष पर लम्बा टोप, कोट तथा कसा पायजामा है। वाम हस्त में धूम्रपान करने की नाल तथा दाहिने हस्त में कृपाण है। रंगों में फालशाही, नीला, काला तथा श्वेत का प्रयोग किया गया है। बिजे बहादुर (1853–1885 ई.) का चित्र 21×15 से.मी. नाप का है। चित्र की आकृतियां पार्श्वगत, आकृतियों के शीर्ष पर प्रडिया, ऊर्ध्व वस्त्र कर्ता तथा पायजामा है, घोषणा कर्ता तथा हुक्का धारण की किशोरावस्त्रा छड़ी धारक को प्रौढ़ावस्था का चित्रण कलाकार ने सफलता से किया है। चित्र में केश विन्यास मंगल है।

अजयगढ़ के घटना प्रधान चित्रों में 19×15 से.मी. नाप का चित्र राजदरबार का है। चित्र में पौने दो चश्म तथा पार्श्वागत आकृतियां हैं। आकृतियों के शीर्ष पर बुन्देली पान ऊर्ध्व वस्त्रों में कुदिया की बगल बन्दी विशालकटिवस्त्र तथा अधोवस्त्र में गरगा तथा पूरे पायजामें है। राजाओं की आकृतियों में लटकता हुआ कटि वस्त्र का एक छोर तथा शीर्ष आकृतियों के कटि वस्त्र का भाग नहीं बनाया गया है। चित्र में काली, पृष्ठ भूमि, लाल तथा हरे के विरोध में बनाई गई है। सुनहरा, पीला, काला रंग प्रयोग है। नारंगी रंग गोट में प्रयोग किया गया है। घटना प्रधान अन्य चित्र युद्ध का है, जिसका माप 31×23 से.मी. है। चित्र में 79 आकृतियां है तथा विशाल गुम्बदों युक्त पारिवारिक निवास योग्य प्रासादीय किला की आकृतियों में आम्ल एवं बुन्देली परिधान है। केवल परिधान में शीर्ष पर मण्डलीज तथा पाग ऊर्ध्व वस्त्रों में कतैया विशाल कटि वस्त्र अधोवस्त्रों में पायजामा तथा धोती है। चित्र में रेखायें बारीक हैं। निकटस्थ तथा दूरस्थ आकृतियों में विशाल एवं लघुता दिखाकर परिप्रेक्ष्य का निर्वाह किया गया है। अजयगढ़ की घटना प्रधान अन्य चित्र 30×24 नाप का है। अन्तपुर में क्षमा याचना चित्र में छः आकृतियों पौने दो चस्म तथा पार्श्वगत है, राजा की शयन भंगीमा में शीर्ष पर मण्डली, ऊर्ध्व वस्त्र में कतैया, विशाल कटि वस्त्र तथा अधोवस्त्र में पायजामा है। कतैया की बाहें ग्वालियरी शैली की है। महिला आकृतियों में लहंगा, चोली, ओढ़नी, तथा ऊपर भी अन्य ओढ़ा हुआ दिखाया गया है। स्त्रियों के चेहरों की बनावट तथा चेहरों में विविधता है, आंखें बड़ी शक्तिशाली प्रभावशाली एवं सुन्दर हैं, होठों पर ताम्बुल का प्रभाव तथा उदर प्रदेश सुन्दर है। हुक्के की नाल विशाल है।

13, अर्जुनपुरी, इमली फाटक, जयपुर।

राजस्थानी चित्रण शैली में अधिकांश रूप में खनिज रंगों का ही प्रयोग अधिक किया गया है कुछ खनिज रंग बारीक चूर्ण के रूप में उपलब्ध होते हैं तथा कुछ रंग ठोस पत्थर के रूप में इन्हें भी बारीक चूर्ण के रूप में लाकर रंग बनाया जाता था। रंगों की प्राकृतिक अवस्था अशुद्ध होती थी अतः रंगों को पानी में घोलकर बार–बार निथार कर उन्हें शुद्ध किया जाता था। इससे उनकी अशुद्धियाँ नीचे बैठ जाती थीं तथा ऊपर का शुद्ध रंग का घोल किसी अन्य बर्तन में निकाल कर पुनः पानी निथार कर पृथक कर दिया जाता था। इस क्रिया से रंगों का शोधन किया जाता था। इसके पश्चात् इन्हें सुखा कर चित्रणकार्य में आवश्यकतानुसार रंगों में माध्यम हेतु गोंद या सरेस मिलाकर प्रयुक्त किया जाता था।

1. खनिज वर्ण – खड़िया (White) गेंरू (Burnt sienna) हिरमिच (Indian Red) रामरज (Yellow ocher) हरा भाट्टा (Terraverde) मुल्तानी मिट्टी, लाजवर्द (Lapis lazuli) दानाफा रंग (Melakite) हजरते बेर (Oft white) शिगंरफ (Cinnabar) हरिताल तबकिया (Orpiment) सोना (Gold) चांदी (Silver) रांगा (Tin) सुरमा आदि।

2. रासायनिक वर्ण–जिंक आक्साइड (White) सिन्दूर (Vermilion) पेवडी (Chrome or lamon yellow) गऊ गोली (गोगिल गाय की मिट्ट) (Indian Yellow) काजल (lamp black) रसोई का धुआं (Smoke) जगांल (Bluish green) सीलूं (Emrelled green) चाइनीज नाम सी का अर्थ पत्थर लुं का हरा अर्थात् पत्थर का हरा जापानी में "रोकश्यों" मेन्सिल (Orange) नील (Light Blue)

3. वानस्पतिक वर्ण–देशी नील (Indigo) महावर, लाख (Lack) (Crimson) रसौत (Baraberi) सारेरेवन, मूंगा की जड़ (Coral) कैसूला के फूल

4. जैविक वर्ण– शंख सीप का सफेद (Shell White) कृमिदाना (Cochineal) सोनकिरवा (Beetle wings) गौरोचन।

वर्ण निर्माण विधी – खडिया, गेरू, हिरमिच, रामरज, हराभाट्टा आदि रंगों को उपरोक्त विधि से निथार कर शुद्ध किया जाता है। तत्पश्चात् गोंद मिलाकर चित्र में प्रयुक्त किया जाता है।

लाजवर्द (Lapis Lazuli) लाजवर्द बहुत ही कीमती पत्थर है इससे जो रंग बनता है वह लाजवर्दी कहलाता है। इसे बहुत ही स्थाई वर्ण माना गया है। इसके प्राप्ति स्थान अफगानिस्तान तथा फारस थे। अजन्ता के चित्रों में इस रंग का प्रयोग मिलता है। मुगल चित्रकारों ने भी इस रंग का अधिक प्रयोग किया है ताड़ पत्रीय ग्रन्थों में इस रंग का प्रयोग नहीं हुआ है। अपभ्रंश काल के कागद पर बने चित्रों में लाजवर्दी प्रिय रंग कहा रहा है।

लाजवर्द का रंग बनाने हेतु गहरे नीले पत्थर अर्थात् जिसमें सफेदी का अंश कम होता था उसी को रंग बनाने के लिए अधिक उत्तम समझा जाता था। या फिर इसके छोटे–छोटे टुकड़े कर सफेद पत्थर के अंश को निकाल दिया जाता था क्योंकि सफेद अंश रहने से रंग हल्का हो जाता है। बारीक छोटे–छोटे लेपिस पत्थर के टुकड़ों को किसी पत्थर की खरल में थोड़े पानी व नींबू रस

के साथ खूब घोटा जाता है। इसे खरल में चार या पांच दिन तक बराबर घोटना पड़ता है। खूब खरल करने से रंग चमक युक्त बनता है। खरल होने के बाद इसमें खूब पानी भरकर छोड़ दिया जाता है कुछ घन्टों के बाद रंग नीचे बैठने पर ऊपर से उस पानी को निथार दिया जाता है। यह पानी निथारने की क्रिया तीन चार बार दोहरानी होती है जिससे रंग अच्छी तरह से शुद्ध होकर चमक युक्त बन जाय। रंग शोधन क्रिया के समय कुशल चित्रकार इसमें से विभिन्न रंगों को अलग अलग निकाल लेता है। इसमें कुछ मोटे दाने के रूप में गहरी रंगत उससे हल्की दानो वाली कुछ कम गहरी तथा बारीक पिसी हुई बहुत हल्की नीली रंगत में होती है। सूखने के पश्चात् आवश्यकतानुसार लेकर चित्रकार गोंद अथ मिलाकर चित्र में प्रयुक्त करता है।

दानाफा रंग (Melakite)

इससे पन्नई हरा रंग बनाया गया है। यह भी काफी कीमती पत्थर के रूप में मिलता है। यह बहुत ही स्थाई रंग है। मुगल कलाकारों का बहुत प्रिय रंग रहा है। इसके भी निर्माण की प्रक्रिया लेपिस लाजुली की ही भाँति शुद्ध कर चित्र में प्रयुक्त किया गया है।

हजरते बेर

यह पत्थर के रूप में उपलब्ध होता है। इसका प्रयोग औषधि में भी हुआ है। इसका आकार बड़े बेर या सुपारी के समान होता है। इसको तोड़ने पर सुपारी की ही भाँति इसमें धारियाँ सी बनी हुई प्रतीत होती हैं, ईरान एवं सिन्ध के इलाके में प्रायः इसका उपलब्ध स्थान माना गया है। इसे भी पत्थर की सिल पर खूब घिस कर एवं नितार कर शुद्ध किया जाता है। चित्र में गोंद मिलाकर इस वर्ण को प्रयुक्त किया गया है।

शिगंरफ (Cinnabar)

इससे जो रंग बनता है उसे हिगूल या शिगंरफ कहा गया है। शिगंरफ दो प्रकार का होता है एक तो रूमी शिगंरफ व दूसरा काठा। चित्रण हेतु रूमी शिगंरफ को ही प्रयुक्त किया गया है। इस शिगंरफ में पतली–पतली चमकीली सुइयां सी होती हैं क्योंकि इसमें पारे की मात्रा पाई जाती है यदि इसे थोड़ी ऊँचाई से गिरा दिया जाय तो इसकी छोटी–छोटी खील हो जाती है। खरल में इसके छोटे–छोटे टुकड़े कर भेड़ के दूध के साथ पानी डाल कर पन्द्रह या बीस दिन तक खूब घोटा जाता है खूब बारीक घुट जाने के पश्चात् उसमें पानी भर कर रात भर के लिए छोड़ दिया जाता है इससे पिसा हुआ शिगंरफ नीचे बैठ जाता है। व पानी के ऊपर एक प्रकार के पीले रंगों की परत जमा हो जाती है उसे बड़ी सावधानी के साथ निथारकर पानी सहित बाहर निकाल दिया जाता है। यह क्रिया दो तीन बार करनी होती है। इस क्रिया से भेड़ के दूध की चिकनाहट व उसकी वह पीली परत जो रंग के लिए हानिकारक होती है निकाल दी जाती है। पुनः इसमें नींबू का रस डालकर खूब खरल करना होता है। तत्पश्चात् इसमें भी पानी भर कर छोड़ दिया जाता है कुछ घन्टों पश्चात् शिगंरफ के नीचे बैठने के पश्चात् बड़ी सावधानी के साथ उस पानी को निथार कर बाहर कर दिया जाता है। यह क्रिया

तीन चार–बार दोहरायी जाती है। इससे रंग पूर्ण शुद्ध हो जाता है। शुद्ध होकर हिंगूल के रूप में तैयार होता है लाल रंगों में हिगूल रंग को सभी रंगों में श्रेष्ठ व सुन्दर माना गया है। राजस्थानी कलाकारों का यह बहुत प्रिय रंग रहा है। फलक एवं भित्ति चित्रों में इसका बहुत अधिक प्रयोग हुआ है। यह भी बहुत स्थाई रंग है, इसका प्रयोग भी गोंद व सरेस के साथ चित्रों में हुआ है।

हरिताल तबकी (Orpiment) पीतवर्ण

विष्णु धर्मोत्तर पुराण में हरिताल को रंगने वाला पदार्थ माना गया है। मध्य कालीन ताड़ पत्रीय ग्रन्थों में हरिताल का प्रयोग त्रुटि शोधन के लिए किया जाता था। हरिताल की दो श्रेणियां मानी गई हैं। प्रथम गोदन्ती दूसरी तबकी हरिताल। रंग के लिए तबकी हरिताल को ही चित्रों में प्रयुक्त किया गया है। इससे पीला (पीत) रंग बनाया गया है राजस्थानी चित्रों में भी इसका अधिक प्रयोग हुआ है। इससे मिश्रित रंग अधिक बनाए गये हैं। हरिताल के शुद्ध करने के लिए पत्थर की खरल में थूहर (घोटा थोर) के थोड़े दूध के साथ खूब घोटा जाता है हरिताल खूब घोटने पर बारीक पिस जाने के बाद इसमें पानी डालकर छोड़ दिया जाता है। कुछ समय बाद हरिताल के नीचे बैठ जाने के पश्चात् ऊपर के पानी को बड़ी सावधानी से निकाल दिया जाता है। ये क्रिया दो तीन बार करनी होती है। जिससे उस पानी के साथ थूहर के दूध की चिकनाहट भी निकल जाती है। पुनः इसमें भी शिगंरफ की ही भाँति इसमें भी नींबू रस डाल कर शुद्ध किया जाता है। गोंद मिलाकर चित्रण हेतु प्रयुक्त किया जाता है। इसकी रंगत में नीबूंई रंग की झलक होती है। मिश्रित रंग में हरा रंग बनाने के लिए इसका प्रयोग हुआ है। नील एवं हरिताल के पीले से मूंगिया हरा बनता है। तरबूजी बनाने में काजल, हरिताल और नील का मिश्रण किया जाता है।

सोना (Gold Powder)

स्वर्ण बाजार में वर्क (तबक) के रूप में मिलता है। चित्रों में इसका प्रयोग दो विधियों से किया गया है। एक तो सीधे स्वर्ण पत्रों को चिपका कर व दूसरा स्वर्ण का चूर्ण बनाकर। स्वर्ण चूर्ण को हिलकारी नाम से मुगल कलाकारों ने सम्बोधित किया। स्वर्ण हिलकारी बनाने के लिए विशेष पद्धति को अपनाया गया है एक चीनी मिट्टी की या तामचीनी की प्लेट जो कि बिल्कुल साफ (स्मूथ) हो अर्थात् उसकी सतह में खुरदरा पन न हो लेकर उसमें थोड़ा गोंद का बारीक पिसा हुआ चूर्ण एवं थोड़ा शहद डालकर उसका पेस्ट बनाले वह पेस्ट प्लेट की सतह पर चारों ओर चिपक जायेगा। जब धीरे–ध ीरे उसमें ताव आजाये अर्थात् चलते–चलते कुछ हाथ रुकने लगे एवं उसको छूने से चिटचिट की आवाज आये तब स्वर्ण पत्र को बड़ी सावधानी से उस पर चिपका कर हाथ के अंगूठे या फिर हथेली के नीचे वाले भाग से धीरे–धीरे घोटना चाहिए इसमें जल्द बाजी नहीं करना चाहिए नहीं तो सोना मोटे रूप में रह जायेगा वह बारीक पीसना चाहिए। घोटते समय यदि रूकावट आने लगे तो उसमें थोड़ी मात्रा में पानी का छिंटा लगाकर उसी क्रिया को पुनः दोहराना चाहिए। इस प्रकार एक–एक कर जितने भी स्वर्ण पत्रों की हिलकारी बनानी हो उसे घोट देना चाहिए। जब सारे पत्र उस पेस्ट के साथ घुट जायें तो पुनः उसे एकत्रित कर खूब घोटना चाहिए जब लगे कि सारे पत्र बारीक पिस गये तो उस

पेस्ट को उसी प्लेट में एकत्रित कर उसमें शुद्ध जल भर दें कुछ घण्टों के पश्चात् स्वर्ण चूर्ण नीचे बैठ जायेगा तब उसका ऊपर का पानी बड़ी सावधानी से निकाल देना चाहिए यह क्रिया तीन या चार बार दोहरानी होती है। जिससे मिला हुआ गोंद एवं शहद पानी के साथ बाहर निकल जाय। पुनः इसमें पानी भरकर नींबू की तीन चार बूंद डाल कर कुछ समय के लिए रख दे पुनः उसी क्रिया को अपनाते हुए यह पानी भी बाहर निकाल दे इस क्रिया को भी दो तीन बार करनी होती है। इससे स्वर्ण चूर्ण बिल्कुल शुद्ध हो जाता है इसे सूखने पर किसी काँच की शीशी (ढक्कन युक्त) में भरकर रख देना चाहिए। चित्रण हेतु आवश्यकतानुसार किसी तामचिनी की छोटी प्लेट में लेकर उसमें गोंद या सरेस मिलाकर चित्र में प्रयुक्त किया जाता है। चित्र में लगाने के पश्चात इसमें चमक पैदा करने हेतु इस स्थान को अकीक पत्थर (ऐगेट पत्थर) से घोटा जाता है जिससे उसमें चमक आ जाये।

स्वर्ण पत्रों को चिपकाने की विधि

चित्रों में स्वर्ण पत्रों को गोंद, सरेस व वत के माध्यम से चिपकाया जाता है स्वर्ण पत्र चिपकाने के लिए अभीष्ट स्थान पर पहले गर्म सरेस गोंद या बत से ब्रश द्वारा लगा दिया जाता है। चित्र में जितने स्थान पर स्वर्ण पत्र चिपकाना होता है उससे कुछ बड़ा स्वर्ण पत्र कैंची से दोनों पेपर सहित काट लिया जाता है। अभीष्ट लगे हुए सरेस या गोंद या बत को अंगुली से छूकर उसका ताव देखा जाता है कि स्वर्ण पत्र इस स्थान पर चिपकाने लायक हुआ या नहीं यदि उसके ताव आने में कुछ कमी हो तो उसे कुछ समय के लिए और छोड़ दिया जाता है, पुनः जब अंगुली उस अभीष्ट स्थान पर थोड़ी–थोड़ी चिपकने लगे या चिट–चिट की सी आवाज आये तो समझा जाता है कि यह स्थान अब स्वर्ण पत्र के चिपकाने योग्य हो गया। तब उस पर वह कटा हुआ स्वर्ण पत्र उठाकर उसका एक तरफ का लगा हुआ पतला पेपर हटा कर बड़ी सावधानी के साथ उस स्थान पर हल्के से रख दिया जाता है। इसके बाद रुई से हल्का–हल्का उसे दबाया जाता है ताकि पत्र चिपक जाये। चिपके हुए स्वर्ण पत्र को पूर्ण रूप से सूखने के पश्चात् किसी पंख या साफ सूखे ब्रुश से झाड़कर स्वर्ण पत्र के चारों ओर के किनारों को साफ कर दिया जाता है।

उपरोक्त विधि से स्वर्ण पत्र के चिपके हुए स्थान पर चित्रण कार्य करने से पूर्व चित्रकार को उस पर अरीठे का पतला पानी या अण्डे की सफेदी का पतला अस्तर ब्रुश द्वारा लगाना अनिवार्य होता है यदि ऐसा नहीं करते हैं तो चिपकाये हुए स्वर्ण पत्र पर रेखाकिंत कार्य नहीं हो पायेगा। अतः यह क्रिया कर ही स्वर्ण वाले स्थान को बारीक अलंकरण या रेखांकित कर सकते हैं।

रांगे की हिलकारी (Tin Powder)

रांगे की हिलकारी को मेवाड़ में कतीर कहां गया हैं। चित्रों में इसका प्रयोग चांदी के स्थान पर अधिक हुआ है। क्योंकि यह बहुत ही स्थाई रंग है। चांदी जल्दी ही काली पड़ जाती है। इसका प्रयोग कागज एवं पट्ट चित्रों में अधिक हुआ है। इसको भी सरेस के साथ प्रयुक्त किया गया है। चित्र में लगाने के पश्चात् इसकी भी अकीक पत्थर (ओपनी) से घुटाई की जाती है जिससे इस रंग में चांदी की ही भांति चमक आती है।

रासायनिक वर्ण

काजल (Lamp black)

इसे स्याह काला रंग कहा गया है। काजल बनाने के लिए एक बड़े मिट्टी के दिये में तिल्ली का तेल भरकर उसमें रुई की बत्ती डालकर बाती को जलायें अब दीपक के ऊपर कांसे की थाली में पानी भरकर इस तरह रखना चाहिए कि थाली का पैंदा दीपक की लौ से ऊपर रहे। ताकि काजल उस थाली के नीचे वाले पैंदे पर ही चिपकता रहे। यदि पानी गर्म हो जाये तो उसे थाली को हल्के से उठा कर उसका गर्म पानी बाहर फैंक दे व ठण्डा पानी भरकर उस दीपक पर पुनः रख दें। इससे थाली के पुनः ठण्डी होने पर काजल और अच्छे से चिपकेगा। इस क्रिया से काजल एकत्रित हो जायेगा इस एकत्रित हुए काजल को किसी काँच की शीशी में भर कर रखना चाहिए चित्र में प्रयुक्त करने से पूर्व उसको किसी प्याली में सीधा ही पानी डालकर घोलने का प्रयत्न करेंगे तो वह नहीं घुल पायेगा क्योंकि उसमें चिकनाहट बहुत है इसलिए इसमें पानी से पूर्व आकड़े के दूध की कुछ बूंदें डालकर इसे घोटेंगे तभी वह पानी व गोंद के साथ घुट पायेगा तत्पश्चात् ही इसे चित्र में प्रयुक्त कर सकते हैं।

जंगाल

यह नीलापन लिए हरा रंग होता है। 15 वी.श. के बाद के चित्रकारों का यह प्रिय रंग रहा है। यह फलक चित्रों में ही अधिक प्रयुक्त हुआ है। इसे बनाने के लिए सेर भर ताम्बे का चूर्ण और नौसादर सेर भर इन्हें मिट्टी के किसी पात्र में डालकर मिश्रित करने के तत्पश्चात् उसमें सिरका रस अधिक मात्रा में डालकर उसे मिश्रित कर उस बर्तन के आवरण को किसी चीज से बंद कर मिट्टी में गढ्ढा खोद कर चालीस दिन तक के लिए गाढ़ दिया जाता है। चालिस दिन पश्चात् उसे निकाल कर जंगाल को खरल किया जाय उसके बाद छाया में सुखा दें। इस क्रिया से जंगाल बहुत ही उत्तम बन जायेगा। चित्रों में इसे सरेस के साथ प्रयुक्त किया गया है। ज्यादा पुराना होने पर चित्र में काले–काले से धब्बे हो जाते है एवं कागज को भी काट देता है लेकिन यह सुन्दर रंग होने के कारण कलाकारों ने इसे अधिक प्रयोग में लिया है।

वनस्पति वर्ण

महावर लाख (Lack)

लाख से रंग बनाने की प्रक्रिया–मध्य कालीन राजस्थानी चित्रकारों ने लाख से विभिन्न प्रक्रिया द्वारा अलग–अलग रंगतों में लाख को प्रयुक्त किया है इससे जो लाल रंग बनता है उसे महावरी रंग कहा गया है। इसका प्रयोग राजस्थानी फलक व पट चित्रों में खूब हुआ है। इसके लिए पीपल, कुसुम, पलास व बेरी की लाख को रंग हेतु प्रयुक्त किया गया है। लेकिन पीपल व कुसुम की ही लाख को अधिक उपयुक्त माना गया है।

सामग्री

2 सेन निर्मल जल, 1 सेर लाख दाना, 1 तोला पठानी लोध, 1 तोला सुहागा चूर्ण लाख दाना को साफ कर किसी मिट्टी के बर्तन में डालकर उसे पानी से भर दे और रात भर उसे भीगने हेतु छोड़ दिया जाय। लाल महावरी रंग बनाने हेतु इसे मिट्टी के बर्तन में चूल्हे की आंच पर पकाना अनिवार्य होता है गर्म पानी में लाख पकने के थोड़ी देर बाद उसमें पठानी लोध व सुहागा चूर्ण रूक–रूक कर थोड़ी–थोड़ी मात्रा में डालते जाये इस प्रक्रिया से लाख दाना गर्म पानी में पूर्ण रूप से गल जाने पर उसमें एक प्रकार का लाल अर्क निकलता है जो महावरी रंगत लिए होता है जाँच हेतु इसे थोड़ा कलम द्वारा किसी कागज पर रेखा लगाकर देखा जाता है यदि यह फैलता है तो उसमें पुनः थोड़ी पठानी लोध एवं सुहागा डाल कर कुछ देर और पकाना होता है यदि कागज पर लगाई रेखा का रंग नहीं फैलता है तो उसे आँच पर से उतार कर किसी अन्य बर्तन (थाली) में छान लिया जाता है व कुछ समय बाद ठण्डा होने पर उसमें रूई के गुच्छे छोड़ दिये जाते है इस क्रिया से तमाम रंग उन गुच्छों में जमा हो जाता है पूर्ण रूप से ठण्डा होने पर गुच्छा सख्त हो जाता है इन रंग युक्त गुच्छों को ''चूखा'' नाम से सम्बोधित किया गया है। चित्र में प्रयुक्त करने के लिए थोड़े पानी में इसे घिस कर सीधे ब्रुश के माध्यम से लगाया जाता है। यह चित्रकारों का बहुत ही प्रिय रंग रहा है। यदि इस लाख को ताम्बे के बर्तन में पकाया जाये तो यह हरी रंगत लिए हुए होगी व लोह के बर्तन में पकाने से बैंगनी रंगत जैसी होगी।

जैविक कर्ण

कृमिदाना (Cochineal) इससे गुलाबी लाल रंग बनाया गया है यह दो शब्दों से मिलकर बना है प्रथम कृमि अर्थात् कीड़ा द्वितीय दाना दोनों को मिलाकर/कृमिदाना यह एक प्रकार का कीड़ा है जो केकती Cacti पेड़ पर पाया जाता है। रंग हेतु मादा कीड़े को ही प्रयोग में लिया गया है इस रंग का प्रयोग ताड़ पत्रीय ग्रन्थों में कम किन्तु कागज के चित्रों में बहुतायत से हुआ है। संस्कृत साहित्य में कैरमस को रंग के लिए नहीं बताया केवल कीटों से उपलब्ध होना बताया है। दिगम्बर जैन भी भागवती आराधना की गाथा 567 में यह वर्णित है कि कृमि रंग कीड़ों द्वारा बनाया जाता था तथा मूल्यवान चादरें रंगने के काम में आता था। इस रंग की उत्पत्ति भारतीय नहीं इसका मूल केन्द्र समरन्द तथा फारस था। 17 वीं शताब्दी में कैरमस का भारत में आयात किया गया। यह नाम अरबो का दिया गया है। मध्य कालीन लैटिन में कैरमेसिनम है जो इटली में ''क्रेमिसिनो' फ्रेंच में क्रैमोइसी तथा इंगलिश में क्रिमजन हो गया।

रंग बनाने के लिए कृमिदाना एक भाग तथा कुछ मात्रा में पठानी लोध का पीसा चूर्ण के साथ सूती कपड़े में बांधकर पोटली को निर्मल जल में सारी रात भीगा रहने दे। पुनः उसे धूप में या हल्की आँच देकर गर्म किया जाता है 'गर्म होने से उसमें गुलाबी गहरा लाल अर्क निकलने लगता है उसके बाद उसे छानकर किसी शीशी में भरकर रख लिया जाता है पठानी लोध से रंग का मैल कटता है तथा रंग अच्छा बनता है भित्ति चित्रों में इसका प्रयोग नहीं हुआ है।

सोन किरवां (Beetle Wings)

यह एक प्रकार का उड़ने वाला कीड़ा है जो कुछ चमक युक्त हरापन लिया हुए होता है। इसके पीठ वाले एवं पंख भाग को एकत्रित किया जाता है इसका प्रयोग चित्रण में आभूषणों के स्थान पर किया गया है। आभूषणों में इसके पन्नई रंग को दर्शाने हेतु बीच–बीच में किया गया है। चित्रों में प्रयुक्त करने हेतु चिपकाने से पूर्व इसकी हल्की–हल्की सी कटिंग कर उसे वैसा ही रूप देकर अभीष्ट स्थान पर सरेस के साथ चिपका दिया जाता है। राजस्थानी चित्रों में इसका प्रयोग बहुत कम हुआ है। जयपुर एवं बीकानेर शैली के चित्रों में इसका प्रयोग दर्शित होता है। विशेषकर बसोली शैली के चित्रों में अधिक प्रयोग मिलता है।

❑❑

नालन्दा की भित्ति चित्रकला

डा. विनोद कुमार यादव

भारत के इतिहास में बिहार का गौरवपूर्ण स्थान रहा है, इस भू–भाग ने न केवल राजनीतिक, धार्मिक तथा सामाजिक क्षेत्र का नेतृत्व किया है, बल्कि कला के क्षेत्र में भी इसका योगदान अद्वितीय रहा है। इसी बिहार की राजधानी पटना से 90 किमी. दक्षिण–पूर्व तथा राजगीर से 11 किमी. उत्तर में नालन्दा स्थित है।[1] पांचवी शताब्दी में कुमार गुप्त प्रथम द्वारा अपनी स्थापना से लेकर तेरहवीं शताब्दी में बख्यितार खिलजी द्वारा अन्त किए जाने तक नालन्दा देश–विदेश में अपने ज्ञान–विज्ञान, संस्कृति एवं कला के लिए विख्यात था। लगभग सात शताब्दियों के लम्बे काल में यहां के कलाकारों ने कला की न केवल गचकारी, पाषण एवं कांस्य बल्कि चित्रकारी के माध्यम से भी अभिव्यक्ति की थी। हालांकि ये चित्रकारियां लम्बे समय तक पूर्णरूपेण सुरक्षित नहीं रह सकती थीं, फिर भी जो आज उपलब्ध हैं, उनसे स्पष्ट है कि नालन्दा के चित्रकार इस विधा में पारंगत थे।

नालन्दा के भग्नावशेषों में स्तूप स्थल संख्या 14 से सबसे पहले चित्रकला के नमूने प्राप्त हुए।[2] घोष ने अपनी पुस्तक 'नालन्दा' में लिखा है कि इस मन्दिर की कुर्सी में रंगीन चित्रकारी का चिह्न मिलना अत्यन्त रोमांचक घटना है, क्योंकि नालन्दा में रंगीन भित्तिचित्र का यही एकमात्र उदाहरण बचा है; वह भी इसका बचा हुआ भाग खण्डित अवस्था में है तथा केवल शेर व हिरन की आकृति ही दृश्य है।[3] हालांकि यह नमूना भी अब विनष्ट हो चुका है, फिर भी इससे स्पष्ट होता है कि पाल काल से पूर्व ही नालन्दा में भित्तिचित्रकारियां होने लगी थीं।[4] इसके पश्चात् नालन्दा से तब तक भित्तिचित्र का कोई उदाहरण नहीं मिला, जब तक कि सरायटीले का उत्खनन नहीं हो गया। सरायटीले का उत्खनन 1974 ई. से 1982 ई. तक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, पटना की देखरेख में सम्पन्न हुआ, जिससे भित्ति चित्रकला के आकर्षक नमूने दृष्टिगोचर हुए। यहीं से पूर्णवर्मा का एक अभिलेख भी प्राप्त हुआ है जिसकी लिपि 7वीं–8वीं शताब्दी मानी गयी है।[5] सरायटीले से उत्खनित मन्दिर के गर्भगृह की दीवारों के चारों तरफ भित्ति चित्रकारियां की गयी हैं। गर्भगृह से एक विशाल प्रतिमा पादपीठ भी प्राप्त हुआ है जो 8 मीटर लम्बा है। मन्दिर के विशाल पादपीठ की दो पक्तियों में बने पाषाण फलक के ऊपरी हिस्से में बेलबूटे तथा निचले हिस्से में मानवीय एवं जन्तु आकृतियां चित्रित की गयी हैं।[6] मन्दिर की दीवारों पर भी चित्रकारियां की गयी हैं। जिनमें से कुछ चित्रकारियां नष्ट हो चुकी हैं तथा कुछ अस्पष्ट हैं। चूना पुती दीवार के ऊपर हिस्से में लाल रंग से बनी कुछ मानव आकृतियां दिखाई पड़ती हैं तथा दीवार के निचले हिस्से में लाल, नीले तथा पीले रंग की ज्यामितीय एवं वानस्पतिक अलंकरण द्रष्टव्य हैं।[7]

नालन्दा से मिले भित्ति चित्रों के अवशेष सीमित मात्रा में हैं, इसलिए उनका समय निर्धारण करना कठिन है, क्योंकि सरायटीले के उत्खनन से जिस मन्दिर का अवशेष मिला है वह तो प्राचीन है, परन्तु उस पर बनी भित्ति चित्रकारियां अपेक्षाकृत बाद की हैं।[8] नालन्दा से बुद्ध की एक विशाल

पोस्ट डॉक्टोरल फेलो, राष्ट्रीय मानव संस्कृति शोध संस्थान, वाराणसी

खण्डित बुद्ध प्रतिमा मिली है जिसके पाठपीठ पर अभिलेख अंकित है तथा दौड़ते हुए घोड़े का चित्र भी है। अभिलेख की द्वितीय पंक्ति तथा तृतीय पंक्ति में क्रमशः 'पंचहस्ति' तथा 'करमचन्द' आसानी से पढ़ा जा सकता है। यह अभिलेख देवनागरी लिपि तथा संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण है जिससे पता चलता है कि यह अभिलेख 10वीं–11वीं शताब्दी का है।[9] इस आधार पर नालन्दा के भित्तिचित्रों का समय 10वीं–11वीं शताब्दीं माना जा सकता है। उस समय यह क्षेत्र पालों के अधीन था। अतः यह भित्ति चित्र भी पालकालीन हैं।

सामान्यतः भारतीय चित्रकारों ने अपने भित्तिचित्रों के लिए टेम्परा तकनीक का प्रयोग किया है।[10] इसमें सर्वप्रथम गुफा या मंदिर की दीवारों पर मिट्टी का लेप करके सतह को चिकनी बनाते थे, तत्पश्चात् उस पर चूने की पुताई करके चित्रकारी के लिए सफेद पृष्ठभूमि तैयार करते थे। दीवार की सतह में टिकाऊपन लाने के लिए मिट्टी के साथ अन्य कई पदार्थ, यथा गोबर, चावल की भूसी आदि का प्रयोग करते थे। सतह कठोर हो जाने के बाद उस पर रंगीन चित्रकारी की जाती थी। इस प्रकार स्पष्ट है कि अजन्ता एवं बाघ के गुफा चित्रों की भांति ही नालन्दा में भी उसी तकनीकि का प्रयोग किया गया है।[11] अजन्ता तथा बाघ के गुफाचित्रों में रंगों को बांधने के लिए क्रमशः सरेस तथा गोंद का प्रयोग किया गया है, परन्तु नालन्दा के भित्तिचित्रों में रंगो को बांधने हेतु किस पदार्थ का प्रयोग किया गया है, स्पष्ट नहीं है, फिर भी ऐसा लगता है कि नालन्दा में चूने को ही बंधेज के रूप में प्रयोग किया गया है। नालन्दा के चित्रकार, चित्रकारियों के लिए रेखाकंन, रंगो का आरोपन तथा उसका उतार–चढ़ाव एवं उनकी पूर्णता आदि तकनीकों से पूर्ण परिचित थे।[12]

नालन्दा की चित्रकला में सफेद रंग महत्वपूर्ण है जिसके लिए चूने को प्रयोग में लाया गया है। इसके अलावा लाल, पीले, नीले तथा काले रंगों का प्रयोग भी किया गया है। लाल रंग हेतु लौह आक्साइड तथा काले रंग हेतु कालिख आसानी से उपलब्ध था। कहीं–कहीं पर पीले रंग का प्रयोग भी हुआ है। नीले रंग को बनाने में तीसी के फूल व नील कमल के चूर्ण का प्रयोग करते थे।[13] नालन्दा के भित्ति चित्रों हेतु प्रयुक्त रंग हल्का तथा टिकाऊ है जिसे चूना पुती दीवार पर चढ़ाया गया है। सरायटीले के उत्खनित मन्दिर के गर्भगृह से प्राप्त विशाल प्रस्तर पादपीठ के ऊपरी भाग में बने पुष्प तथा ज्यामितीय अलंकरण सफेद व काले रंगों से तथा निचले भाग में बने मानव तथा पशु अलंकरण सफेद व लाल रंगों से बना है। पाषाण फलक का ऊपरी भाग दो तहों में बंटा है तथा निचले वाले भाग से अलग है। इसके अलावा, गर्भगृह की दीवारों पर भी पुष्प तथा ज्यामितीय अलंकरण सफेद, पीले, नीले, लाल तथा काले रंगों से बना है। अब ये रंग बहुत फीके हो गये हैं। सरायटीले के मन्दिर के गर्भगृह की उत्तरी, दक्षिणी तथा पीछे की भीतरी दीवारों में भी फूलों के झालर व गुलाब के गुच्छों जैसी आकृतियां बनायी गयी हैं जो कि श्वेत–श्याम है। इससे स्पष्ट होता है कि नालन्दा की रंग योजना अजन्ता एवं बाघ की रंग योजना से मिलती–जुलती है, फिर भी नालन्दा के भित्तिचित्रों का अपना अलग ही स्थान है।[14]

नालन्दा के भित्तिचित्रों को उनके विषय के दृष्टिकोण से दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। पहला भाग मानवीय आकृतियों का तथा दूसरा वानस्पतिक अलंकरणों का है। यहां की

चित्रकारियां संख्या में कम, परन्तु दर्शनीय हैं। शुरू में यह वृहद् प्रस्तर पादपीठ के सम्पूर्ण भाग पर दृष्टव्य थी, लेकिन दुर्भाग्य से इसका कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण केवल मध्यवर्ती भाग की चित्रकारियां ही शेष हैं जिनमें मानवीय एवं जन्तुओं की कलाकृतियां महत्वपूर्ण हैं। कभी अधिक तापमान एवं कभी अधिक आर्द्रता के कारण भित्तिचित्रों के रंगों की चमक धुंधली पड़ गयी है। फिर भी लगभग आधा दर्जन चित्रों को आसानी से पहचाना जा सकता है जिसमें खड़े हाथी की आकृति, नर्तकी की आकृति, एक हाथ में दर्पण लिए घुटनों के बल बैठी नारी,[15] आसन मुद्रा में जम्भल तथा कुछ वानस्पतिक अलंकरण भी हैं। इसके अलावा ऊपरी भाग में कुछ मानवीय आकृतियां भी दिखाई देती हैं, परन्तु उनकी मुखाकृति पहचान योग्य नहीं रह गयी है।[16]

जिस प्रकार प्रारम्भिक मध्यकालीन चित्रकला में चित्र के चारों ओर पुष्पालंकरणों से किनारी बनने का प्रचलन था, उसी प्रकार नालन्दा की भित्ति चित्रकला में भी चित्रों को वानस्पतिक अलंकरणों से सजाया गया है।[17] भारत के अन्य कला केन्द्रों की भांति नालन्दा की चित्रकारियों में भी वनस्पति एवं जन्तुओं के भाव द्रष्टव्य हैं।[18] मन्दिर का अधिकांश भाग कमल के फूलों से विविध प्रकार से अलंकृत किया गया है। लताओं, पत्रों तथा ज्यामितीय अलंकरणों को एक लयबद्ध तरीके से सजाया गया है। नालन्दा की एक विशालकाय बुद्ध प्रतिमा को दो पंखुड़ी वाले कमल पुष्पों से सजाया गया है। कमल पुष्पों को रंगने हेतु लाल रंग का प्रयोग किया गया है। नालन्दा से प्राप्त वानस्पतिक भित्तिचित्र पूर्णतया प्राकृतिक हैं।[19]

जैसा कि विदित है नालन्दा में कमल पुष्पों का चित्रण बहुलता में किया गया है। यहां भित्तिचित्रों में कमल पुष्पों का चित्रण कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि हिन्दू, बौद्ध तथा जैन तीनो धर्मों में कमल की समान महत्ता है और नालन्दा तीनों ही धर्मों की तपस्थली रही है। कमल भारतीय पवित्रता का प्रतीक है, इसीलिए कमल का चित्रांकन भारतीय चित्रकला एवं मूर्तिकला दोनों में समान रूप से हुआ है फिर भी यह स्पष्ट है कि हिन्दू चित्रकारों की अपेक्षा बौद्ध चित्रकारों ने कमल के अंकन को ज्यादा महत्व दिया है।[20] नालन्दा से प्राप्त भित्तिचित्रों में सर्वाधिक स्पष्ट चित्र स्थानक हस्ति का है जो दक्षिण दिशा की तरफ मुंह करके खड़ा है। इसका चित्रण बड़ी ही कुशलता पूर्वक किया गया है, जो चित्रकार की दक्षता व तन्मयता का परिचायक है। बीरेन्द्र नाथ ने अपनी पुस्तक 'नालन्दा मुरल्स' में लिखा है कि नालन्दा में चित्रित हाथी बुद्ध के जीवन की किसी भी कथा से सम्बन्धित नहीं है।[21] परन्तु उनका यह विचार उचित नहीं जान पड़ता, क्योंकि हाथी तो भगवान बुद्ध के जीवन से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित है। इसलिए बौद्ध कला में हाथी का चित्रण तो सामान्य सी बात है, वह भी नालन्दा जैसे बौद्ध स्थल से मिले हाथी के चित्रण को बुद्ध से न जोड़ना किसी तरह से उचित नहीं जान पड़ता है। इसके अलावा भी हाथी भारतीय संस्कृति में रची–बसी है। हिन्दू धर्म में इसे इन्द्र के वाहन के रूप में मान्यता प्राप्त है तथा सर्वप्रथम हाथी का चित्रण हमें सिन्धु घाटी की सभ्यता में मिलता है।[22]

नालन्दा से प्राप्त भित्तिचित्रों में बैठे हुए जम्भल का चित्र भी महत्वपूर्ण व आकर्षक है। यह चित्र भी बौद्ध धर्म से ही सम्बन्धित है। हालांकि देखने पर चित्र हिन्दू देवता कुबेर की तरह है। इसे कुबेर

का बौद्ध संस्करण कह सकते हैं। इसका उदर निकला हुआ है तथा नकुलस धारण किए हुए चित्रित है जिससे रत्नों की बारिस हो रही है। जम्भल के निकट ही एक स्त्री का भित्तिचित्र उकेरा गया है जो बैठी हुई अवस्था में है; उसके एक हाथ में दर्पण चित्रित है।[23] सम्भवतः यह श्रृंगाररत नारी का चित्रण है। इसके समीप ही एक पुरुष की आकृति भी बनायी गयी है जो उत्तर दिशा की ओर देखते हुए चित्रित है, परन्तु इस चित्र का मुखमण्डल धुंधला हो जाने के कारण इसकी पहचान नहीं हो पायी है।[24] सरायटीले के मन्दिर से प्राप्त पादपीठ पर एक दौड़ते हुए घोड़े का चित्र भी बनाया गया है जिसे हम बौद्ध धर्म से सम्बन्धित कर सकते हैं क्योंकि बौद्ध धर्म में घोड़े को भगवान् बुद्ध के महाभिनिष्क्रमण के प्रतीक के रूप में माना जाता है।

नालन्दा के भित्तिचित्रों में पुरुष तथा नारी दोनों को धोती धारण किए हुए दिखाया गया है तथा नारी आकृतियों को कन्धे पर दुपट्टा इस प्रकार रखा हुआ दिखाया गया है कि जिससे स्तन पूर्णतः ढ़क गये हैं।[25] अजन्ता के चित्रकारों ने अपने पात्रों को जिस प्रकार विविध परिधानों से चित्रित किए हैं, वैसा नालन्दा में दिखाई नहीं देता।[26] नालन्दा के चित्रों में नारी आकृतियों को कनवाली, हार, चूड़ियां तथा बाजूबन्द धारण किये हुए दिखाया गया है जो कि उस समय स्त्रियों का गहनों के प्रति प्रेम को दर्शाता है।

अजन्ता तथा बाघ के गुफाचित्रों की शैली तथा नालन्दा के भित्तिचित्रों की शैली आपस में काफी हद तक मिलती–जुलती हैं तथा शैली की दृष्टि से गुप्त परम्परा का पालन नालन्दा के पालकालीन चित्रकारों ने किया है। नालन्दा के चित्रकार अजन्ता एवं बाघ के चित्रकारी की शैली, शरीर रचना, आभूषणों, वानस्पतिक तथा ज्यामितीय अलंकरणों आदि से परिचित होते हुए भी भित्ति चित्रकारी में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुए हैं। अतः यह कहना अधिक उचित है कि अजन्ता एवं बाघ की चित्रकला नालन्दा में अधिक स्पष्टता से देखी जा सकती है[27] तथा इन भित्तिचित्रों के अध्ययन से तत्कालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति की स्पष्ट झलक दृष्टिगोचर होती है।

सन्दर्भ

1. अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, 'नालन्दा की स्थापत्य कला', जर्नल ऑफ बिहार पुराविद् परिषद, वालूम–VII-VIII जनवरी–दिसम्बर, 1983–84, पार्ट– II, पृष्ठ–255
2. बी.एन.मिश्रा, 'नालन्दा', वालूम–I, दिल्ली, 1998, पृष्ठ 247
3. ए. घोष, 'नालन्दा', दिल्ली, 1963, पृष्ठ–33–34
4. बीरेन्द्र नाथ, 'नालन्दा मुरल्स', जर्नल ऑफ बिहार पुराविद् परिषद, वालूम–I, जनवरी–दिसम्बर, 1977, पृष्ठ–269
5. बी.एन. मिश्रा, 'नालन्दा', वालूम–III, दिल्ली, 1998, पृष्ठ–246
6. वही, पृष्ठ– 248
7. अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, 'नालन्दा की स्थापत्य एवं मूर्तिकला' नई दिल्ली, 1994 पृष्ठ–143

8. बीरेन्द्र नाथ, 'नालन्दा मुरल्स', नई दिल्ली, 1983, पृष्ठ–63
9. वही, पृष्ठ–64
10. अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, वही, पृष्ठ–146
11. बीरेन्द्र नाथ, वही, पृष्ठ– 42
12. अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, वही, पृष्ठ–147
13. बीरेन्द्र नाथ, वही, पृष्ठ–43
14. वही, पृष्ठ– 50
15. चन्द्रिका सिंह उपासक, 'नालन्दा–पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट' (सम्पादित) नालन्दा, 1977 पृष्ठ–82
16. पीयूष भार्गव, 'पाल शासकों के राजत्व काल में बौद्ध धर्म एवं बौद्ध कला', लखनऊ, 1996 पृष्ठ–181
17. वही
18. बीरेन्द्र नाथ, वही, पृष्ठ–56
19. वही
20. अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, वही–149
21. बीरेन्द्र नाथ, वही, पृष्ठ–57
22. वही
23. अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, वही, पृष्ठ– 150
24. वही
25. वही
26. बीरेन्द्र नाथ, वही पृष्ठ–58
27. अलखदेव प्रसाद श्रीवास्तव, वही,

□□

"संग्रहालय : सांस्कृतिक धरोहर का रक्षक"

पहाड़ी चित्रकला का प्रारम्भिक अध्याय - बसोहली शैली

उमा पाराशर

सोलहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में पहाड़ी कला अपने भीने से आवरण में प्रस्फुटित होती नज़र आती है। सत्रहवीं शताब्दी के अंतिम चरण में राजा कृपाल (सन् 1678–1763) के संरक्षण में जम्मू की पहाड़ियों में बसोहली शैली का विकास हुआ। अठारहवीं शताब्दी में बसोहली शैली खूब पनपी जिसका प्रमाण हमें भागवत–पुराण संबंधी दो पूरी चित्रावलियों के रूप में मिलता है। अपने सम्पूर्ण रूप में पहाड़ी कला का विकास अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध (सन् 1750 ई. के आगे) में हुआ। उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य में यह कला अपने नये आयाम स्थापित कर चुकी थी। सन् 1790 से 1805 तक के पन्द्रहवर्षीय काल में कांगडा कला अपने उच्चतम शिखर पर पहुँची और सुन्दरतम कलाकृतियों का सृजन हुआ। मुगल चित्रों की बँधी काया के प्रतिकूल पहाड़ी कलम प्रवहमान और छंदयुक्त है। मैटकॉफ सबसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने उन्नीसवी शताब्दी के आरंभ में कांगडा में पहाड़ी चित्रकला की खोजबीन की। बाद में डॉ. आनन्द के. कुमारस्वामी इस ओर आकृष्ट हुये। पहाड़ी चित्रकला का विषय–क्षेत्र बहुत विस्तृत रहा। मध्यकालीन भक्ति और श्रृंगारप्रधान जीवन का इतना सरस, अंतरंग, आकर्षक और रोचक परिचय पहाड़ी चित्रों में मिलता है कि देखकर आश्चर्य होता है। उसमें जहाँ संस्कृत और हिन्दी कवियों की कृतियों को लेकर चित्र बने वहाँ लोककथा सम्बन्धी चित्र भी कई संग्रहों में उपलब्ध हैं जिनमें हमीरहठ, विक्रम–वेतालचरित्र, माधवानल–कामकंदला, सोनी–महीवाल, विशेष रूप से गण्य है। भागवत के दशम स्कन्द में कृष्ण के बाल्य और यौवन का बहुत ही मनोहारी और उन्मुक्त वर्णन मिलता है जिसका चित्रण पहाड़ी चित्रशैली के सहस्त्रों चित्रों में मिलता है। कृष्ण–लीला में गोचारण, वंशी की मोहिनी तान, कालिय–दमन, गोवर्धन–धारण, दान–लीला, आदि के अनेक चित्र हैं। भोजन, वसन, श्रृंगार, ताम्बूल–वितरण, आखेट, नौका–विहार, वन–वाटिका विहार जैसी कितनी ही क्रीड़ाएँ और प्रणय–प्रसंग हैं जिनका पहाड़ी चितेरों के लिए अदम्य आकर्षण रहा है। राधा और कृष्ण को लक्ष्य बनाकर जीवन की इतनी बहुविध लीलाओं का आलेखन हुआ है कि लगता है कि जीवन का शायद ही कोई पक्ष छूटा हो। रंग और रेखाओं के सौन्दर्य से प्रस्फुटित होते हुए ये चित्र मुक्त काव्य से लगते हैं। नायक–नायिकाओं सम्बन्ध ी केशवदास की कविताएँ उनके 'बारहमासा' में संकलित हैं। प्रेम और श्रृंगार, संयोग और वियोग की स्थितियों और परिस्थितियों में उभरती–उतरती नारी के सौन्दर्य का अंकन पहाड़ी चित्रकला का ध्रुव बिन्दु है। दूसरे शब्दों में नारी का अष्ठयाम और बारहमासी जीवन ही पहाड़ी चित्र शैली का ताना बाना है। रीतिकाल के कवियों ने सूरदास से लेकर मतिराम, देव और बिहारी के समय तक शब्दों द्वारा सौन्दर्य के जो प्रतिमा स्थापित किए हैं उन पर पहाड़ी कला की नायिका बखूबी उतरती है। यदि रीतिकालीन साहित्य को पढ़कर उसमें वर्णित नायिका के चित्रमय दर्शन के लिए आँखें तरसती हों तो आँखों की यह प्यास पहाड़ी कला के चित्रों को देखकर तृप्त की जा सकती है। जहाँ पहाड़ी चित्रकला ने वैष्णव धर्म को विस्तृत रूप से चित्रित किया है, वहाँ कृष्ण लीला तो उसका सर्वाधिक प्रिय विषय रहा है।

टेक्निकल असिस्टेन्ट–राजकीय संग्रहालय, झांसी

पहाड़ी चित्रकला में काव्य, संगीत और चित्रकला का समन्वय संसार–भर की कलाओं में एक अद्वितीय उपलब्धि है। चीन और जापान में भी हमें काव्य और चित्रकला के समन्वय का पता चलता है लेकिन पहाड़ी चित्रकला के समन्वय के पीछे भारतीय संस्कृति का अत्यंत समृद्ध दर्शन है।

पहाड़ी कला की विभिन्न शैलियों में रंगों का वैविध्य देखा जा सकता है। अर्थात काँगड़ा रंगों का चयन और उपयोग जिस ढंग से हुआ है वह बसोहली कलम से भिन्न है। बसोहली कलम में मुख्य व प्राथमिक रंगों (लाल, नीला और पीला) का ही अधिकांशतः प्रयोग हुआ है। लेकिन काँगड़ा व गुलेर कलम के चित्रों में इन रंगों के विभिन्न मिश्रण तथा आभा है। बसोहली की पृष्ठभूमि का अंकन किसी एक रंग या अधिक रंगों की एक ही घसीट में हुआ है। लेकिन कांगड़ा अथवा गुलेर की पृष्ठभूमि में रंगों की विविधता है और साथ ही सूक्ष्मता भी।

बसोहली कलम में प्राथमिक व मुख्य रंगों के अधिकांश उपयोग से यह सीधा संकेत मिलता है कि यह शैली काँगड़ा कलम की अपेक्षा लोककला के अधिक नज़दीक रही है। काँगड़ा कलम तो पहाड़ी कला का अत्यन्त परिष्कृत रूप था लेकिन बसोहली तथा उससे प्रभावित अन्य कलमें जैसे मण्डी, कुल्लू, आदि लोककला की परम्परा में रहीं जिससे रेखा और रंगों दोनों में ही सूक्ष्मता का अभाव है। वास्तव में सूक्ष्मता का यह अभाव कोई कलागत अभाव नहीं बल्कि एक शैलीगत विशेषता है। चम्बा कलम में बसोहली और गुलेर का मिला जुला प्रभाव देखा जा सकता है या यूँ कहें कि चम्बा कलम पनपते हुये अपने बसोहली ऐसे गुणों को छोड़कर कुछ अन्य गुण ग्रहण कर बैठी है जो उसे पूर्ववत् रूप के मुकाबले में अधिक सूक्ष्म बना देते हैं।

रेखाओं के सम्बन्ध में भी बसोहली और काँगड़ा शैलियों के चित्रों में पर्याप्त अन्तर देखा जा सकता है। बसोहली शैली की रेखाकृतियाँ काँगड़ा शैली की रेखाकृतियों की तरह सूक्ष्म व सुघड़ नही अपितु स्थूल है। काँगड़ा कलम की रेखाएँ बसोहली की अपेक्षा अधिक सुन्दर, सूक्ष्म, प्रवाहमान, लयात्मक, सजीव तथा आकर्षक हैं। वहाँ हर रेखाकृति हर प्रतिमान से सन्तुलित है लेकिन बसोहली की रेखाकृति में यह संतुलन नहीं। यहाँ यदि कलाकार ने आँखे आकर्षक बनाने के लिए उन्हे बड़ा बनाया है तो वे इतनी बड़ी बन गई हैं कि सम्पूर्ण आकृति से इनका तालमेल नहीं बैठता। नारी अथवा पुरुषों की सम्पूर्ण आकृतियाँ इतनी माँसल है कि काँगड़ा कलम की आकृतियों के मुकाबले वे स्थूल नज़र आयेंगी। जहाँ काँगड़ा कला की आकृतियों में रेखाएँ प्रवाहमान नज़र आती हैं वहाँ बसोहली कला में रेखाओं का प्रवाह किन्हीं कोणों के समावेश से अवरूद्ध–सा हो गया है। यह शैलीगत गुण तो माना जा सकता है लेकिन काँगड़ा कलम की अपेक्षा हीन होगा। यह कोणाकार अंकन केवल किन्ही आकृतियों के अंगों में ही नहीं, प्रकृति के अंकन में भी दिखाई पड़ता है। वृक्ष तथा पत्तों तक का अंकन नुकीले ढंग से हुआ है। काँगड़ा कलम में रेखाओं की यह चुभन नहीं। पहाड़–पहाड़ियों का अंकन हो अथवा वृक्ष–पत्तों का, रेखाएँ इन कोणों से बचती हुई हैं। यहाँ सम्पूर्ण लयात्मकता प्रवाहपूर्ण है।

पहाड़ी कला अपने विकास में तीन मुख्य दिशाओं में उन्मुख हुई जिन्हें बसोहली, काँगड़ा

और गढ़वाल के नाम से पहचाना गया है। अजीत घोष के विचार में बसोहली कलम सबसे पुरानी है। सत्रहवीं और अठारवीं शताब्दी के दौरान बसोहली कलम में अनेक और विशिष्ट चित्र तैयार हुए। बसोहली रावी के किनारे 74 गाँवों का एक छोटा सा राज्य था जो आज जम्मू के जिला जसरोठा की बसोहली तहसील के रूप में विद्यमान है। वहां की प्राकृतिक छटा मनोहारी है और घाटी उपजाऊ है। सोलहवीं शती में कृष्णपाल बसोहली के प्रथम शासक थे। बसोहली के अंतिम राजा कल्याण पाल (1834–46) थे। वहां के शासन की व्यवस्था को देखकर महाराजा रणजीत सिंह ने जम्मू के राजा हीरासिंह को बसोहली राज्य जागीर के रूप में प्रदान किया। कल्याण पाल के ही राज्य में बसोहली के ब्राह्मण परिवारों के पास अनेक चित्र संकलित हुये थे। 1846 में जम्मू के महाराजा गुलाब सिंह जम्मू व कशमीर के मुखिया नियुक्त हुये, जिन्होंने कल्याणपाल के लिए पेंशन निश्चित की। 1850 में कल्याण पाल ने सिरमौर की राजकुमारी से विवाह किया। उसने मनकोट से निष्काषित शासक छत्तरसिंह की पुत्री से भी विवाह किया। दोनों ही से उसे संतान न हुई और 1857 में वह मर गया। इस प्रकार बसोहली वंश की समाप्ति हो गई और उसके साथ ही बसोहली कलम की भी।

बसोहली में पालवंशी राजाओं के संरक्षण में पहाड़ी कलम पनपी थी। बसोहली के 400 वर्ष पुराना पाँच मंजिला राजमहल शिल्पकला की दृष्टि से निखरा हुआ था, उसमें सुन्दर नक्काशी हुई थी। यह पहाड़ों का सर्वोच्च आश्चर्य के नाम से सुविख्यात था। राजा महेन्द्र पाल ने महल की दीवारों पर बसोहली कलम के चित्र बनवाये थे।

बसोहली कलम के पोषकों में राजा मेदनी पाल और अमृतपाल गण्य है। बसोहली में ही रानी मालिनी के संरक्षण में गीत–गोविन्द विषयक अनेक चित्र अंकित हुए जो कला की दृष्टि से उच्चकोटि के हैं। रानी मालिनी के चित्रकला के प्रति अनुराग ने उन्हें एक निपुण कलापारखी बना रखा था। वह भगवान विष्णु की उपासक थी और उन्हीं की प्रेरणा से मानकू तथा अन्य कलाकारों ने गीत गोविन्द के अनेक विषयों को चित्रित किया।

केवल अपने अंतिम चरण के कुछ इने गिने चित्रों के अतिरिक्त बसोहली कलम पर मुगल प्रभाव नज़र नहीं आता लेकिन भारतीय कला के आदिश्रोत अजन्ता की छाप का आभास जरूर होता है। अजीत घोष के शब्दों में 'बसोहली कलम के श्रेष्ठतम काल–सम्भवतः सत्रहवीं शताब्दी में सुन्दरतम चित्रों में कतिपय चित्र बंगाल के अमर कवि जयदेव लिखित गीत गोविन्द के दृष्टांत रूप में उभरे हैं। ये चित्र अपनी सुन्दर रेखा कृतियों, बढिया रंगों और प्रकाश के लिए समान रूप से अद्‌भुत हैं। डब्लू.जी आचर की निम्न उक्ति बसोहली कलम के गीत गोविन्द सम्बन्धी चित्रों पर बहुत सही उतरती है, 'भारत में अन्यत्र भी चित्रकला में रंग और रेखाओं के स्पष्ट गुण उभरे हैं लेकिन पंजाब हिमालय से बाहर कहीं भी रूमानियत, हर्षोन्नाद और विलक्षणता से युक्त इतनी सुन्दर और विशिष्ट अभिव्यक्ति नहीं मिलती।'

बसोहली शैली का समय सत्रहवीं शताब्दी से लेकर उन्नींसवीं शताब्दी के आरंभ तक रहा।

अठारहवीं सदी में बसोहली शैली अपनी सर्वोत्कृष्ट अवस्था में पहुँची। इन चित्रों का विषय समूची पहाड़ी कलम के अनुरूप ही रहा जिनमें राजाओं के चित्र, पौराणिक कथाएँ तथा सामाजिक रीतियों का अंकन था। श्रीमद् भागवत, रामायण इत्यादि धार्मिक ग्रन्थों के सैकड़ों चित्र बने हैं। महाकवि जयदेव लिखित गीत गोविन्द को लेकर भी एक सुन्दर चित्रावली का सृजन हुआ है। श्री अजीत घोष के विचार में यह सत्रहवीं शती से सम्बन्धित है। बसोहली कलम अधिकाशतः नायिका के अतिरिक्त भानुदत्त की रसमंजरी, केशवदास की राम चंन्द्रिका और जयदेव के गीत गोविन्द को चित्रित करती है। बसोहली कलम की नायिका सम्बन्धी चित्रों के सबसे बड़े संकलन बॉस्टन म्यूज़ियम ऑफ फाईन आर्ट्स और अहमदाबाद के 'कस्तूर भाई लाल भाई' संकलन में हैं। 'गीत गोविन्द' संबंधी बसोहली कलम के चित्र लाहौर स्थित सेण्ट्रल म्यूजियम में भी है।

बसोहली कलम अपनी अभिव्यक्ति में अधिक मुखर और स्पष्ट है। उसमें रंग उजले हैं जिसमें गहरे नीले, पीले, लाल और काले रंग की प्रधानता है। रंग शोख और चटख होने पर भी विविध भावों यथा, करुणा, उल्लास, उदासीनता और शोक के प्रति सजग करते हैं। बसोहली चित्रों की अन्य विशेषता हाथ और अंगुलियों की खास बनावट है। यहां भावांकन में अंगुलियाँ निश्चित रूप से सहायक हैं।

अजन्ता के भित्तिचित्रों में विभिन्न मुद्राओं का अंकन विभिन्न भाव प्रेषण के लिए हुआ है। बसोहली में इस दृष्टि से अजन्ता का प्रभाव स्पष्टतया लक्षित है। बसोहली चित्र शैली अन्य पहाड़ी चित्र शैलियों से किन्हीं विशिष्ट बातों पर ध्यान देने से अलग पहचानी जा सकती है। काँगडा चित्रों की अपेक्षा बसोहली के चित्र के ग्रामीण है। इनमें तेज, स्फूर्ति और विलक्षणता तो है लेकिन काँगड़ा कलम की सुकुमारता नहीं। सम्पूर्ण शैली अपने आप में बल और ओज की परिचायक है। रेखाएँ अलग से देखने में भी रूखी सी लगेंगी लेकिन सम्पूर्ण आकृति के भाव प्रेषण में उससे अन्तर नहीं आता। कांगड़ा कलम की नारियां रूप रंग मुद्रा और अपनी समूची अभिव्यक्ति में विशिष्टता नारी सौन्दर्य को मुखरित करती हैं। लेकिन बसोहली शैली में नारियाँ अपने अंकन में ओजपूर्ण पुरुषों के निकट चली गई हैं। मुखड़े की आकृति में होठ छोटे हैं, नाक लम्बी और झुकी हुई है, गाल भरे पूरे हैं, ललाट पीछे हटता हुआ सा है, ठोडी कुछ गोलाकार सी है। बसोहली चित्रों की एक प्रमुख विशेषता कमल के समान बड़ी और लुभावनी आँखें हैं। बड़ी आँखें यों भी भारतीय सौन्दर्यशास्त्र में सुरूचिपूर्ण समझी जाती है। इन चित्रों में यह उक्ति चरितार्थ होती नज़र आती है **'ज्यों बड़री अखियाँ निरखीं, अखियन को सुख होत'**। बसोहली कलम में शरीर, चोली, घाघरा, दुपट्टा आदि भीने वस्त्र से झाँकता नज़र नहीं आता। वस्त्र तथा आभूषणों को उनकी सूक्षमता में निहारा जा सकता है। स्त्रियों की मुखाकृतियों–कपोल या माथे पर बालों की लटें दिखाई देती हैं। स्त्रियों के केशों के संबंध में बसोहली कलम की विशेषता स्पष्ट है। इन चित्रों में बाल अधिकांशतः खुले हैं, वेणी या जूड़े में बधें हुये नहीं। पुरुषों की आकृतियों को देखने से पता चलता है कि उनका शरीर ऊपर से ही किसी वस्त्र से ढँका हुआ नहीं है। अंगरखा उजले पीले रंग में है ओर किनारा सुनहरी रंग में। पुरुष अनेक तरह के आभूषण पहने हुये है। चित्रों की भूमिका समतल नजर आती है और

लगता है ब्रश की एक ही घसीट से रंग पोता गया है। यह रंग गहरा पीला, गहरा या हल्का हरा, हल्का लाल और सीपिया है। किन्हीं चित्रों के ऊपरी आशिंक भाग में आकाश दिखाई देता है जिसमें चाँद छटा को उभारता नज़र आया है। चित्रों के किनारों पर अधिकतर पीला, लाल या सिंदूरी रंग देखने को आता है। अपनी सम्पूर्णता में रंग शोख नज़र आते हैं। रंगों के उपयोग में कलाकारों की दक्षता का आभास होता है।

जहाँ हम पहाड़ी कला में अजन्ता कला और मुगल कला के प्रभाव देखने में अभ्यस्त हैं और उसे आसानी से स्पष्ट रूप में स्वीकारते हैं, वहाँ बहुधा हम स्थानीय परिप्रेक्ष्य की अवहेलना कर जाते हैं। हमें यह बात समझनी चाहिए कि कला का भरण पोषण बेशक राज्य प्रश्रय में ही हुआ हो और कलाकार लोक जीवन से हटकर नहीं जिया है। इस प्रकार समस्त पहाड़ी कला के अनुरूप ही बसोहली कलम की पृष्ठभूमि में लोक कला की समृद्ध परम्परा नज़र आती है। यद्यपि पहाड़ी कलम के नाम से आज कोई भी चित्रकला जीवित नहीं तथापि उसका भारतीय कला के इतिहास में निश्चय व गौरवपूर्ण स्थान है। भारतीय कला अपने समूचे रूप में पहाड़ी कलम के बिना अधूरी दिखाई देती है। अठारहवीं शती की पहाड़ी कलम को ही यदि सम्पूर्ण भारतीय चित्रकला का तत्कालीन रूप मान लिया जाये तो भी उसके आंकलन में अत्युक्ति नहीं कही जा सकती। यदि अजन्ता भारतीय कला का आदि स्रोत है तो उसका संरक्षण पहाड़ी कला विशेषकर बसोहली कलम में चेतन रूप से हुआ है। एक बहुत बड़ी बात यह है कि पहाड़ी चित्रों में भारतीय दर्शन मुखरित हुआ है। कला और दर्शन के सामंजस्य को भारतीय परंपरा के अनुरूप चित्रों में मुखर करना पहाड़ी कलम की सबसे अधिक उपलब्धि रही है। पहाड़ी कलम पर यदि मुगल शैली की छाप नज़र आती है तो उसने अपने विकास में किसी भी स्तर पर लोक–कला की प्राचीन परम्परा के प्रति उपेक्षा नहीं दिखाई है हिन्दु पौराणिक गाथाओं से यह अनुप्राणित और अनुप्रेरित है। जहाँ मुगल शैली मुगल बादशाहों की रंगीनियों और उनके प्रभुत्व की अभिव्यक्ति बनकर रह गई है, वहाँ बसोहली कलम अपने निखार में भारतीय दर्शन के प्रति उन्मुख होकर उसके सुन्दर, आकर्षक और मनोहारी रूप को अंकित करने में विशिष्ट रूप से सफल हुई है। देश तथा विदेश के जिन–जिन संग्रहालयों में बसोहली कलम के चित्रों ने स्थान पाया है वहाँ यह मूल्यवान सांस्कृतिक सम्पत्ति के रूप में प्रतिष्ठित हुई है।

सन्दर्भ ग्रन्थ :–

1. भारतीय संस्कृति का आधार–लेखक, श्री अरविन्द।
2. राजपूत पेन्टिंग्स–लेखक, डॉ. ए.के. कुमारस्वामी।
3. कांगडा पेन्टिंग्स आफ भगवत् पुराण– लेखक, डॉ. एम.एस. रन्धावा।
4. पहाड़ी चित्रकला–लेखक, किशोरी लाल वैद्य और ओम चन्द्र हाण्डा।
5. सेन्टर्स आफ पहाड़ी पेन्टिंग्स।

"संग्रहालय : सांस्कृतिक धरोहर का रक्षक"

From Within And Without-Udaipur Painting Revisited

Gauri Parimoo Krishnan,

This paper addresses a few issues with regards to Mewar painting from Udaipur of the 17th-18th centuries based on the paintings in the collection of O, the National Gallery of Victoria, Melbourne; City Palace Museum, Udaipur and few private collections. This is a joint paper between Carol Cains (assistant curator, NGV) and myself looking at Mewari painting of the 18th century from records of European visitors such as Tod, Weeks, Bernier, Emily Eden and Mewari texts such as Veer Vinod for a start. This is a working paper and will evolve in future.[1]

The perspective I chose to view is called the 'Mewari Worldview', a term I use to classify the intrinsic qualities of the painting i.e. figure type, constume, accessories, architecture, vegetation, gesture and posture, painterly conventions such as halo, portraiture, perspective, hierarchical sitting or standing arrangement of the entourage etc. Stylistic features of male and female face and figure, building, animal, clothing, carpet, decorative pattern on textile and architecture are other intrinsic elements that suggest the worldview. On another plane, worldview is discerned from the way artists of the Udaipur court have assimilated the various influences stemming from their association with the Mughals, Europeans and the indigenous *bhils*. Also the western Indian painterly tradition stemming from the Jain style and the Chaurapanchashika style that went on to evolve into Mewari style has also been considered. It is common knowledge that the Rajputs lived by their high ideals which set them apart from an average Indian ruler, this itself reflected in their chivalry, bravery (Rana Pratap), dedication (Meera and Panna dai) and moral values (Padmini and karnavati). As for the Mewari rulers of the line of Bappa Raval, kingship did not mean annexing other's land and expanding the kingdom but protecting the inherited kingdom from outside invasion and ruling it as regents of Eklingji. This ideal is followed till today by the current Maharana as well. Seeing these values reflected in the Udaipur paintings is one aspect and to see the larger than life size 'image' of the haloed Maharana is another. Thus, real, ideal and unreal or imagined tend to coexist in Mewari worldview.

ACM, Singapore Carol Cains, National Gallery of Victoria, Melbourne

Written records, histories, rasos and khyats are another aspect of the worldview however accurate or imagined. Besides the inscriptions on the paintings themselves which record most of the names of the rulers and their nobles present at the moment at a particular event, I have referenced Veera Vinod of Shyamaldas a recorded history of Mewar, the Indian subcontinent and the world from the beginning till 1884. Veer Vinod compiles inscriptions from official records, *prashastis, ahadnamahs*, copperplates, correspondences, besides of course *firmans* and inscriptions from *patachitras*, cloth paintings. This proves that besides their painterly qualities, these paintings were essentially commissioned as aesthetic sources of recording historical events, of major and minor importance in which the rulers were directly or indirectly involved.

My recent most association with Mewari painting goes back to 2003 when we commissioned discovery room for children in the Asian Civilisations Museum Singapore to be painted like Udaipur palace within the South Asia gallery. Here the tabloid scenes of Mewar genre painting were transferred from ready-made stencils onto walls and the ceiling, draping and transforming the British colonial interior of the Museum building.

It is worth noting that the 17th century compositions such as the Ramayana, Bhagavat Purana, Gita Govinda actually paved the way for the 18th century compositions that became bigger in format, more detailed, grand in scale and vision. Besides mythological themes more and more historical and anecdotal events where portraits of the rulers, scenes in the palace, on hunt, war and festivals became the more preferred genres. The artistic concerns remained quite the same only the facility to include more details became easier and achievable. The perspective used in Udaipur paintings can be suffocatingly intimate verging on close encounters where the viewer can feel visual proximity to the subject he is viewing. Whereas, the large format architectural paintings from multiple perspectives bear voyeuristic wide angled views that take the viewer's gaze into many intimate corners capturing activities happening in various parts of the palace in a momentary simultaneity. The artist's gaze appears like a bird's eye view or a hot air ballon view hovering over the subject. Sometimes several perspectives are combined in one and the same painting. Sometimes the main protagonist is seen ten times within the same panoramic picture suggesting

unfolding time and how events turned out especially related to hunt, war, entertainment in the palace or formal audience by a king. This continuous and simultaneous narrative almost presupposes the idea of moving images. (Gajendra Mewari artists seems to have a penchant for action rather than static scenes. Had they been given cameras in the 18th century, they would have preferred movie camera to still camera. In the case of the Mewari artists, the visual experience they were trying to capture is one of action and not of that of a snapshot that they ended up imitating from still photography in the 19th century. It is for the first time that we see portraits of the Maharanas from front with a fixed vantage point, unlike the previous profile portraits with a unidirectional flow or face to face arrangement. Although purists view the art of the 17th century Mewar painting as the most characteristic of the tradition, free of Mughal, European and other influences including photography, it is the eclectic Mewari style which I am interested in exploring here which is refreshing, quirky and full of surprises. Painting, in the Udaipur court was mainly a record keeping activity, it should be seen as an art form later. This is not to undermine the role of the artist but to understand the nature of the artistic activity and how it was put to use by the various Maharanas. In looking at a painting of buffalo sacrifice of 1954 painted by Prabhulal Verma of the reign of Maharana Bhupal Singh based on an unidentified photograph of the same subject, one can see how photographic realism took over the fancy of the Maharanas and the artists that the entire language of Mewari style was foregone in favour of a so called modern look. These kinds of painted portraits and paintings of photographed events from a fixed vantage point became popular ever since the appearnace of the camera. Thus the Mewari artist in the 20th century began to see through the camera and lost his entire perception of pictorial reality that the previous generation of artists had worked out so ingeniously.

As gleaned from Veer Vend and looking at the personalities of the various Maharanas, through the various paintings depicting them, I have chosen to look at paintings created during the reigns of Amar Singh II (b.1672, r.1698-1710), Sangram Singh II (b.1690-d.1734) and Jagat Singh II (b.1709-d.1734-51). Maharanas before them did not have their portraits painted and thus not many documentary evidences of inscribed portraits are found. Jagat Singh I, the great patron of Sahibdin and Manohar who commissioned major manuscript illustra-

tion projects under his patronage such as the Ramayana and Bhagavat did not get his own portraits drawn.[2] This was a new genre that developed with Maharana Amar Singh onwards as can be noted from the Udaipur collection at NGV.

Amar Singh-[3] (b.1672-d.1710)

He was of medium height, wheatish complexion, big eyes and broad shouldered. He had a quick temper and was quite ruthless in the state of anger. He introduced drinking in the house of the Sisodia. In a state of inebriation, he did some strange things just like Mughal emperor Jahangir did. He had some good qualities, and organised the Mewar state very well. Organisation of the parganas, darbar discipline, rules for the entry and exit of the sardars from the darbar were well laid down, he even organized the offices and workshops. He was a brave soldier who took part in battles as well as skirmishes. He built the "Shiva Prasanna" Amar Vilas palace, a grand and high quality structure from white stone. It is now known as the 'badi mahal'.

Maharana Amar Singh encouraged portrait painting as well as pale palette paintings during this period. Grisaille style nim kalam portrait of Maharana Amar Singh suggest that he was encouraging his artists to change their usual palette deriving influences from the prevailing Mughal examplex. Udaipur artists adapted it by adding heavy stippling and influence that could also be ascribed to the influence of European engravings in circulation in Mughal and Rajput courts.[4] Portraiture slowly supplanted the importance of mythological paintings in Udaipur court, this is attested to by the profusion of portraits even of attendants and chauribearers whose names are inscribed on the page behind including the names of the sardars present at the event. Another Mughal style portrait of Amar Singh holding a flower and wearing chakdar jama of a much later period suggests the influence of Mughal stylistic features practiced quite freely in paper and cloth paintings all over Mewar.

Early Indian classical texts conceive three basic iconographic forms or *rupas* of Krishna. They are his *Aradhya-rupa*, *Vishwa-rupa*, *Saumya*, or *Lalita-rupa*, a form with moon-like placid beauty. In his *Aradhya-rupa*, he is in the aforementioned four-armed form. The images recovered from Mathura, Gaya and Rajasthan are in *Aradhya-rupa*. Krishna's *Vishwa-rupa* is largely a scriptural form rarely occurring in visual arts. Whichever *Vishwa-rupa* images have so far come to light, have been so conceived that it is difficult to say which of them belongs to Vishnu and which to Krishna.

The natural human form with just two normal arms defines the Saumya or *Lalit-rupa* of Krishna. From around the second-third century onwards, the Puranas begin weaving around him tales of his exploits accomplished in his human form. It was also the golden period of Indian art under the Gupta rulers. Obviously, his human form, as devised *Puranas*, and which the scriptures defined as his *Saumya-rupa*, dominated since onwards the sculptural art, although time and again there also appeared his fourarmed form loaded with *Narayani* attributes. Most of the

sculptures of this period depict his exploits against evil forces, a child sucking dead a ferocious demoness, knocking to pieces the demon Shakata, or dancing over the hoods of deadly viper kaliya and so on, a kind of divine drama full of fiction and stunning action. It was actually the transitional phase of Krishna's iconography seeking to do away its divine aspect and replace it with the humane. Now his all three *rupas, Aradhya, Vishwa* and *Saumya*, blended to create an altogether different *Lila-rupa*. The traits of Vaishnava incarnation cult yet lingered and now and then the four-armed icons too appeared, but the iconography had made a decisive shift from his unborn to his human born form and the mysticism had replaced his erstwhile divinity. The *Lila Krishna* as much, or perhaps more than ever, enshrined Vaishnava shrines, thought the iconographic norms did not prescribe any specific image-kind for the sanctum.

The Lila-rupa

Krishna's icons in *Lila-rupa* might be classed under three groups, his sanctum images, his images engaged in eliminating evil or misgivings, and lastly, the images of his sensuous pursuits and love games. Practically, these three iconic forms of Krishna correspond to his earlier *Aradhya, Vishwa* and *Saumya Rupas* with the difference that all three aspects reveal only in his normal human form and are represented as various dimensions of his *Lila*. The *Lila-rupa* is now the prime thrust of Krishna cult and not only the three prior Rupas merge into it but also the later ones emerge out of it. In every manifest form he is the *Lila-Krishna* or *Lila-Purusha*.

Any of his *Lila-rupas*, crystallized and fixed into an iconic form, may define what might be termed as his sanctum image. Krishna lifts mount Govardhana on his left hand little finger for protecting Vrindavana, its people, animals, nature and so on from Indra's ire. Lifting Govardhana is the climax of a long chain of events, such as Krishna persuading people of Brij to give up the annual worship of Indra and to worship instead their cattle, their real benefactor, Indra's retaliation against the people of Brij and flooding it in entirety with the non-stop torrential rains, and so on. The climax part of the event, which represents Krishna holding Govardhan over his left hand finger, when crystallized into an icon, comprises one of his most popular sanctum image types known as Govardhana-dhari krishna. This *Govardhana-dhari* krishna, though Govardhana itself is only symbolically repre-

sented, is the presiding image of Vallabha's *Pushtimarga* and enshrines its principal seat at Nathdwara and is known as Shrinathji. This seat of Shrinathji developed around it not only an enormous art activity but also its characteristic style and symbolism.

Most of the seats, dedicated to Krishna, except the Jagannath temple at Puri, enshrine Krishna in one of his *Lila-rupas*. The icons in the Jagannath temple at Puri are an exception. The Puri icons, a product of some erstwhile unknown folk tradition of Krishna worship cult, are reminiscent of the ancient Vrashni Trio Comprising of Vasudeva Krishna, his brother Balarama and their sister Ekananga and represent the initial *Aradhya-rupa* of Krishna image. Here Subhadra, the real sister of Krishna, has replaced Ekananga. In the images, enshrining other Vaishnava seats, Krishna is more often represented in three *rupas, Gopalak* Krishna, *Bal* Krishna and Krishna with Radha, or *Radha-Krishna*. In his *Gopalak rupa*, the protector and the keeper of cows, he is Gopal, in his *Bal-lila-rupa*, he is Bal Gopal and in his *Radha-Krishna rupa* he is with Radha, either in a dance move or in a *tribhanga* posture, playing on flute or poised otherwise amorously. With cows around, he is Dhenu Gopal and with flute on his lips, he is Venu Gopal. Some of the popular icons of Bal Gopal, represent him as holding in one of his hands a laddu, the form known as Laddu Gopal, as stealing butter, known as Makhan-chor, holding a butter-pot, known as Navaneet Krishna and the like. Any of these forms may enshrine a sanctum, but his icons depicting his exploits against evil, other than one subduing Kaliya, are not much preferred as a votive image. The globally revered Banke Bihari temple at Vrindavana enshrines the triple curved Krishna image with flute on his lips, though such flute is represented only symbolically. The gold complexioned nude Navaneet Krishna, seated under a well adorned sanctum inlaid with precious stones is the iconographic vision of the South Indian shrines. All ISCON temples enshrine Radha Krishna in an amourous dance pose.

The ingenuity of Krishna image is, however, seen in the medieval miniature painting, which presents him in thousands of modes and situations of love and sensuality and discover in them the subtlest means of spiritual elevation and transcendence. *Each* of the paintings illustrating *Bhagavata Purana, Gita-Govind, Surasagara, Rasikpriya, Bihari Satsai* and numerous other *Krishna-lila* related

texts is a drama enacted in lines and colours. In them, he has been used for personifying *Ragas* and the *Baramasa-type* abstractions, as also to model various *Nayakas*, the hero types, as per Indian classical canons. The paintings of this group range from the large size cloth paintings, the well-known *pichhawais*, to the paintings rendered on a piece of palm-leaf or a rice like tiny object and from his innocent childhood tricks to his *Rasa*, the dance in a ring, and erotic involvement with Radha and Gopis. These painting showed still greater ingenuity in diversifying krishna's *Bal-rupa*. In Krishna-*lila* paintings. although different regions discovered in them their own styles and iconic characteristics, the theme, with its dramatic effects, stunning actions, deeply moving emotions, pictorial quality, lyricism and the all-pervading mysticism, overrides the iconography. Even in regional perception, it is the image and not the style of rendering it that matters more. To the Pahari artist, he is a village stripling, very much like the one from his own neighbourhood; to the Rajasthani painter, he is the model for any ruler to copy his dressing style, sensuality and art of love making; and to the Tanjore artist, he is a nude butter eating and butter like tender fleshy, plump and cute child glowing with moon's brilliance. Texts prescribed iconograpohic specifications for rendering his image, but with tooo dynamic a form, if a form he ever had, he hardly ever allowed a prescription to arrest him into a specific model.

❑❑

बालकमउ, इलाहाबाद, की अप्रकाशित दुर्लभ पाषाण जैन प्रतिमाएं

डॉ देवप्रकाश शर्मा*

इलाहाबाद जनपद (24°041'–25°47' उत्तर अक्षांस से 81°9' पूर्व देशान्तर)[1] उत्तर प्रदेश में गंगा यमुना नदियों के मध्य अवस्थित होने के कारण पुरातात्विक शोध की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। इस जनपद के चौपनी माण्डो, मेहगढ़ा एवं कोल्डीहवा, स्थलों से उत्खनन द्वारा पाषाण काल तक की पुरा सामग्री प्रकाश में आई है।[2] यहाँ के कौशाम्बी[3], शृंगवेरपुर[4], भीटा[5], झूँसी[6], कड़ा[7], भरद्वाज आश्रम[8], लक्षागिरि[9] तथा दुर्वाषा आश्रम[10] से 1100–70 ई0पू0 तक की प्राचीन पुरा सामग्री सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त हुई है। वर्ष 1981–82 में पुरातात्विक अनुसंधान के फलस्वरूप इस जनपद के निकट तहसील के बालक मऊ स्थल से प्रारम्भिक काल की जैन एवं हिन्दू पाषाण प्रतिमाओं की खोज की है जो एतिहासिक परिप्रेक्ष्य में अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।

बालक मऊ इलाहाबाद शहर से 45 कि0मी0 पश्चिम तथा सैनी से 1 कि0मी पूर्व जी0टी0रोड से 2 कि0मी0 दक्षिण में स्थित है। यहाँ से गंगा नदी 5 कि0मी0 उत्तर की तरफ है। इस क्षेत्र के निकटवर्ती पूर्व अन्वेषित प्राचीन स्थली कड़ा से 19 कि0मी0 पूर्व श्रृंगवेरपुर से 28 कि0मी0 पश्चिम तथा कौशाम्बी से यह स्थल 35 कि0मी0 उत्तर की तरफ स्थित है। प्रस्तुत लेख में बालकमऊ में दुर्भभ पाषाण जैन प्रतिमाओं का मात्र निर्दशन प्रस्तुत किया है। यहाँ से प्राप्त निम्न जैन प्रतिमाएं विशेष महत्व की हैं।

1. जैन तीर्थकर पद्म प्रभु की प्रतिमा:' आबू की बैठी जैन तीर्थकर प्रतिमा विशेष महत्व की है। प्रतिमा भूरे बलुआ पत्थर पर निर्मित है तथा उसका आकार 87X61X37 से0मी0 है। जैन तीर्थकर पद्म प्रभु को पद्मासन मुद्रा में बैठे प्रर्वतित किया गया है। तीर्थकर की नाक, हाथों का निचला भाग प्रतिमा के ऊपर की तरफ बांया भाग एवं पादुका का भाग अंशतः भग्न तीर्थकर सिंह के आसन पर विराजमान हैं। प्रतिमा के दोनों तरफ यक्ष एवं यक्षणी त्रिभंग मुद्रा में खड़े दर्शाया गया है। यक्ष का मुख ध्वस्त है। यक्षणी हाथ में गदा धारण किये है। प्रतिमा के नीचे बांये कोने में वामन आकृति का अनुचर उत्कीर्ण है। तीर्थकर के सिर पर अगुंष्ठमात्र कुंचित केशों से आच्छादित हैं तथा आँखें नीचे की तरफ देख रही हैं। इनके कान लघु आकार के हैं तथा मुख पर सौम्य सौन्दर्य एवं प्रसन्नता की अनुभूति विद्यमान है। तीर्थकर कमल पर आसीन, पैर के तलवे में पद्म का अंकन है तथा वक्ष स्थल पर श्री वत्स प्रदर्शित है। कमलपीठ एवं पैर के तलुओं में कमल के अंकन के आधार पर यह प्रतिमा पद्मप्रभु की मानी जा सकती है। प्रस्तुत प्रतिमा में प्रर्दशित यक्ष एवं यक्षणी की प्रतिमा का समीकरण कुश मा यक्ष .... या मा यक्षणी से की जा सकती है जो पद्म प्रभु की प्रतिमाओं में उनके साथ किनारे पर उत्कीर्ण की जाती हैं। जैन पुराण पद्मप्रभु का आदि निवास स्थान कौशाम्बी मानते हैं।

''जम्बू दीपे च कौशाम्ब्या पति रिव्या कुवशंज।

पूर्व निदेशक, भारत कला भवन, वाराणसी

गौत्रेण कश्यपो राजा चारणलो महानभूत।।

तस्य देवो सुसोभाख्या रत्न वृष्टि या विभानिता।''

उत्तर पुराण

पद्मप्रभु की गुप्त एवं उत्तर गुप्त काल की प्रतिमाएं कौशाम्बी से भी प्राप्त हुई हैं जो अब प्रयाग विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के संग्रहालय में प्रदर्शित हैं। कला शैली के आधार पर इस प्रतिमा का काल छठीं से सातवीं श0ई0 सन् से निर्धारित किया जा सकता है।

2. जैन तीर्थंकर महावीर :– यहाँ से जैन तीर्थंकर महावीर की पद्मासन मुद्रा में बैठी एक अन्य प्रतिमा, कला शैली की दृष्टि से विशेष महत्व की है। मूर्ति भूरे बलुआ पत्थर पर निर्मित है तथा उसका आकार 140X100X35 से0मी0 है। पादुका के भाग के मध्य में महावीर का लांछन सिंह उत्कीर्ण है। प्रतिमा का बांया हाथ अंशतः तथा दांया हाथ पूर्णतः क्षतिग्रस्त है। प्रतिमा के दोनों तरफ मातम यक्ष त्रिभंग मुद्रा में प्रदर्शित है। प्रतिमा के मुख एवं वक्ष पर तैल के लेपन से यह भाग काला हो गया है सिर पर अंगुष्ठ मात्र किंचित केश तथा मुख पर सौम्य सौन्दर्य परिलक्षित है। मुख पूर्णतः गोल, आँखे ध्यान मग्न हैं। सिर के पीछे प्रभामण्डल एवं ऊपर छत्र सुशोभित है सिर के दोनों किनारे पर कोष्ठकमें पद्मासन मुद्रा में लघु जैन तीर्थंकर उत्कीर्ण हैं। छत्र के ऊपर संगीत मण्डली प्रदर्शित है। प्रतिमा के मध्य दोनों तरफ शार्दुल उत्कीर्ण है। महावीर जैन धर्म में सर्वशक्तिमान अन्तिम चौंतीसवें तीर्थकर माने गये हैं। महावीर की प्रतिमायें अधिकांशतः बैठी मिली हैं। इस सन्दर्भ में विवेचित प्रतिमा भी इसी वर्ग में रखी जाती है कला शैली के आधार पर प्रतिमा का काल 9वीं–10वीं श0 ई0 सन् निर्धारित किया जा सकता हैं। महावीर की प्रतिमा में सिंह का लांछन चिन्ह उसके आत्मीय वीरता का प्रतीक है। दोनों नीचे किनारों पर यक्ष को गज पर सारूढ़ दिखाया गया है जो महावीर के राजसत्ता के प्रतीक बैठी जैन प्रतिमाएं राजगीर ग्वालियर, देवगढ़ एवं मथुरा से प्राप्त हुई हैं।

3. जैन तीर्थंकर अजीतनाथ :– मऊ से जैन तीर्थंकर अजीतनाथ की पद्मासन में बैठी प्रतिमा प्रकाश में आई है। प्रतिमा बलुआ भूरे पत्थर पर निर्मित है तथा उसका आकार 110 X 89 X 33 से0मी है। पादुका वाले भाग के मध्य में लांछन चिन्ह गज उत्कीर्ण है। मुख्य प्रतिमा के शरीर एवं मुख पर तैल के लेपन से वह काली दिखाई पड़ती है। प्रतिमा का काल 9वीं–10वीं श0ई0सन् निर्धारित किया जा सकता है। सिर के पार्श्व में पद्म एवं ऊपर छत्र उत्कीर्ण है। केश किंचित तथा मुख पर सौम्य सौन्दर्य तथा तीर्थंकर ध्यान मग्न हैं। नीचे दोनों किनारों पर महायक्ष सीधे खड़े प्रदर्शित दोनों हाथ जंघों के पास हैं मुख के दोनों तरफ गजारोही उत्कीर्ण हैं तथा उनके नीचे त्रिरत्न है। ऊपर दोनों किनारों पर महायक्ष खड़े प्रदर्शित हैं जिनके मध्य संगीत मण्डली दर्शायी गयी है। अजीतनाथ की माता ने उनके जन्म से पूर्व गज को स्वप्न में देखा था इसी कारण जैन प्रतिमाओं में अजीतनाथ का लांछन गज माना गया है।

दैवि विजयसेनाख्या षोडश स्वप्न पूर्वकम्।
प्रविशन्त विलोक्यात्मवषत्रान्ज गथ सिन्दुरम्।।

उत्तर पुराण 48

4. जैन तीर्थंकर आदिनाथ : भगवान आदिनाथ पद्मासन मुद्रा में बैठे प्रदर्शित किये गये हैं। प्रतिमा भूरे बलुआ पत्थर पर निर्मित है तथा उसका आकार 100 X 76 X 28 से0मी0 है। प्रतिमा के पार्श्व में किसी प्रकार की आकृति उत्कीर्ण नहीं है। सिर पर किंचित केश, मुख गोलाकार तथा उस पर सौम्य परिलक्षित आँखें नीचे की तरफ देख रही हैं। दोनों कंधों पर बालों की लट् दर्शायी गयी है। कन्धों पर लटों के आधार पर यह प्रतिमा आदिनाथ की मानी जा सकती है जो 17वें तीर्थंकर थे। कला शैली के आधार पर प्रतिमा का काल पाँचवी–छठीं श0ई0 सन् तक निर्धारित किया जा सकता है।

सन्दर्भ :

1. नाविल, इलाहाबाद ए गजेटियर वाकूम XX111 (इलाहाबाद–1928)
2. मिश्रा–बी0डी0सम एक्सपेक्ट ऑफ प्री हिस्ट्री (इलाहाबाद–1977)
3. घोष, एन0एन0,एन अर्ली हिस्ट्री ऑफ प्री कौशाम्बी (इलाहाबाद–1935)
4. लाल, बी0बी0,श्रृंगवेरपुर ए को साइट पर द प्रोटो हिस्ट्री एण्ड अर्ली प्री हिस्ट्री ऑफ द सेन्ट्रल गंगा वेली, पुरातत्व नं0 10 (नई दिल्ली–981)
5. आर्कयालोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया वार्षिक रपट 1911–12 पृ0 29–94.
6. वर्ष 1979 में प्रयाग विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विषय के शोधकर्ताओं सर्व श्री देव प्रकाश शर्मा एवं बाल गोविन्द ने सर्वेक्षण क्रम में एन0वी0पी0 मृदभाण्ड कड़ा से एकत्र किये।
7. काला, एस0सी0, एन्टीक्यूटीज फाम झूँसी इन द इलाहाबाद म्यूजियम जर्नल ऑफ इण्डियन म्यूजियम वालूक XIXI (कलकत्ता–1958–60)
8. लाल, वी0पी0 भरद्वाज आश्रम द आर्कयालोजिक इविडेन्स इन पुरातत्व
9. काला, एस0पी0 लक्षागिरि जनरल ऑफ द यू0पी0 हिस्ट्री सोसायटी (न्यू सीरीज) वालूक XI लखनऊ 1954–पृष्ठ 35–38.
10. देव प्रकाश शर्मा दुर्वाषा आश्रम से एन0वी0पी0 मृदभाण्ड प्रकाश में आये देखिये अमृत प्रभात दैनिक समाचार–पत्र, इलाहाबाद–198

◻◻

“संग्रहालय : सांस्कृतिक धरोहर का रक्षक”

कालिदासीय काव्य का मूर्तिकला पर प्रभाव

—प्रो0 हरिदत्त शर्मा

मानव की शब्दार्थमयी भावरूपा सृष्टि है काव्य, जिसका स्रष्टा अपार काव्य संसार का विधाता कवि होता है, जो अपनी अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिमा के बल से इसकी सर्जना करता है। यह शिल्पी विश्व में व्याप्त विविध सौन्दर्याधायक तत्वों द्वारा अपनी कला को समग्रता प्रदान करता है। कविता–कामिनी के विलास कवि कालिदास इसी सौन्दर्यतत्व के उपासक कवि हैं। उनका समग्र काव्य संसार इसी सौन्दर्य तत्व से भरा पड़ा है। उनके सौन्दर्य–विधान की उपादान भूमि है भारतभूमि तथा प्रकृति की यह सुरम्य विशाल रंगस्थली। उन्होंने भारतभूमि तथा प्रकृति के प्रांगण में फैले विविध सौन्दर्य–प्रतिमानों को मोटिफ के रूप में ग्रहण किया और समय–समय पर अनेक शिल्पकारों, चित्रकारों एवं मूर्तिकारों ने उन्हें कलाकृतियों के रूप में नव रूपान्तर प्रदान किया। कला कालिदास की कविता में अन्तर्निहित है। कालिदास केवल कवि ही नहीं हैं, अपितु कलाकार कवि हैं, जैसे कि एक स्थान पर सी0 शिवराममूर्ति ने कहा है— 'Kalidasa is not only 'the poet's poet', but also 'the artist's poet'.' कालिदास के काव्यों–विशेष रूप से उनके नाटकों में— संगीतकला के तत्व भरे पड़े हैं। संगीत के प्रसंग में विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर के ये शब्द स्मरणीय हैं—

''कविवर ! कवे... पुंजीभूत

चित्रकला के भी अनेक सन्दर्भ कालिदासीय काव्यों में मिलते हैं। अनेक चित्रकारों ने कालिदास के दृश्यविधान पर अपनी तूलिका चलाई है। कालिदास ने अपने काव्य में जिस बिम्बविधान और प्रतीक–प्रयोग को रूपायित किया है, उन्हीं बिम्बों, प्रतीकों, मोटिफों एवं कवि–कल्पनाओं को कलाकारों ने अपनी कलाओं में रूपान्तरण किया है, उसी शब्द शिल्प को मूर्तिकारों ने मूर्तिशिल्प में परिवर्तित कर दिया है। कालिदास के काव्यों में मूर्तिकला का प्रत्यक्ष प्रयोग संगीतकला एवं चित्रकला की भाँति तो नहीं है, पर उनका भारतीय मूर्तिकला पर दीर्घगामी प्रभाव पड़ा है और अनेक मूर्तिशिल्प तो कालिदासीय साहित्य से प्रेरणा प्राप्त कर ही निर्मित हुए हैं।

कालिदास ने अपने काव्यों में जिन देवताओं, अर्ध देवताओं एवं मानवेतर योनियों को स्थान दिया है। उनमें प्रथम हैं भगवान शिव। रघुवंश का आरम्भ पार्वती–परमेश्वर की वन्दना से होता है, मालविकाग्निमित्र व विक्रमोर्वशीय का आरम्भ शिव वन्दना से होता है; अभिज्ञान शाकुन्तल का आरम्भ–और अन्त शिव वन्दना से होता है, कुमार सम्भव तो शंकर को केन्द्र में रखकर रचा ही गया है। कालिदास ने अष्टमूर्ति, त्रयम्बक, त्रिनेत्र, नीललोहित, नीलकण्ठ, महाकाल, विश्वनाथ तथा गोकर्ण के शिव के रूप में उनकी चर्चा एवं वर्णना की है। कल्याणसुन्दर, त्रिपुरान्तक, गंगाधर, अर्धनारीश्वर एवं रावणानुग्राहक आदि शिव के मूर्तिलेखन सम्बन्धी रूप हैं। कालिदास ने कुमारसम्भव महाकाव्य के तृतीय सर्ग में देवदाररूद्रुम के नीचे वेदिका पर आसीन समाधिलीन शिव का जो योगदशा का चित्र खींचा है,

सेवा निवृत्त प्रोफेसर, उज्जैन विश्वविद्यालय, उज्जैन

उससे प्रभावित अनेक मूर्तिशिल्पों की रचना हो चुकी है। वे वर्णन करते हैं–

स देवदारूद्रुमवेदिकायां, शार्दूल चर्मव्यवधानवत्याम्
आसीनमासननशरीरपातस्त्रियम्बकं संयमिनं ददर्श।।
पर्यंकबन्धसिथरपूर्वकायमृज्वायतं सन्नमितोभयांसम्।
उत्तानपाणिद्वयसन्निवेशात् प्रफुल्लराजीवमिवांकमध्ये।।
भुजंगमोन्नद्धजटाकलापं कर्णावसक्ताद्विगुणाक्षसूत्रम्।
कण्ठप्रभासंगाविशेषनीलां कृष्णत्वचं ग्रन्थिमर्ती दधानम्।।
किचित्प्रकाशस्तिमितोग्रतारैर्भूविक्रियायां विरतप्रसंगैः।
नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधोमयूखैः।।
अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बुवाहमपामिवाधारमनुत्तरंगम्।
अन्तश्चराणां मरूतां निरोधान्निर्वातनिष्कम्पमिव प्रदीपम्।।
कपालनेत्रान्तरलब्धमार्गैर्ज्योतिः प्ररोहैरूदितैः शिरस्तः।
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्यां बालस्य लक्ष्मी ग्लपयन्तमिन्दोः।।
मनो नवद्वारनिषिद्धवृत्ति हृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम्।
यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम्।।

(कुमार0 3/44–50)

शिव की एकाकी प्रतिमा के अतिरिक्त शिव–पार्वती की युगल प्रतिमा की रचना में भी कुमार सम्भव का पर्याप्त योगदान है। भारतीय मूर्तिशिल्पी ने कुषाणकाल में उमा महेश्वर की स्थानक मुद्रावली और फिर गुप्तकाल में स्थानक तथा आसनस्थ दोनों प्रकार की प्रतिमाएं गढ़ी, उनके प्रेरक तत्व के रूप में कुमार सम्भव का बहुत बड़ा हाथ है। कुमारसम्भव में उल्लेख है कि विवाहोपरान्त अपने वृषभ नन्दी पर उमा को आगे बिठाकर और उनके स्तनों को पकड़े–पकड़े शिव मेरू, मन्दराचल, कैलाश, मलय, नन्दनवन, गन्धमादन आदि क्रीडाशैलों पर विहार करने के लिए निकल पड़े। ये शिव की स्थानक मुद्रा के प्रेरक प्रसंग हैं। आसनस्थ मुद्रा का प्रेरक प्रसंग आगे आता है जहाँ सूर्यास्त के समय शिव एक स्वर्णशिला पर बैठ गए और अपनी बाई भुजा के सहारे उन्होंने उमा को उठा लिया–

तत्र कांचनशिलातलाश्रयो नेत्रगम्यवलोक्य भास्करम्।
दक्षिणेतर भुजव्यपाश्रयां व्याजहार सहधर्मचारिणीम्।।

(कु0 8/29)

इसी के आगे का प्रसंग है कि जब शिव पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर विहार कर रहे थे उसी समय पार्वती की सखी विजया और जया आई तो उन्होंने देखा कि पार्वती शंकर की गोद में बैठी हुई हैं और वे इसी अवस्था में उनका श्रृंगार करने लगीं–

अन्तःप्रविश्यावसरेऽर्थ तत्रस्निग्धे वयस्ये विजया जय च।

सुसम्पदोपाचरतां कलानामङ्के स्थितां तां शशिखण्डमौलेः।।

(कु0 9/32)

इस तरह के वर्णन आसनस्थ उमा महेश्वर मुद्रा के प्रेरक माने जा सकते हैं। नटराज शंकर की भुजतरूवन रूप में बनी एक मुद्रा बदामी में प्राप्त होती है, जिसकी चर्चा कालिदास ने मेघदूत में की है–

पश्चादुच्चैर्भुजतरूवनं मण्डलेनामिलीनः।

(पू0मेघ0 39)

मथुरा संग्रहालय में एक रमणी की ऐसी प्रतिमा प्राप्त होती है, जिसमें वह शीशे में अपने संभोग चिन्हों को देख रही है। इस स्थिति का वर्णन कालिदास ने कुमारसम्भव एवं रघुवंश दोनों के प्रसंगों में किया है–

प्रियेण दत्ते मणिदर्पणे सा संभोगचिन्हं स्ववपुर्विभाव्य।

(कु0 9/39)

दर्पणेषु परिभोग दिर्शिनीर्नपूर्वमनुपृष्ठसंस्थितः।

(रघु0 19/28)

रमणी के पैरों में लाल महावर या आलता का लेप श्रृंगार करने वाली दासी से कराये जाने की जो मुद्रा अमरावती मुद्रा में प्राप्त होती है, उसके प्रेरणास्त्रोत भी कालिदास ही प्रतीत होते हैं। रघुवंश में प्रसाधिका (beautician) द्वारा आलता लगाये जाने का ऐसा ही एक चित्र है–

प्रसाधिकालम्बितमग्रपादमाक्षिप्य काचिद् द्रवरागमेव।

उत्सृष्टलीलागतिरागवाक्षादलक्ताकाङ्का पदवीं ततान।।

(रघु0 9/9)

कुमारसम्भव में तो इस आलते लगाने के प्रसंग को सखी द्वारा की गई मीठी ठिठोली में घोलकर प्रस्तुत किया गया है–

पत्युः शिरश्चन्द्रकलामनेन स्पृशेति सख्या परिहासपूर्वम्।

सा रञ्जयित्वा चरणौ कृताशीर्माल्येन तां निर्वचनं जघान।।

(कुमार0 7/19)

शिव की भाँति पार्वती के अनेक रूपों को रूपायित कर कालिदास ने शिल्पकारों को विषय सामग्री प्रदान की है। कुमारसम्भव के तृतीय सर्ग के 52 से 56 तक के पद्यों में तपस्यालीन शंकर की सेवा में रत पार्वती का वर्णन तथ पंचम सर्ग के 14 से 29 तक पद्यों में तपस्यारत पार्वती का वर्णन कर कालिदास ने सुन्दर मूर्ति रचना की सामग्री एकत्र की है। कुमारसम्भव में शंकर की तपस्या भंग करने वाले कामदेव का शरसन्धान करना तथा अन्य समस्त चेष्टाएँ किसी भी शिल्पकार के लिए रोचक विषयवस्तु है। भारतीय शिल्प में षडानन कार्तिकेय को भी स्थान मिला है, जो कालिदास के कुमारसम्भव का प्रमुख पात्र है, तथा 11वें सर्ग में उसके बाल स्वरूप का सुव्यवस्थित वर्णन प्राप्त होता है। ग्यारहवें सर्ग का यह कुमार स्कन्द तारक तथा अन्य असुरों के विनाश के लिए बारहवें तेरहवें सर्ग तक पहुँचने पर ब्रम्हा एवं इन्द्र द्वारा देवसेना का सेनापति बना दिया जाता है–

अत्रोपपन्नं तदमी नियुज्य कुमारसेनं प्रतनापतित्वे।
निघ्नन्तु शत्रुं सुरलोकमेष भुक्तु भूयोअपि सुरैः सहेन्द्रः।।

(कुमार0 12/56)

राजधानी के राष्ट्रीय संग्रहालय में यह दृश्य एक भग्न मूर्तिशिल्प में दृश्यमान होता है।

रघुवंश में कालिदास ने रामकथा का अंकन किया है। उन्होंने अहिल्या उद्धार, धनुर्भंग, राम–वनगमन, सूर्पणखा–नासिका–छेदन, सीताहरण, सीता की खोज, अशोक वाटिका में सीता, सेतु–बन्धन, राम–रावण–युद्ध आदि जो भी वर्णन किये हैं, गुप्तकालीन शिल्प में उनका दर्शन होता है और वे 11वीं, 12वीं शताब्दी के दक्षिण–पूर्व एशिया के मन्दिरों में भी उत्कीर्ण हैं, पर यह कहना कठिन है कि उन पर वाल्मीकि का प्रभाव है या कालिदास का।

देवमूर्तियों के वर्णन के अतिरिक्त कालिदास ने अर्धदेवों के स्वरूप–वर्णन कौशल दिखाया है। कालिदास ने अपने अमर विरहगीत मेघदूत के माध्यम से यक्ष की मूर्ति को अमर बना दिया है। मेघदूत का मेघ का आव्हान करता विरही यक्ष तो सभी चित्रकारों और शिल्पकारों को बहुत भाया है और वह उनकी कला का प्रिय विषय बन गया है। वस्तुतः अलकापुरी में कैलाश पर्वत के शिखर पर रहने वाले यक्ष विलासितापूर्ण जीवन बिताते हैं, वहाँ मन्दाकिनी का शीतल जल बहता है, मन्दारवृक्षों की शीतल छाया उनके ताप मिटाती है, मानसरोवर में स्वर्णिम कमल खिलते हैं, वहाँ वैभ्राज नाम का मनोरम उपवन है, जहाँ वे अपनी प्रियतमा अप्सराओं और देवांगनाओं के साथ मदिरापान लेते हुए सानन्द विहार करते हैं–

यस्यां यक्षाः सितमणिमयान्येत्य हर्म्यस्थलानि
ज्योतिश्छायाकुसुमरचितान्युत्तमस्त्रीसहायाः।
आसेवन्ते मधु रतिफलं कल्पवृक्षप्रसूतं
त्वद्गम्भीरध्वनिषु शनकैः पुष्करेष्वाहतेषु।।

(उत्तरमेघ–5)

वैभ्राजाख्यं विबुधवनिताशरमुख्यासहायाः
बद्धालापा बहिरूपवनं कामिनो निर्विशन्ति ।।

(उत्तरमेघ–5)

मौर्य, सातवाहन एवं शुंग कला के अनेक मूर्तिकारों ने मूर्तिनिर्माण में कालीदास के इस रचना–विध ाान को ध्यान में रखा है। यक्षों के साथ ही किन्नरों एवं सिद्धों की चर्चा भी आई है और वे भी देवयोनि के हैं। यक्षों के साथ यक्षिणियों के वर्ण भी कलाकारों की कल्पना को उद्दीप्ता करने में समर्थ हैं। कालिदास का कलाकार कवि पहले ''तन्वी श्यामा शिखरिदशना पवललिम्बधरोंष्ठी'' कहकर विधाता की आद्या सृष्टि रूपा उस युवती के सौन्दर्य का चित्र खींचता है और बाद में उसी यक्षिणी की विरहावस्था का जो वर्णन ''चक्रवाकीमिवैकाम्'' तथा ''शिशिरमथितां पद्मिनीं वाडन्यरूपाम'' आदि रूप में करता है वह मूर्तिकार और चित्रकार को प्रभूत सामग्री देकर चला जाता है। यक्ष मेघ से कहता है कि उसकी विरहव्यथिता प्रियतमा या तो तुम्हें देवताओं को फूल चढ़ाती मिलेगी अथवा अपनी कल्पना से मेरे इस विरहकृश शरीर का चित्र बनाती होगी या पिंजड़े में बन्द अपनी मिठबोली मैना से यह पूछती होगी कि क्या तुम्हें भी यह प्रियतम की याद कभी आती है, क्योंकि तुम भी उनकी बहुत प्यारी थीं।

पृच्छन्ती वा मधुरवचनां सारिकां पञ्चरस्थां
कच्चिद्भर्तुः स्मरसि रसिके! त्वं हि तस्य प्रियेति।।

(उत्तरमेघ–25)

मथुरा के निकटवर्ती भूतेश्वर से प्राप्त, कुषाणकालीन भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता में सुरक्षित यह मूर्ति इसी भाव को व्यञ्जित करती है। इस देह सौन्दर्य से भास्वर युवती के हाथ में तोते का पिंजड़ा है तथा तोता उसके कन्धे पर बैठकर उसके घुँघरले बालों में चोंच मार रहा है। यक्षिणी विरह काल में किस तरह अपनी स्वरचित कल्पनाओं द्वारा अपने अंगों से प्रियतम के अंगो के साथ गाढालिंगन करती है। इस मूर्ति को भी मूर्तिकारों ने अपनी चातुरी से रचा है। अजन्ता एवं एलोरा में इन वर्णनों का प्रभाव पाया जाता है।

कालिदास के नाटकों के कतिपय दृश्यों को भी शिल्पकारों ने स्थान दिया है प्रयाग के समीप में जो मृग का पीछा करते हुए रथारूढ़ राजा की मुद्रा प्राप्त हुई है, उसे शुंगकालीन बताया गया है और यह कालिदास के शाकुन्तल नाटक से प्रेरणाप्राप्त है। शकुन्तला तृतीय अंक में राजा दुष्यन्त को प्रेमपत्र लिखती है। भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता में 11वीं शती की ऐसी एक मूर्ति उपलब्ध है। इसी तरह दुष्यन्त पुत्र भरत द्वारा सिंह के दाँत गिनना, मालविकाग्निमित्रम् में मालबिका का नृत्य एवं विक्रमोव्रशीयम् में राजा पुरूरवा द्वारा प्रकृति के विविध उपादानों से उर्वशी के विषय में पूछना कलाकारों का अपहृत उत्तम विषय है। प्रकृति के विभिन्न उपादानों को प्रकृति के सुकुमार कवि कालिदास ने विभिन्न रूपों में दर्शाया है कल्पवृक्ष या कल्पवल्ली जो कालिदास के मेघदूत में स्त्रियों के समस्त श्रृंगार प्रसाधन अकेला ही दे देता है–

वासश्चित्रं मधु ....
एकः सूते सकलमबलामण्डनं कल्पवृक्षः ।

(मेघ. उत्तर.–12)

शाकुन्तल में तो वृक्षों के रूप में वन देवताओं ने अपने हाथों से शकुन्तला को आभूषण प्रदान किये–

अन्येभ्यों वनदेवताकरतलैशपर्वभागोत्थितै

र्दत्तान्याभरणामि तत्किसलयोद्‌भेदप्रतिद्विन्दिभिः।।

(अभि. 4/5)

भरहुत की मूर्तिकला में इसी तरह कालिदासीय पंक्तियों के अनुसार ही वृक्षों और लताओं द्वारा पल्लवरूपी हस्ताग्रों से विविध उपहार देते हुए दिखाया गया है और उन्हें ग्रहण करने वाले अनेक युगल भी वहाँ उत्कीर्ण हैं। बोधगया और मथुरा के संग्रहालयों में इन उपहारों से भरे वनदेवताओं के हाथ वृक्षों के तने से बाहर निकलते हुए दिखाये गए हैं। उपहारों में विविध प्रकार के वस्त्र एवं आभूषण स्पष्ट दिखाई देते हैं। कालिदास की रमणियों द्वारा प्रकृति के उपवन से तोड़े गये ताजे पुष्पों को अपना कर्णाभूषण बनाना अथवा अपने बालों में खोंसना शिल्पकारों को बहुत भाया है और इन पंक्तियों को उन्होंने शिल्पों में ढाला है–

चूडापाशे नवकुरबकं चारू कर्णे शिरीषं

सीमन्ते च त्वदुपगमजं यत्र नीपं वधूनाम।

(उत्तरमेघ–2)

किसलयप्रसवोऽपि विलासिनां मदयिता दयिताश्रवणर्पितः।

(रघु0 9/28)

वृक्षों में होने वाला दोहद संस्कृत कवियों का अत्यन्त प्रिय कविसमय है। तरूलताओं में यह अकाल में होने वाला पुष्पों का विकास रमणियों की विविध प्रकार की क्रियाओं द्वारा होता है। उत्तर मेघ में कालिदास ने कहरी संवेदना के साथ रक्ताशोक और बकुल वृक्ष में इसे दिखाया है–

रक्ताशोकश्चलकिसलयः केसरश्चात्र कान्तः

प्रत्यासन्नै कुरबकवृतेर्माधवीमण्डपस्य।

एकः सख्यास्तव सह मया वामपादाभिलाषी

काङ्.क्षयत्यन्यो वदनमदिरां दोहदच्छद्मनाऽस्याः।।

(उत्तरमेघ–18)

कुषाण कला में रक्ताशोक तरू के नीचे खड़ी हुईएक स्त्री को दिखाया गया है, जिसमें बांये पैर से वह अशोक के निचले भाग का स्पर्श कर रही है और अशोक में फूल खिले हैं। यही भाव कालिदास ने मालविकागिनमित्र नाटक में व्यक्त किया है–

नवकिसलयरागेणाग्रपादेन बाला

स्फुरितनखरूचा द्वौ हन्तुमर्हत्यनेन।

अकुसुमितमशोकं दोहदापेक्षया वा

प्रणमितशिरसं वा कान्तमार्द्रापराधम्।।

(मालविका. 3/12)

बोधगया में एक शिल्प में दोहद की ओर उन्मुख रमणी के पैर में प्रियतम स्वयं महावर लगाता

है। यह शिल्प कालिदास के रघुवंश में अग्निवर्ण के चेष्टा में दिखाई पड़ता है–

स स्वयं चरणरागमादधे योषितां न च तथा समाहितः।

(रघु. 19/26)

लघु तरु–पदपों को पुत्रवत् मानना, उनका पालन करना कालिदास की कल्पना है। 11 वीं शताब्दी के एक मूर्तिशिल्प में शिशुरूप वृक्ष को वात्सल्य स्नेह करती हुई एक स्त्री दिखाई देती है, जो कालिदास के रघुवंश और मेघदूत की इन पंक्तियों को चरितार्थ करती हुई प्रतीत होती है–

अमुं पुरः पश्यसि देवदारूं, पुत्रीकृतोऽसौ वृषभध्वजेन।

(रघु. 2/36)

यस्योपान्ते कृतकतनयः कान्तया वर्धितो मे
हस्तप्राप्यस्तबकनमितो बालमन्दारवृक्षः।।

(उत्तरमेघ–15)

इस प्रकार कवि कुलगुरू कालिदास की काव्यकला का परवर्ती मूर्तिकला पर अमिट प्रभाव पड़ा है।

❑❑

"संग्रहालय : सांस्कृतिक धरोहर का रक्षक"

ओसिया स्थित महावीर मन्दिर का समालोचनात्मक अध्ययन उत्तर भारतीय जैन मन्दिरों के विशेष सन्दर्भ में

डॉ शशीबाला श्रीवास्तव

भारत के मरूस्थलीय अंचल में अवस्थित ओशिया ग्राम के प्राचीन मन्दिर सिक्ता राशि के अनन्त विस्तार में एकांकी खड़े हुए अपने अतीत की गौरव गाथा सुना रहे हैं।[1] यह स्थल[2] जोधपुर[3] से पोखरण के मार्ग पर बत्तीस मील दूर स्थित है तथा सम्पूर्ण राजस्थान में ''ओसवाल'' वणिकों के मूल निवास के रूप में सुविदित है। जैन ग्रन्थों में यह ''उपकेश पछवन'' के नाम से उल्लिखित है ''ओसिया'' नाम की इस नगरी के नाम के विषय में एक महत्वपूर्ण रोचक दन्त कथा प्रचलित है कि शत्रु द्वारा पराजित परमार नरेश उप्पलदेव ने प्रतिहार नरेश के इस क्षेत्र में शरण पायी थी। अतः स्थल का नाम ओसिया (ओस्टा–मारवाड़ी भाषा के अनुसार शरण)[4] पड़ा। इतना ही नहीं जैन सम्प्रदाय से इस क्षेत्र की सम्बद्धता के सन्दर्भ में भी अत्यन्त रोचक लोक धारणा व्याप्त है। इसके अनुसार इसी परमार नरेश उप्पल दे ने स्थल पर अवस्थित सच्चिय माता का मन्दिर निर्मित कराया। यही देवी सांख परमारों की कुल देवी थी। अनेक वर्षों के उपरान्त जैन साधु हेमाचार्य के शिष्य रतन प्रभु का इस क्षेत्र में पदार्पण हुआ जिन्होंने सम्पूर्ण राज्य को जैन धम्र स्वीकार करने के लिये कहा परन्तु ऐसा न होने पर रतन प्रभु ने एक चमत्कार दिखाया और अपनी शक्ति द्वारा एक सर्प बनाया जिसने राजकुमार को डस लिया। सर्प के विष से राजकुमार को मुक्ति दिलाने हेतु किये गये सभी प्रयास निष्फल हो गए एवं राजकुमार मृतप्राय होने लगा। पुत्र शोक से विहव्ल नरेश ने तभी घोषणा की कि पुत्र की जीवन की रक्षा करने वाले को वे कुछ भी (मुँह मांगी वस्तु) दे देंगे। रतन प्रभु ने दरबार में उपस्थित होकर उसी सर्प का आव्हन किया एवं उससे राजकुमार के अंग का विष पुनः का खींचने के लिए कहा। अतः उन्होंने जैन धर्म स्वीकार कर लिया परन्तु इन कृत्यों से कुल देवी सच्चिय माता रूष्ट हो गयी। वे संहार करने लगीं और नाना प्रकार की विपत्तियाँ प्रजाजनों पर आने लगीं। ऐसी विकट स्थिति में सभी ''ओसवाल (ओसिया के मूल निवासी) सभी दिशाओं में अपनी रक्षा हेतु भागने लगे परन्तु अनेक ने माँ की प्रार्थना की कि वे उन्हें विवाह आदि शुभ कार्यो के पश्चात् उनकी चढ़ावा चढ़ाने की आज्ञा दें। ज्ञातव्य है कि कोई भी ओसवाल माँ का चढ़ावा चढ़ाने के पश्चात् उस रात्रि में ओसिया में नहीं रूकता किसी संकट या विपत्ति के भय के कारण।[5] यहाँ तक कि वर्तमान समय में भी लगभग ऐसी ही स्थिति है।[6] उपकेश कक्ष से सम्बद्ध जैन कथाएं अनेक संदर्भो से उपलब्ध होती हैं जो जैन धर्मावलम्बियों से स्थल की निकटता को स्वयमेव सिद्ध कर देती है।

प्राचीन उपकेश एवं अर्वाचीन ओसिया प्रतिहार एवं परमार काल से ही समृद्धिशाली नगरी थी। इसके वैभव की पुष्टि यहाँ के सिक्ता राशि में निरन्तर धूप, वर्षा एवं शीत को सहते हुए खड़े लगभग छोटे बड़े तीस देवालय हैं। पश्चिमी भारत के विभिन्न समूहों में यह मन्दिर समूह सर्वाधिक विस्तृत है

जो अधिकांशतः प्रतिहार एवं कतिपय परमार काल की कला संस्कृति के ज्वलन्त उदाहरण हैं। प्रभृत विद्वान ढाकी ने अपने लेख में जैन स्थल की जैन धर्म से सम्बद्धता के विषय में स्पष्ट लिखा है–

अन्तिम बिन्दु (तथ्य) वास्तव में अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिसने प्रस्तुत लेख के विषय का चयन करने में निर्णायक भूमिका अदा की। यद्यपि इस प्राचीनतम हो रही है।

पद्मावती

गूढ़ मण्डप के उत्तर–पूर्वी कर्ण पर उत्तर मुख रथिकर में जैन यक्षी पद्मावती की स्थानक त्रिभंग आकृति प्रदर्शित है। द्विमुख देवी करण्ड भृकुट, कर्णाभरण, मुक्ताहार, कटि मेखला एवं नुपुर से अलंकृत हैं। वे सारिका एवं उत्तरी कारण लिए हैं। सारिका की चुम्भटे अत्यन्त शोभनीय रीति से प्रदर्शित की गयी हैं। उनके दक्षिण कर में पूर्व विकसित पद्म है तथा बांये कर में उत्तरीय को सम्भले है। उनके मुख पर स्मित भाव प्रदर्शित है यह प्रतिमा अपने अंग सौष्ठव की दृष्टि से दीदारगंज की यक्षी से तुलनीय है।

शास्त्रीय नियमों के अनुसार पद्मावती जिस पार्श्वनाथ की यक्षी है। श्वेताम्बर एवं दिगम्बर दोनों परम्पराओं के अनुसार इनका वाहन कुक्कुट एवं सर्प अथवा मात्र कुक्कुट है। प्रायः चतुर्भुज मूर्तियों में उनके करों में पद्म पाश एवं अंकुश प्रदर्शित करने का विधान है। उल्लेखनीय हे कि जैन ग्रन्थों में पद्मावती को चतुर्भुज से चर्तुविशंति भुजायुक्त मूर्तियों का उल्लेख है।[7] प्रायः सभी शास्त्रों में इनके शीर्ष पर सर्पगणों के घटाटोप की बात कही गयी है। परन्तु उपर्युक्त मेल मूर्ति में इनका अभाव है देवगढ़ से कोई दो त्रिभुज मूर्तियाँ उपलब्ध हुयी हैं। एक के करों में वरद मुद्रा एवं सनाल पद्म है तथा दूसरी में पुष्प एवं फल प्रदर्शित है। विवेचित प्रतिमा शास्त्रीय विधानों की कठोरता से मुक्त अत्यन्त सरल भाव से निर्मित कलाकार की सहज मनोवृत्ति की परिचायक है जिसमें प्रमुख तत्व पद्म को एक मुद्रा में प्रदर्शित कर दिया गया है तथा दूसरी भुजा नदी देवियों के समान उत्तरीय का छोर पकड़े हुए प्रदर्शित है।

अच्युता

अच्युता अथवा मनोवेगा जैन तीर्थकर पद्मप्रभ की यक्षी है। यह प्रतिमा गूढ़ मण्डप के उत्तर पश्चिमी कर्ण पर उत्तर मुख प्रदर्शित है। चतुर्भुज देवी कतिपय त्रिभग मुद्रा में हैं। वे कंचुकी, सारिका एवं उत्तरीय धारण किए हैं। करण्ड, मुकुट, बृहदाकार कुण्डल, भारी कण्ठाहार मेखला से अलंकृत देवी का स्वरूप पर्याप्त स्थूल रूप में अंकित है। पद्मावती के समान कमनीयता का पूर्णतः अभाव है। उनके पृष्ठ भाग में वाहन अश्व खड़ा है जिसे हार एवं वलगा से सजाया गया है। मुख भाग खण्डित हो गया है। देवी के दो करों में खड्ग तथा खेटक है। शेष दो करों की वस्तुएं यद्यपि खण्डित हैं परन्तु यह ब्रज एवं मातुलंग ही है। देवी के मुख पर शान्त भाव व्याप्त है।

जैन शास्त्रीय ग्रन्थों में अच्युता के प्रतिमा निर्माण का रोचक वर्णन उपलब्ध होता है। श्वेताम्बर परम्परा के अनुसार (निर्वाणकलिका) में उनके नर वाहन का उल्लेख है।[8] परन्तु दिगम्बर परम्परा (प्रतिष्ठासार संग्रह) में अश्ववाहना मनोवेगा (अच्युप्र) के तीन करों में– वरदमुद्रा, खेटक एवं खड्ग

का उल्लेख है। अपराजित पृच्छा में अश्ववाहना मनोवेगा के करों में बज्र, चक्र, फल एवं वरदमुद्रा दिखाने का विधान है।[9] कला में अच्युता की अनेक मूर्तियाँ मिली हैं।[10] मात्र वारभुजी गुफा की मूर्ति के अतिरिक्त प्रायः सभी प्रतिमाओं के निर्माण से अश्ववाहन, खड्ग एवं खेटक के प्रदर्शन में दिगम्बर परम्परा का पालन किया गया है। उपर्युक्त प्रतिमा के निर्माण में अपराजित पृच्छा के वर्णन के अनुसार दो करों में बज्र एवं फल है तथा शेष अंकन प्रतिष्ठासार संग्रह के निर्देशानुसार है।

चक्रेश्वरी

गूढ़ मण्डप के उत्तर पश्चिम कोन पर पश्चिमी पार्श्व की रथिका में चक्रेश्वरी की यह प्रतिमा स्थापित है। करण्ड, मुकुट, हार, भुजबन्द, कटिमेखला, नूपुर सारिका एवं उत्तरीय से सुसज्जित देवी त्रिभंग मुद्रा में प्रदर्शित है। उनकी देह यष्टि कमनीय है, स्कन्धों से होता हुआ उत्तरीय दोनों पार्श्व में नीचे तक झूल रहा है। मुख पर शान्त भाव विद्यमान है। चतुर्भुज देवी के चतुः करों में चक्र प्रदर्शित है। उनके वाम पार्श्व में सपक्ष गरूण की मानव रूप में लघु आकृति त्रिभग मुद्रा में स्थित हे। कलाकार ने इन देवियों के हार का प्रदर्शन देवगढ़ की देवी मूर्तियों के हार की शैली में किया है। उल्लेखनीय है कि सारिका का अंकन भी ग्रामीण महिलाओं के घघरी के समान किया गया है। गरूड़ के दक्षिण कर में चक्र है तथा वाम कर जानु पर आश्रित है।

जैन ग्रन्थों में चक्रेश्वरी या अप्रतिचक्रा जिन ऋषभनाथ की यक्षी है। श्वेताम्बर परम्परा में चक्रेश्वरी का अष्टभुज एवं द्वादशभुज तथा दिगम्बर परम्परा में चर्तुभुज एवं द्वादशभुज स्वरूपों का उल्लेख है। कलाकारों ने चक्रेश्वरी की चतुर्भुजा से लेकर बहुभुजी मूर्तियों का निर्माण किया है। उल्लेखनीय है कि जैन देव कुल में अपतिचक्रा नाम वाली देवी महाविद्या के रूप में भी उल्लेख है। जैन ग्रन्थों में चतुर्भुजी अप्रतिचक्रा के वस्तुः करों में चक्र का निर्देश है। परन्तु शिल्प में इसका पूर्ण पालन न होने से गुजरात एवं राजस्थान में चक्रेश्वरी तथा अप्रतिचक्रा की प्रतिमाओं में अनतर स्पष्ट करना दुष्कर हो जाता है। कुम्भारिका के शान्तिनाथ मन्दिर एवं विमल वसही के वितान में प्रदर्शित 16 महाविद्यालयों में अप्रतिचक्रा की प्रतिमा भी निर्मित है।[11]

सर्वानुभूति

गूढ़ मण्डप के शिखर में उत्तरी दिशा में निर्मित सिंह वर्ण की रथिका सर्वानुभूति नामक जैन देवता की प्रतिमा स्थापित है।[12] देवता एक लघु पीठिका पर ललितासन मुद्रा में आसीन हैं। महोदर देवता के शीर्ष पर शिखण्डक केश सज्जा के समान मुकुट है। वे बृहदाकार वर्तुल कुण्डल, कण्ठाभरण, यज्ञोपवीत एवं मेखला पहने हैं द्विभुज सर्वानुभूति के दक्षिण कर में चषक एवं वाम कर में नकूलक थैली है। उनके मुख पर स्थित भाव प्रदर्शित है। अपने स्वरूप से वे कुबेर मूर्तियों की प्रतिमूर्ति प्रतीत होते हैं।

जैन ग्रन्थों के अनुसार सर्वानुभूति नेमिनाथ जी के यक्ष हैं तथा नेमिनाथ की प्रतिमाओं के साथ अम्बिका की तथा इनकी मूर्ति निर्तित करने का विधान है। ग्रन्थानुसार धन की थैली, अंकुश एवं पाश से युक्त गजारूढ़ सर्वानुभूति को प्रदर्शित करना चाहिए।[13]

उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतिमा में यक्ष को गजारूढ़ न दिखाकर लघु पीठिका पर बैठे हुए दिखाया गया है।[14]

गौरी तथा अन्य तीन महाविद्याएं

मण्डप के शिखर में उत्तर पश्चिमी कोन पर उत्तरी दिशा को और एक रूप पट्टिका में 3 महाविधाओं का अंकन हुआ है। मध्यवर्तीय रथिका में जिन श्रेयांश नाथ की यक्षी मानवी अथवा गौरी एवं उनके दोनों पार्श्व में अन्य दो देवियां हैं। दोनों देवियों के दक्षिण कर में पूर्ण विकसित पद्म तथा वाम कर में पक्षी है।[15] सर्वाभरण अलंकृत तीनों देवियां पूर्ण विकसित पद्म पर ललितासन मुद्रा में आसीन हैं। चतुर्भुज गौरी के दक्षिण करों में वाण तथा अंकुश हैं। जिसके शीर्ष भाग में त्रिकोण निकले हैं। उनके वाम करों में पुस्तक एवं दण्ड अथवा धनुष है, जो खण्डित तीनों देवियों का अंग सौष्ठव दीदारगंज की यक्षी से तुलनीय है।

श्वेताम्बर परम्परा के अनुसार मानवीय या गौरी का वाहन सिंह है तथा दिगम्बर परम्परा के मृगवाहना उत्कीर्ण करने का विधान है। इसमें उनके करों में मुदगर अव्ज, कलश एवं वरद मुद्रा का उल्लेख है।[16] अपराजित पृष्छा में पाश एवं अंकुश दिखाने का विधान है।[17] उपर्युक्त प्रतिमा में दिगम्बर एवं अपराजित पृच्छा दोनों परम्पराओं का आंशिक प्रदर्शन है।[18]

मुख्य मन्दिर तथा देव कुलिकाओं के कर्ण रथिकाओं में जंधा भाग पर अष्ट दिक्पतियों की अनुपम झांकी प्रस्तुत की गयी है। वस्तुतः ओसिया के समस्त मन्दिरों में दिक्पति उपस्थित हैं, परन्तु विवेचित मन्दिर में उनका प्रदर्शन सर्वोत्तम हैं इस दृष्टि से इनका विवरण प्रस्तुत करना उचित होगा।

इन्द्र

पूर्व दिशाधिपति शचीन्द्र की प्रतिमा अपने निश्चित दिशा में अर्थात् दक्षिण पूर्व कोण पर मुख अंकित है। मूल प्रासाद अथवा गर्भ गृह की कर्ण रथिका में वे द्विभुज तथा देवकुलिकाओं में प्रायः चतुर्भुज निर्मित है। गर्भ गृह की प्रतिमा में देवता, हार, कुण्डल (वृत्ताकार) मुकुट कटि की व्याख्या किया है।

स्थानक

अतिभंग मुद्रा में पीठिका पर स्थित है। उनके आँखों पर योग पट्ट उपबद्ध है। दोनों भुजाएं खण्डित हैं। अतः गृहित आयुध का ज्ञान असम्भव है। इन्द्र के दक्षिण पार्श्व में ऐरावत प्रदर्शित है। सुपुष्ट देहवान देवता के मुख पर स्मित भाव विद्यमान है।[19]

अग्नि

मूल प्रासाद में पूर्वी कोण पर दक्षिण पूर्व के दिक्पति अग्नि दक्षिण मुख प्रदर्शित हैं। द्विभुज देवता त्रिभंग मुद्रा में स्थानक प्रदर्शित है। उनका दक्षिण कर अभय मुद्रा में उठा हुआ है तथा वाम कर में कमण्डलु धारण किए है। देवता रूद्राक्ष की माला, कण्कण, कटिमेखला एवं करण्ड मुकुट धारण किये है। उनके पृष्ठ भाग में अग्नि शिखाएं प्रदर्शित हैं। वाहन मेष दक्षिण पार्श्व में पीछे खड़ा है। देवता के मुख पर शान्त भाव विद्यमान है।[20]

यम

मूल प्रासाद के दक्षिणी भित्ती पर दक्षिणी पश्चिमी कोण पर दक्षिण दिशाधिपति यम की प्रतिमा प्रदर्शित है। द्विभुज देवता का दक्षिणी कर खण्डित है तथा वाम कर से जानु पर उत्तरीय का छोर पकड़े है। वे वृत्ताकार कुण्डल ग्रेवेयक कटि मेखला एवं धोती धारण किए हैं। शीर्ष पर मुकुट इन्द्र के समान प्रदर्शित है। वाहन महिष पृष्ठ भाग में दक्षिण पार्श्व में स्थित है। उल्लेखनीय है कि इस मन्दिर में यम की आकृति उतनी भयानक नहीं निर्मित है।[21]

निर्ऋति

मूल प्रसाद के पश्चिम दक्षिण कोण पर (नेऋत्य कोण) पश्चिम मुख दक्षिण पश्चिम के स्वामी निर्ऋति की द्विभुज मूर्ति स्थापित है। देवता अंतिभंग मुद्रा में स्थानक प्रदर्शित है। शीर्ष पर नरमुण्डों की माला मुकुट के समान धारण किए है। कर्णों में लम्बाकार कुण्डल है कटिवस्त्र एवं घुटनों पर योग पट्ट आबद्ध है। शववाहन की खण्डित आकृति अवशिष्ट है। दोनों भुजाएं खण्डित हैं। अतः आयुध विनष्ट हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यम एवं निर्ऋति की तुलना में निर्ऋति देव की मुख मुद्रा अधिक भयावह प्रदर्शित है। जबकि सर्वत्र यम को विकराल रूप में कला में अंकित करने की प्रथा मिलती है।[22]

देवकुलिओं की अष्ट दिक्पाल प्रतिमाएं

मूल प्रासाद के ही समान पूर्वी एवं पश्चिमी पार्श्ववर्ती सभी देवकुलिकाओं के कर्ण रथिकाओं पर अपने निश्चित स्थान एवं क्रम में अष्ट दिशाधिपति विराजमान है। परन्तु यह सभी चतुर्भुज है तथा उनका अंकन परवर्ती युग के प्रतिमा विधान के अनुरूप हुआ है। प्रतिमा विज्ञान की दृष्टि से मूल प्रासाद के अलंकरण विहीन सादे दिक्पतियों की द्विभुज मूर्तियों की तुलना में यह सभी प्रतिमाएं धना उकेरी से परिपूर्ण हैं। उनके आयुधों का प्रदर्शन विकसित शैली में हुआ है। सभी स्थलों पर चतुर्भुज दिक्पति पद्मपीठिका पर स्थानक त्रिभंग मुद्रक में प्रदर्शित हैं। सभी अपने वाहनों के साथ हैं परन्तु उनके चतुः करों द्वारा गृहित वस्तुओं का वर्णन उल्लेखनीय है। पूर्व दिशा की देवकुलिका सं0–2 में चतुर्भुज इन्द्र के दक्षिणाधः कर वरद मुद्रा में हैं तथा दक्षिणोर्ध्व में वज्र है। वाम दोनों ही खण्डित है। अग्नि देव के दक्षिणोर्ध्व में सुवा है। शेष कर खण्डित हैं। वे लम्बकूर्च जटा भार से युक्त अग्नि शिखाओं से आलोकित बनाए गए हैं। यम के सभी कर खण्डित हैं। मात्र दक्षिण कर द्वारा ग्रहीत खट्वाहुक्का शीर्ष मात्र अवशिष्ट है। पार्श्व में वाहन महिष है। निर्वस्त्र निर्ऋति शवारूढ्द है। उनके वामाधः कर में सरूग है। शेष खण्डित हैं। उल्लेखनीय है कि यम के शीर्ष पर जटाभार जिसमें एक नरमुण्ड अंकित है तथा पूरे सिर में नरमुण्ड की माला भी धारण किए हुए हैं। पश्चिमी कोणाधिपति वानष के की खण्डित है। वायव्य दिशाधिपति वायु के उर्ध्वकरों के ध्वज हैं जो निश्चय ही दसवीं शती की मूर्तियों को प्रमुख तत्व है। इनका दक्षिणाधः कर वरद मुद्रा में है एवं वामाधः में कमण्डल है। सोम दिशाधिपति धनद अपने ऊर्ध्व करों में द्वारा नकूल को अपने स्कन्धों पर उठाए हैं। वामाधः कर थैली लिए हुए यम दक्षिणाधः खण्डित है। ईषाण कोण पर पूर्व मुख स्थापित ईषानदेव

शिव के स्वरूप में प्रदर्शित है। दक्षिणोर्ध्व कर में त्रिशूल तथा वामोर्ध्व कर में चक्र है। अद्यः कर युगल खण्डित हो चुके हैं। मन्दिर संख्या तीन में सभी देवता इसी प्रकार हैं, परन्तु अग्नि के साथ दण्ड पिंगल भी उपस्थित हैं।

पश्चिम दिशा के देव कुलिका में दक्षिणी मन्दिर के सभी देवपति मूर्तियां समान हैं, परन्तु यहाँ कुबेर के साथ वाहन के रूप में गज को अंकित किया गया है। इसी दिशा के उत्तरी देवकुलिका में यद्यपि सभी के आयुध पूर्ववत हैं परन्तु कतिपय भिन्नता भी मिलती है। यथा इसमें अग्नि के दक्षिणार्ध कर में सुवा वामोर्ध्व में पुस्तक एवं वामाकः में टोटीदार कमण्डलु है। यम के दक्षिणाधः में लेखनी वामाधः कर में पुस्तक, दक्षिणोर्ध्व में खड्गवाग एवं दामोर्ध्व में चिड़ियां हैं। निर्ऋति के अल्प करों में खड्ग एवं खप्पर है। अंकः खण्डित हैं। वरनण के दक्षिणोर्ध्व कर में पाश है अन्य खण्डित हैं। वायु के इस स्थल पर चतुःकरों में आयुध सुरक्षित हैं। उनके उर्ध्व करों में ध्वज है।दक्षिणावध ाः में यक्षमाला एवं वामाकः में कमण्डलु है। कुबेर यहाँ भी ऊर्ध्व करों से नकुलक स्कन्धों पर वहन कर रहे हैं। उनका दक्षिणाधः कर कटि पर है एवं वामाधः खण्डित है। ईषान देवता का दक्षिणाधः वरद मुद्रा में एवं अन्य में क्रमशः त्रिशूल, सर्प एवं कमण्डल है। वाहन वृष भी यहाँ सुरक्षित है।

उल्लेखनीय है कि कुबेर के उर्ध्व करों द्वारा वहन करता हुआ नकुलक दसवीं शताब्दी में निर्मित खजुराहो मन्दिर की बहुसंख्यक कुबेर प्रतिमाओं के साथ अंकित किया गया है। इसी प्रकार वायु के ऊर्ध्व करों का ध्वज यम के ईषान से सभी देवताओं के चतुःकरों द्वारा ग्रहित वस्तुएं मूल प्रासाद की दिक्पाल मूर्तियों की तुलना में दसवीं शताब्दी के विकसित स्वरूप को परिलक्षित करते हैं।

इन प्रतिमाओं के प्रतिमा विज्ञान की दृष्टि से स्थल पर उपलब्ध सभी मन्दिरों की दिक्पति मूर्तियों से तुलनात्मक अध्ययन अपेक्षित है।[23]

मन्दिरों के कर्ण रथिकाओं पर दिक्पति निर्माण के सम्बन्ध में शिल्प शास्त्रों एवं पुराणों में विस्तृत उल्लेख किया गया है। गुप्तकाल से मन्दिर वास्तु का विकास क्रम सुस्पष्ट होता है। इस काल के ग्रन्थों में सर्वप्रथम मन्दिर वास्तु के प्रसंग में इन दिक्पतियों का उल्लेख मिलता है। चौथी शताब्दी के अमर सिंह के अमर कोष में स्पष्टतः इनकी निश्चित दिशा एवं नाम निर्धारित हो गयी है। जयाखक संहिता में मंत्र सूची में दस दिक्पालों, उनके आयुधों के लिए मंत्रोच्चार का विधान बताया गया है।[24] वृहत संहिता[25] के वास्तु विद्याध्ययन के अन्तर्गत वास्तु कुछ पुरूष मण्डल में विभिन्न पादों में देवताओं की स्थिति का निर्देशन आग्नेय, ईशान, नैर्ऋत्य एवं वायव्य कोणों के आध ाार पर किया गया है। अर्थात् दिशाओं का नामकरण उनके अधिपति दिक्पालों के नाम के आधार पर होता था। गुप्तोत्तर युग से तथा पूर्व मध्यकालीन मन्दिरों में दिक्पति प्रतिमाएं अनिवार्य रूप से प्रतिष्ठित की गयी।[26] आयुध के प्रदर्शन में अधिकांशतः रूप मण्डन[27] तथा अपराजित पृच्छा[28] के नियमों के अनुसार हुआ है। जैसे पूर्व वर्णित कुबेर प्रतिमा के साथ गजवाहन का उल्लेख रूप मण्डन में उपलब्ध है।[29]

महावीर मन्दिर ओसिया के निर्माणकाल के विषय में पर्सी ब्राउन भण्डारकर दायरा आदि उद्भर विद्वानों ने अपना मत व्यक्त किया है। प्रा0 हाण्डा ने भी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की है।

पर्सी ब्राउन के अनुसार– It appears to have been first build at rhe end of eight century and then repaired and added to in the tenth century, So that it is a record of development over two periods.

मन्दिर के स्तम्भों की शैली के अन्तर के आधार पर भण्डारकर महोदय ने इसे वत्सराज के शासन काल में निर्मित बताया है।[30] (अर्थात् वि0सं0 1035, 978 ई0) ढाकी महोदय ने स्पष्ट रूप में शिखर का सूक्ष्म अध्ययन करके यही निष्कर्ष निकाला है कि आठवी शती में मूल मंदिर के शिखर का निर्माण हुआ था जिसे जाल शैली एवं अण्डक अलंकरण द्वारा ग्यारहवीं शती में पुनर्निर्मित किया गया। वस्तुतः प्रकण्ड विद्वान कृष्ण देव जी भी इसी मत से सहमत है।[31] ढाकी महोदय ने स्पष्ट रूप में शिखर का सूक्ष्म अध्ययन करके यही निष्कर्ष निकाला है कि आठवीं शती में मूल मंदिर के शिखर का निर्माण हुआ था जिसे जाल शैली एवं अण्डक अलंकरण द्वारा ग्यारहवी शती में पुनर्निमित किया गया। वस्तुतः प्रकण्ड विद्वान कृष्ण देव जी भी इसी मत से सहमत है। इस संदर्भ में लिखा है कि ''जगतपूर्वी उभय मुखी मुखचतुष्की, वालानक, मूल प्रासाद, मुख मण्डक भ्रमास्सी का सभी अंग एक समय बने हैं। यह वही समय था जब जिन्दक के अभिलेख के अनुसार वत्सराज प्रतिहार शासन कर रहा था। यह सभी महामारू शैली के हैं। जिन्दक ने 956 में वालानक का पुर्ननिर्माण कराया था।. .... कुछ काल बाद (एक पीढ़ी) देवकुलिका नं0 5 (उनके द्वारा वर्णित) का निर्माण हुआ जो महामारू शैली का परवर्ती स्वरूप में था। इसके शिखर में जाल एवं पीठ तथा जंघा में ब्याल अलंकरण सभी तत्व दसवीं शदी के अन्तिम चरण को व्यक्त करते हैं। देवकुलिकाओं में दो शैली है व्यवहरत हुयी परन्तु महा गुरजर शैली में अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया। 1015 ई0 में द्वितीय चरण में तोरण का निर्माण हुआ और इसी काल में मूल प्रासाद का वर्तमान शिखर भी निर्मित किया गया।............ ... इस प्रकार मंदिर निर्माण की प्रक्रिया तीन शताब्दियों तक चलती रही।''[32]

सम्पूर्ण विवेचना के पश्चात् जैन मंदिरों के निर्माण एवं विवेचित जैन मंदिर के सम्बन्ध में कतिपय तथ्य प्रस्तुत करना उचित होगा। ईसा पूर्व की आरम्भिक शताब्दियों में ही उड़िसा के खण्ड गिरी उदयमिरी[33] में जैन यर्हतों के लिए कलिंग राज में गुहा वास्तु का निर्माण प्रारम्भ किया था और वही प्रक्रिया अरया विधि चलती रही। सम्पूर्ण उत्तर भारत में प्राचीन जैन मंदिरों की संख्या अगणित है। वस्तुतः प्रत्येक ब्राम्हण सम्प्रदाय के मंदिर समूहों के साथ ही जैन सम्प्रदाय के मंदिर भी मिलते हैं। चाहे वे मध्य भारत के विश्वविश्रुत खजुराहों के मंदिर समूह हों या पश्चिमोत्तर क्षेत्र के पर्वतों (आबू पर्वत) में उत्कीर्ण विमल बसही एवं लूण बसही हो अथवा मरूस्थलीय अंचल में अवस्थित प्रतिहार कालीन ओसिया मंदिरों में हों– सर्वत्र जैन मंदिरों की अनुपम छटा ब्राम्हण मंदिरों के संसर्ग में दृष्टिगत होती है।

दूसरा ध्यातव्य तथ्य यह है कि यदि जैन मंदिरों को वास्तुगत विशेषताओं की दृष्टि से देखा जाय तो स्पष्टतः ब्राम्हण मंदिरों के समरूप ही इनका स्वरूप भी परिलक्षित होता है। अपवाद स्वरूप किन्हीं उदाहरणों में कतिपय विशिष्ट संरचनाएं सम्बद्ध कर दी गयी हैं। उदाहरणार्थ खजुराहो स्थित पूर्वा समूह के जैन मंदिरों में पार्श्वनाथ मंदिर के पश्चिमी दिशा में एक अतिरिक्त चतुष्की संलग्न है

जो वास्तुकार का एक नवीन प्रयोग ही कहा जा सकता है। तात्पर्य यह है कि जैन मंदिरों के निर्माण में भी वास्तुकारों ने उन्हीं का पालन किया जिनका प्रयोग वे बहुसंख्यक ब्राम्हण सम्प्रदाय के वैष्णव, शैव, सोर एवं गाणपत्य सम्प्रदायों के मंदिरों में कर रहे थे। यद्यपि एक अद्‌भुत तथ्य यह अवश्य उद्‌घाटित होता है कि ब्राम्हण सम्प्रदाय के शाक्त सम्प्रदाय में जोगिन मंदिरों का वास्तुगत स्वरूप पूर्णतः भिन्न होता है। तात्पर्य यह है कि मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश करने पर ही मूल देवता के दर्शन से मंदिर का विशिष्ट सम्प्रदाय से सम्बद्धता का ज्ञान हो पाता है।

मंदिरों के वास्तुगत समानता के साथ ही साथ कतिपय बिन्दुओं पर स्थित अंगों पर अंकित मूर्तियों के चयन में ही दोनों सम्प्रदायों में समानता मिलती है। यथा अष्ट दिक्पाल, नव ग्रह तथा अन्य प्रतिमाएं दोनों स्थलों पर समान रूप में अंकित की गयी हैं। उल्लेखनीय है कि कहीं–कहीं तो अत्यन्त विशिष्ट अंकन भी उपलब्ध होता है। जैसे– शांतिनाथ मंदिर, (खजुराहो), के एक गौण मंदिर के कर्णरथ के बदले उसके द्वार उत्तरंग पर अष्ट दिक्पालों का अंकन किया गया है। ऐसा ही अंकन जरई मठ के मंदिर में भी द्वार पर है (बरवासागर)।

उल्लेखनीय है कि जैन मंदिरों के भित्ति पर नट्टद्वंकित मूर्तियों के चयन में भी जैन प्रतिमाओं के साथ ही साथ ब्राम्हण धर्म के देवी–देवताओं का भरपूर प्रदर्शन हुआ है। दोनों सम्प्रदायों की कलाकृतियों में व्याप्त समानता के मूल में एक सशक्त विचारधारा पैठी थी। प्रायः सभी जैन तीर्थंकर भारतीय समाज के अभिजत्य वर्ग से सम्बद्ध थे। प्रथम तीर्थकर आदिनाथ या ऋषभनाथ भारतीय पौराणिक साहित्य के महत्वपूर्ण व्यक्ति विवेक महाराज "नाभि" की ही संतान थे। इसी प्रकार शान्तिनाथ यदुवंशी पंचवृष्णि वीर बलराम कृष्ण के ही भाई थे। इसी प्रकार भगवान महावीर भी क्षत्रिय थे एवं ब्राम्हण धर्म में आस्था रखने वाले कुल से ही सम्बद्ध थे।

मंदिरों के वास्तुगत साम्य एवं तीर्थंकर के ब्राम्हण सम्प्रदाय से अविच्छित सम्बन्धों के आधार पर यदि जैन सम्प्रदाय को ब्राम्हण सम्प्रदाय की ही एक शाखा कही जाए तो अतिश्योक्ति न होगी। फिर भी कतिपय अन्तर मंदिरों के विशिष्ट अंगों पर उत्कीर्ण मूर्तियों के चयन में मिलता है जो इन मंदिरों की विशिष्ट पहचान बनाते हैं तथा उन्हें ब्राम्हण समूह के मंदिरों से पृथक करते हैं।

संदर्भ :

1 लोक विश्वास के अनुसार ओसिया अपने समृद्धि पूर्ण युग में एक विशाल क्षेत्र में विस्तृत नगर था जिसके अन्न एवं तेज का बाजार 16 मील दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व में स्थित क्रमशः मथानिया एवं ब्यूरी नामक स्थल थे। इतना ही नहीं इस सुसमृद्ध नगर के अनेक द्वारों में से एक मुख्य प्रदेश द्वार पटियाला में था जो वर्तमान समय में ओसिया से 28 मील दक्षिण में स्थित है। भण्डार कर ए0एस0आई0ए0आर0 1908–09 पृ0 100.

2 भण्डारकर आर0एस0ऑफ ई0ए0टि0 (ASJAR) 1908–09, पृ0 100–101.

3 ओझा गो0ही0–हिस्ट्री ऑफ दि जोधपुर स्टेट पृ0–28–29.

4 धुन्दली मल्ल नामक साधु के शिष्यों को ग्रामीणों द्वारा भिक्षा न मिलने पर साधु ने कुपित होकर सम्पूर्ण प्राचीन

''उप्पल दे'' ने अपने शत्रु द्वारा राज्य से निर्वासित किये जाने पर पंडियार (प्रतिहार) वंश के राजा द्वारा इस क्षेत्र में शरण पाया। सम्पूर्ण मारवाड़ में यह प्रतिहार राजा अत्यधिक शक्ति सम्पन्न था।

अतः उसने परमार नरेश को भेलपुर पट्टन के ध्वंसावशेषों में शरण देकर उसकी रक्षा की। यद्यपि उप्पल दे ने इस नव नवसित नगरी को ''नवनेरी नगरी'' की संज्ञा से विभूषित की परन्तु ग्राम ''ओसिया'' भी कहलाया क्योंकि राजकुमार ने वहाँ ''ओस्टा'' लिया था मारवाड़ी भाषा के अनुसार ''ओस्टा'' का अर्थ है शरण पाना–भण्डारकर।

5. भण्डारकर पृ0 100–1001.
6. उल्लेख्य है कि ओसिया प्रवास के समय अनेक विवाहित युगल आते थे एवं शीघ्रता से चढ़ावा चढ़ाकर वापस हो जाते थे तब एक व्यक्ति से इस तथ्य की स्थल पर ही जानकारी उपलब्ध हुई। एक अन्य घटना स्मरणीय है–जोधपुर बस स्टैण्ड पर एक भीड़ ने एक नवयुवती को विक्षिप्तावस्था में अपने केश एवं वस्त्रों को नोचते हुए देखकर पूछा गया तब उसके परिजनों ने बताया कि उसके सिर पर पर माँ का असर है और ओसिया पहुँचकर माता के दर्शन से वह पूर्ण स्वस्थ हो जायेगी ऐसा उनका विश्वास था।
7. जैन प्रतिमा विज्ञान–ले0 मारूतिनन्दन तिवारी पृ0 235–239.
8. निर्वाणफलिका 13.6
9. चतुर्वणा
10. जैन पृष्ठ 184
11. द्रष्टव्य चित्र सं0 9.
12. द्रष्टव्य चित्र सं0 6.
13. जैन प्रतिमा विज्ञान पृ0 212 (फुटनोट सं0 3)।
14. दृष्टव्य चित्र सं0– 6.
15. पक्षी का ऊलस भुवनेश्वर की बहुसंख्यक कार्तिकेय मूर्तियों के वामकर द्वारा गृहित कुवकुट के समान किया गया है।
16. समुद्रगराव्जकलशां वरदां कनक प्रभाम–प्रतिष्ठासारोद्वार (3.165 एवं प्रतिष्ठातिलकम 7.11 पृ0 344)।
17. अपराजित पृच्छा 221425.
18. द्रष्टव्य चित्र सं0 7.
19. द्रष्टव्य चित्र सं0 11.
20. द्रष्टव्य चित्र सं0 12.
21. द्रष्टव्य चित्र सं0 13.
22. द्रष्टव्य चित्र सं0 14.
23. विस्तृत विवेचना के लिए द्रष्टव्य–भारतीय मन्दिर एवं देव मूर्तियां (ओसिया, खजुराहो एवं उड़ीसा के मन्दिरों के विशेष सन्दर्भ में) खण्ड पृ0 70–76 तथा द्रष्टव्य तालिका सं0 (7) कर्ण रथों की दिक्पति मूर्तियां खण्ड 2 पृष्ठ 365–368.
24. जयारव्य सं0 पृ0 35.
25. बृहद संहिता ऐशान्यादि क्रमशो दक्षिण पूर्व निलः कोणे।। 43।। क्र0सं0
26. विस्तृत विवेचन के लिए द्रष्टव्य पृ0 66–70 ख–1 वहीं।

27. रूप मण्डन अध्याय–2.
28. अपराजित पृच्छा 213.
29. रूप मण्डल 2/37.
30. पर्सी ब्राउन दण्डियन आर्किटेक्चर 11 एडिसन पृ0 140.
31. सोरम पर प्राप्त अभिलेख है– "सं01033 आषाय सुदी दस आदित्यवारे श्वाति नक्षत्रै भी सीरणम् प्राप्तठापितभिति"
32. ढाकी वहीं पृ0 324–325.

□□

प्राचीन मध्य गांगेय क्षेत्र में मनकों का प्रचलन
एक अध्ययन

डॉ0 सुभाष चन्द्र यादव

पुरास्थलों से प्राप्त मनकों का अस्तित्व अनेक सांस्कृतिक आयामों का संकेत है, यथा–सौन्दर्य–बोध, कलात्मक अभिरूचि, धार्मिक विश्वास व्यापारिक सम्बन्ध, आर्थिक दशा एवं तकनीकी कुशलता इत्यादि। अनेक प्रकार के अर्ध–मूल्यवान पत्थर, अस्थि धातु तथा पकाई गयी मिट्टी से निर्मित विभिन्न आकृति के मनके मध्य–गांगेय क्षेत्र के पुरास्थलों से प्रचुर संख्या में प्राप्त होते हैं। इनका समीक्षात्मक अध्ययन प्राचीन संस्कृतियों की अर्थव्यवस्था एवं व्यापारिक गतिविधियों के आंकलन में विशेष सहायक हो सकता है। प्रारम्भिक ऐतिहासिक काल के अवशेषों पर आधारित प्रस्तुत शोध–पत्र में मनकों की ऐसी ही समीक्षा की गयी है। मध्य गांगेय क्षेत्र में स्थित तीन प्रमुख पुरास्थल राजघाट (नारायन, ए.के. एवं पी. सिंह, 1977), श्रावस्ती (सिन्हा, के.के. 1667) एवं वैशाली (देव कृष्ण एवं वी0 मिश्रा, 1961; सिंन्हा, बी.पी एवं सीताराम राय, 1969) जो प्रारम्भिक ऐतिहासिक काल में न केवल नगर राजधानी थे (पाण्डेय, राज़बली, 1994:108–109) अपितु प्रमुख व्यापारिक मार्गों (मोतीचन्द्र, 1966:51–52) पर भी स्थित थे, से प्राप्त मनकों का अध्ययन उनके निर्माण माध्यम तथा आकृति के आधार पर तीन चरणों में विभाजित कर किया गया है–

1. प्राकृ–उ.कृ.मा.मृ. चरण,
2. प्रारम्भिक उ.कृ.मा.मृ. चरण तथा
3. मध्य एवं उत्तरवर्ती उ.कृ.मा.मृ. चरण।

प्राक्–उ.कृ.मा.मृ. चरण के अवशेष रजघाट। ए.वैशाली (1969) के। काल से प्राप्त हुए हैं। इस चरण में मनका निर्माण हेतु प्रयुक्त माध्यम संख्या मं सीमित है। केवल पाँच माध्यम का प्रयोग किया गया है। राजघाट से सभी माध्यमों–पकाई गयी मिट्टी, अस्थि, भीष्ममणि (Crystal) लाजवर्द तथा पेस्ट से बने मनके प्राप्त हुए हैं, जबकि वैशाली में इस चरण में मनकों का अभाव है । इस चरण में मनका बनाने हेतु अधिकांशतः स्थानीय माध्यम ही प्रयोग में लाये गये हैं परन्त लाजवर्द के मनके की प्राप्ति महत्वपूर्ण है (नारायन, ए.के. एवं पी. सिंह, 1977:44)।

उपर्युक्त चरण से लगभग ग्यारह विभिन्न आकृति के मनके प्राप्त हुए हैं। घटाकार, सुपारी की आकृति के मनके (फ्राँसिस, पीटर, 1981:95–798) पकाई गयी मिट्टी से बने हैं, भीष्ममणि के गोल मनके, लाजवर्द के बेलनाकार, अस्थि निर्मित गोलाकार चिपटे तथा पेस्ट से बने वर्तुलाकार व बेलनाकार मनके प्रमुख हैं। सुपारी की आकृति के मनके काले व धूसर रंग के तथा सामान्यतः लेप विहीन हैं पर कुछ मनकों पर काले रंग का लेप लगाया गया है (नारायन, ए.के. एवं पी. सिंह, 1977:47)। घटाकर मनके चमकदार लाल रंग के हैं।

उत्खनन एवं सर्वेक्षण अधिकारी, उ.प्र. रा.पु. विभाग, वाराणसी मण्डल, वाराणसी

प्रारम्भिक उ.कृ.मा.मृ. चरण के अवशेष राजघाट I बी. श्रावस्ती–I तथा वैशाली (1969)–II (प्रारम्भिक व मध्य स्तर), वैशाली (1961)–I काल से प्राप्त हुए हैं। इस चरण में मनका प्रचलित सभी माध्यम इस चरण में भी प्रयोग में बने रहे केवल पेस्ट से बने मनकों का अभाव है। अकीक, जमुनिया पत्थर, सिक्थ स्फटिक, मूँगा, ताँबा, काँच, सूर्यकान्त, पुखराज, प्रकवच तथा इन्द्रगोप का प्रयोग मनका निर्माण हेतु इस चरण में प्रथम बार किया गया। इस चरण में लाजवर्द से बना मनका केवल श्रावस्ती (सिन्हा, के.के. 1967:63) से प्राप्त है, पुखराज का मनका राजघाट (नारायन, ए.के. एवं पी. सिंह, 1977:50), प्रकवच का मनका वैशाली (सिन्हा, बी.पी. एवं सीताराम राय, 1969:172–90) से प्राप्त हुआ है।

आकृति की दृष्टि से इस चरण में पूर्ववर्ती चरण की तुलना में लगभग दोगुना आकृति के मनके प्राप्त हुए हैं। प्रथम चरण की आकृतियों का प्रचलन इस चरण में निरन्तर बना रहा। अनेक नवीन आकृति के मनके इस चरण में प्रथम बार दिखाई देते हैं, जैसे–उभयोत्तल, लम्बे गोल, ढोलाकार, उभयोत्तल गोल, लम्बे चौकोर बेलनाकार, गोल बेलनाकार, द्विशंकु–समतलोत्तल, द्वि–षड्भुजाकार, लम्बे ढोलाकार–षड्भुजाकार, द्विशंकु–षड्भुजाकार, खंजर की आकृति आदि। पकाई गई मिट्टी से बने मनकों में घटाकार तथा सुपारी के आकार के मनकों की बहुलता है, गोल बेलनाकार मनके अस्थि, सिक्थ, स्फटिक, ताँबा, मूँगा, काँच, सूर्यकान्त आदि माध्यमों से बने हैं। वर्तुलाकार मनके अस्थि, काँच, मूँगा, षड्भुजाकार मनके जमुनिया पत्थर, स्फटिक तथा सूर्यकान्त पत्थर से बनाये गये हैं। पुखराज का द्वि–शंकु समतलोत्तल (Phano-conux becone) आकृति का मनका महत्त्वपूर्ण है। हूबहू इसी आकृति का मनका तक्षशिला (बेक, एच.सी., 1991:15–16) से प्राप्त हुआ है। अकीक तथा स्तरित काँच से बने चक्ष्वाकार मनकों का साक्ष्य इस चरण की कलात्मकता तथा तकनीकी–कौशल का संकेतक है (सिन्हा, के.के. 1967:62–66)। लाजवर्द से बना पंचभुजीय बेलनाकार मनका भी महत्त्वपूर्ण उदाहरण है।

मध्य एवं उत्तरवर्ती उ.कृ.मा.मृ. चरण के प्रमाण राजघाट I सी व II, श्रावस्ती–II वैशाली (1961) I बी. व II, वैशाली (1969)–II (उत्तरवर्ती स्तर) व III (प्रारम्भिक व मध्य) से प्राप्त हुए हैं। इस चरण में मनका निर्माण हेतु बाइस माध्यम प्रयोग में लाये गये। पूर्व प्रचलित सभी माध्यमों के अतिरिक्त फेयांस, चकमक, संगमरमर, दूधिया, पत्थर, सेलखड़ी, चूना पत्थर तथा हाथी दाँत का प्रयोग मनका बनाने हेतु इस चरण में किया गया है नव प्रयुक्त माध्यमों से फेयांस हाथी दात राजघाट से संगमरमर, दूधिया पत्थर, सेलखड़ी तथा चूना–पत्थर के साक्ष्य वैशाली से प्राप्त हुए हैं।

आकृति की दृष्टि से भी यह चरण अत्यन्त समृद्ध दिखाई पड़ता है। लगभग 45 आकृति के मनके इस चरण से प्राप्त हुए हैं। गोल, वर्तुलाकार, कुण्डलाकार, बेलनाकार, ढोलाकार, वर्गाकार, आयताकार, घनाकार, त्रिभुजाकार, पंचभुजीय षड्भुजीय, शंक्वाकार, नतोदर, उन्नतोदर, पर्णाकार

(Leaf-Shaped), स्पेसर, आमलक की आकृति के अत्यन्त कलात्मक मनके इस चरण से प्राप्त होते हैं। आमलक की आकृति, स्पेसर, लीच–शेप्ड, पर्णाकार, पिरामिडाकार, घनाकार, लघु गोल बेलनाकार, घुमावदार, पंचभुजीय आकृति के मनके इस चरण में प्रथम बार दृष्टिगोचर होते हैं।

विकास के इस चरण में पकी मिट्टी के गोल व आमलक आकृति के मनके, अकीक तथा काँच के खचित ढोलाकार (Etched long barrel) ,लीच शेप्ड (Leech Shaped), इन्द्रगोप के पिरामिडाकार व द्वि–छिद्रित–अर्द्धचन्द्रकार, भीष्ममणि के पंचभुजीय, द्वि–शंक्वाकार, प्रकवच के चौकोर बेलनाकार काँच के घनाकार, गोल, आकृति के मनके प्रथम बार इस चरण में प्राप्त होते हैं।

प्राक् उ.कृ.मा.मृ. चरण से मनका निर्माण में प्रयुक्त माध्यम तथा सीमित आकृति के साक्ष्य मध्य गांगेय क्षेत्र की संस्कृति में नगरीय विशेषताओं के अभाव के प्रमाण माने जा सकते हैं। इस चरण में केवल राजघाट से सीमित माध्यम से बने मनके क्षेत्रीय विविधता व परस्पर सम्पर्क की कमी की तरफ भी संकेत करते हैं, परन्तु लाजवर्द (आल्चिन, एफ.आर. एव. एन. हेमण्ड 1948:34–35) के मनके की प्राप्ति को मध्य एशिया के साथ सांस्कृतिक सम्बन्ध के महत्त्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। पकाई गयी मिट्टी से बने घटाकार व सुपारी के आकार के मनके इस चरण में सर्वाधिक प्रचलन में थे।

सूची–1

क्र.स.	माध्यम	प्राक् उ.कृ.मा.मृ. चरण	प्रारम्भिक उ.कृ.मा.मृ. चरण	प्रारम्भिक उ.कृमा.मृ चरण
1.	पकी मिट्टी (TERRACOTTA)	✓	✓	✓
2.	अस्थि, श्रंग (BONE, HORN)	✓	✓	✓
3.	स्फटिक (QUARTZ)	✓	✓	✓
4.	लाजवर्द (LAPIS-LAZULI)	✓	✓	✓
5.	अकीक (AMETHYST)	–	✓	✓
6.	जमुनिया पत्थर (AMETHYST)	–	✓	✓
7.	सिक्थ स्फटिक (CHALCEDONY)	–	✓	✓
8.	मूँगा (CORAL)	–	✓	✓
9.	ताम्र (COPPER)	–	✓	✓
10.	काँच (GLASS)	–	✓	✓
11.	सूर्यकान्त (JAPXSPER)	–	✓	✓
12.	पुखराज (TOPAZ)	–	✓	✓

13.	प्रकवच (SHELL)	–	✓	✓
14.	इन्द्रगोप (CARNELTAN)	–	✓	✓
15.	काँच की मिट्‌टी (काचाभ)	–	–	✓
16.	चकमक (CHERT)	–	–	✓
17.	संगमरमर (MARBEL)	–	–	✓
18.	दूधिया पत्थर (OPAL)	–	–	✓
19.	सेलखड़ी (STEATITE OR SOAP-STONE)	–	–	✓
20.	चूना–पत्थर (LIME STONE)	–	–	✓
21.	हाथी दाँत (IVORY)	–	–	✓
22.	भीष्ममणि (CRYSTAL)	–	–	✓
	योग	05	14	22

सूची–2
प्राक् उ.कृ.मा.मृ. चरण

क्र.स.	माध्यम	पुरास्थल		
		राजघाट	वैशाली (1961)	वैशाली (1967)
1	पकी मिट्‌टी	✓	–	–
2	अस्थि	✓	–	–
3	भीष्मणि	✓	–	–
4	लाजवर्द	✓	–	–
5	पेस्ट	✓	–	–

सूची–3
प्रारम्भिक उ.कृ.मा.मृ. चरण

क्र.स.	माध्यम	पुरास्थल		
		राजघाट	वैशाली (1961)	वैशाली (1967)
1.	अकीक	✓	✓	✓
2.	सिक्थ स्फटिक	?	✓	✓
3.	अस्थि	✓	--	✓
4.	जमुनिय	✓	--	✓
5.	ताम्र	✓	✓	✓
6.	मूँगा	?	--	✓
7.	भीष्ममणि	?	--	✓
8.	काँच	✓	✓	--
9.	सूर्यकान्त	✓	✓	✓
10.	पुखराज	✓	—	—
11.	इन्द्रगोप	✓	✓	✓
12.	लाजवर्द	✓	✓	--
13.	चकमक	✓	—	—
14.	पकी मिट्टी	✓	✓	✓
15.	जमुनिया पत्थर	—	✓	—
16.	चूना पत्थर	—	✓	—
17.	ताम्र	—	✓	—
18.	पुखराज	—	—	—
19.	संगमरमर	—	—	—
20.	सेलखड़ी	—	—	—
21.	दुधिया पत्थर	—	—	—

सूची–4

क्र.स.	माध्यम	पुरास्थल			
		राजघाट	श्रावस्ती	वैशाली (1961)	वैशाली (1967)
1	अकीक	✓	✓	✓	✓
2	अस्थि	✓	✓	–	✓
3	इन्द्रगोप	✓	✓	✓	✓
4	सिक्थ स्फटिक	✓	–	–	✓
5	चकमक	✓	–	–	✓
6	मूँगा	✓	–	✓	✓
7	भीष्ममणि (क्रिस्टल)	✓	✓	–	✓
8	चीनी मिट्टी (फेयांस)	✓	–	✓	–
9	काँच	✓	✓	–	✓
10	हाथी दाँत	✓	–	–	–
11	सूर्यकान्त	✓	–	–	✓
12	लाजवर्द	✓	–	–	–
13	स्फटिक	✓	✓	–	✓
14	प्रकवच (Shell)	✓	✓	✓	–
15	पकी मिट्टी	✓	✓	✓	✓

प्रारम्भिक उ.कृ.मा.मृ. चरण से मनका निर्माण हेतु माध्यम तथा आकृति में अभूतपर्व वृद्धि के साक्ष्य उपलब्ध होते हैं। जमुनिया पत्थर, सिक्थ स्फटिक, मूंगा, सूर्यकान्त, पुखराज, इन्द्रगोप जैसे अर्द्ध मूल्यवान पत्थरों का प्रयोग आर्थिक समृद्धि तथा व्यापरिक गतिविधियों में वृद्धि (सिंह, बी.पी. 1985:152) की तरफ संकेत करते हैं। ताम्र तथा विभिन्न रंग के काँच से बने मनके तकनीकी–कौशल का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। स्तरीकृत काँच के चक्ष्वाकार मनके तक्षशिला (बेक, एच.सी. 1991:11–13) से भी प्राप्त हुए। राजघाट से प्राप्त पुखराज का मनका भी आर्थिक समृद्धि का महत्त्वपूर्ण प्रमाण माना जा सकता है। यहाँ उल्लेखनीय है कि यह चरण बौद्ध धर्म के उद्‌भव और विस्तार (पाण्डे, गोविन्द चन्द्र 1990:54–56) से भी सम्बद्ध है। बौद्ध धर्म के विस्तार के साथ परस्पर सम्पर्क बढ़ा जिससे व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला होगा, परिमाणतः समृद्धि की ओर अग्रसर अर्थव्यवस्था व तकनीकी विकास ने अनेक प्रकार के माध्यमों से विभिन्न आकृति के मनकों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया होगा।

मध्य तथा उत्तरवर्ती उ.कृ.मा.मृ. चरण से भी मनका निर्माण के माध्यम और आकृति में निरन्तर वृद्धि के साक्ष्य होते हैं। इस निरन्तर वृद्धि को सामाजिक स्तरीकरण, आर्थिक समृद्धि, तकीकी विकास तथा व्यापारिक सम्बन्धों में विकास का सूचक माना जा सकता है। आमलक, स्पेसर, लीच शेप्ड, पर्णाकार, पिरमिडाकार, घनाकार, मनके न सिर्फ अर्द्ध मूल्यवान पत्थरों से वरन् पकी मिट्‌टी, काँच, फेयांस, अस्थि, चूना–पत्थर, अकीक व इन्द्रगोप जैसे बहुसुलभ माध्यमों से भी बनने लगे थे, जो सम्भवतः सामान्य जन की अभिलाषा पूर्ति में सहायक साक्ष्य (देव, एस.बी 2002:2) माने जा सकते हैं। अकीक से बने खचित (Etcged) पट्‌टी, बिन्दु, चक्षु आदि अभिप्राय से अलंकृत मनके जा इस चरण की विशेषता माने जाते (निहारिका, 1993:255–256) हैं, उत्कृष्ट तकनीकी का सक्ष्य प्रस्तुत करते हैं। शिल्प की दृष्टि से इस चरण में हाथी दाँत के मनकों (नारायण, ए.के. एवं पी. सिंह 1977:43) की प्राप्ति विशेष उल्लेखनीय है। ज्ञातव्य है कि यह चरण मगध साम्राज्य की स्थापना तथा विस्तार (पाण्डेय, राजबली 1994:148–8) से भी सम्बद्ध है। सार्वभौम साम्राज्य की स्थापना से व्यापार–वाणिज्य के विकास को नई दिशा मिली तथा अनेक प्रकार के कला–शिल्प को राजकीय संरक्षण व प्रोत्साहन मिला (कांगले, आर.पी. 1992:90–100)

सम्भवतः इस संरक्षण व प्रोत्साहन ने इस चरण के शिल्पकार को समाज के प्रत्येक वर्ग की अभिलाषा व मांग को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार के माध्यमों से विभिन्न आकृति के मनकों के निर्माण हेतु प्रोत्साहन किया होगा। परिमाणतः विविधता कलात्मक मनकों के निर्माण का साक्ष्य इस चरण में प्रभूत मात्रा में उपलब्ध होता है।

उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मध्य गांगेय क्षेत्र से प्राप्त मनके संस्कृतियों के विकास में सहायक विभिन्न कारकों की तरफ संकेत करते हैं। यथा– आर्थिक समृद्धि, व्यापारिक सम्बन्ध व सामाजिक स्तरीकरण, तकनीकी विकास, किंचित मात्र तथा राजनीतिक प्रभाव आदि।

सन्दर्भ :–

1. नारायन, ए.के. पुरुषोत्तम सिंह 1977 एक्सवेसंस ऐट राजघाट (1957–58, 1960–65) भाग–तीन, स्माल फाइण्ड्स काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
2. सिन्हा, के.के. 1967 एक्सवेसंस एंट श्रावस्ती–1959 मोनोग्राफ नं. 2 प्रा.भा.इ. एवं संस्कृति विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
3. देव, कृष्ण एण्ड विजयकान्त मिश्र 1961 वैशाली एक्सवेसंस : 1950, वैशाली संघ, वैशाली बिहार।
4. सिन्हा, बी.पी. एण्ड सीताराम राय 1959 वैशाली एक्सवेसंस : 1958–62, पटना, डाइरेक्टर ऑफ आर्कियोलॉजी एण्ड म्यूजियम्स, बिहार।
5. पाण्डेय, राजबली 1994 प्राचीन भारत, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
6. मोतीचन्द्र 1966 सार्थवाह (प्राचीन भारत की पथ–पद्धति), बिहार राष्ट्र भाषा परिषद्, पटना।
7. फ्रांसिस, पीटर 1981 'दी एरिका–नट आब्जेक्ट' इज इट ए बीड? पुरातत्व, नं. 10, बुलेटिन ऑफ दी इण्डियन आर्कियोलॉजिकल सोसाइटी, (संपा0) के.एन. दीक्षित, इण्डियन आर्कियोलॉजिकल सोसाइटी, पुराना किला, नई दिल्ली।
8. बेक, हेरेक, सी. 1991 (पुनर्मुद्रित) 'द बीड फ्राम तक्षशिला' मेमायर्स ऑफ इण्डिया, नं0 65, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया।
9. आल्विन, एफ.आर एण्ड नार्मन हेमण्ड 1978 दी आर्कियोलॉजिकल ऑफ अफगानिस्तान फ्राम अर्लीएस्ट टाइम्स टू द दीमुरीड पिरीएड।
10. सिंह वीरेन्द्र प्रताप 1985 लाइफ इनद एन्सिएन्ट, वाराणसी (एन एकाउण्ट बेस्ड ऑन आर्कियोलॉजिकल एव्डिेन्स) संदीप प्रकाशन दिल्ली।
11. पाण्डे, गोविन्द चन्द्र 1990 : (तृतीय संस्करण) बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ।
12. देव शान्ताराम भाचन्द्र 2000 : इण्डियन वीड्स ए कल्चरल एण्ड टेक्नालॉजिकल स्टडी, डेकन कालेज पोस्ट–ग्रेजुएट एण्ड रिसर्च इन्स्टीटयूट, पूणे।
13. निहारिका 1993 ए स्टडी ऑफ स्टोन बीड्स इन एन्सिएण्ट इण्डिया, भारतीय कला प्रकाशन, सावन पार्क, दिल्ली।
14. कांगले, आर.पी. 1002 (पुनर्मुद्रित) द कौटिल्य अर्थशास्त्र, भाग–दो, मोतीलाल बनारसीदास, लखनऊ

□□

एलोरा की जैन मूर्तियों का शिल्पशास्त्रीय वैशिष्ट्य

डॉ0 आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव

राष्ट्रीय महत्त्व का स्मारक एलोरा महाराष्ट्र प्रान्त के औरंगाबाद जिले में स्थित है। एलोरा के एक विश्व प्रसिद्ध कला केन्द्र के रूप में विकसित होने की पृष्ठभूमि में शासकीय समर्थन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। यहाँ कल्चुरि, वाकाटाक, चालुक्य, राष्ट्रकूट, एवं देवगिरि के यादवों के संरक्षण में छठीं से तेरहवीं शती ई0 के मध्य कुल 34 गुफाएँ उत्कीर्ण हुई[1] जिनमें राष्ट्रकूटों के समय (सातवीं से दसवीं शती ई0) का निर्माण सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। सभी प्रमुख भारतीय धर्मों (ब्राम्हण–बौद्ध–जैन) की यह कला–त्रिवेणी बहुत अनोखी उतरी है। बौद्ध धर्म की गुफाओं (संख्या 1 से 12) के साथ सटी ब्राम्हण धर्म की गुफाएँ (संख्या 13 से 29) और उसके बाद जैन धर्म की गुफाएँ (संख्या 30 से 34) हैं। इनके एक साथ होने के कारण दर्शकों एवं शोध प्रज्ञों को यहाँ तुलनात्मक विवेचन का स्पष्ट आधार भी मिल जाता है।[2]

जैन गुफाओं (गुफा क्रम संख्या 30 से 34) एवं मूर्तियों का निर्माण तथा चित्रांकन मुख्यतः 9वीं से 11वीं शती ई0 के मध्य हुआ है। ये कलावशेष दिगंबर परम्परा से सम्बद्ध हैं। जैन गुफाओं में छोटा कैलाश (गुफा संख्या 30), इन्द्रसभा (गुफा संख्या 32) व जगन्नाथ सभा (गुफा संख्या 33) स्थापत्य और मूर्तिशिल्प की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं। इन्द्रसभा के ऊपरी तल में इन्द्र तथा अम्बिका की भव्य प्रतिमा बरबस आकृष्ट करती हैं। इसके अतिरिक्त पार्श्वनाथ, बाहुबली, महावीर आदि जैन तीर्थकरों की प्रतिमाएं उत्कृष्ट हैं। यहाँ का जैन भित्ति चित्र, भित्ति चित्र कला के इतिहास में एक अनमोल कड़ी है।[3] एलोरा के जैन मन्दिर इन्द्रसभा में 9वीं से 10वीं शती ई0 में तीर्थंकर मूर्तियों को बनवाने वाले सोहिल ब्रम्हचारी और नागवर्म्मा के नाम भी अंकित हैं। एलोरा की जैन गुफाओं में जैनों के सर्वोच्च आराध्यदेव तीर्थकरों (या जिनों) का अंकन हुआ है। 24 जिनों में से आदिनाथ (प्रथम), शान्तिनाथ (16वें), पार्श्वनाथ (23वें) एवं महावीर (24वें) की सर्वाधिक मूर्तियां हैं। साथ ही ऋषभनाथ के पत्र बाहुबली गोम्मदेश्वर यक्ष और यक्षियों की भी पर्याप्त आकृतियाँ हैं। यहाँ उल्लेखनीय है कि दक्षिण भारत में गोम्मटेश्वर की मूर्तियां विशेष लोकप्रिय थी और एलोरा में उनकी सर्वाधिक मूर्तियां बनी। एलोरा में बाहुबली की कुल 16 मूर्तियां हैं। किसी भी पुरास्थल पर पायी जाने वाली मूर्तियों की संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक हैं।[4] 24 तीर्थंकरों का सामूहिक अंकन भी उत्कीर्ण है। जिनों में सात सर्पकरणों के छत्र वाले पार्श्वनाथ की मूर्तियां सर्वाधिक लोकप्रिय थीं। एलोरा की जैन मूर्तियों में छत्र, सिंहासन, उपासकों, प्रभामण्डल जैसे प्रातिहार्यों, लांछनों एवं शासन देवताओं का अंकन हुआ है।[5]

एलोरा की जैन गुफाओं का निर्माण अधिकतर राष्ट्रकूट नृपतियों के राज्यकाल में हुआ है। देवगिरि से प्राप्त अभिलेखों से यह पता चलता है कि राष्ट्रकूटों के बाद एलोरा की गुफाओं के निर्माण में देवगिरि के यादवों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, जिनका शासनकाल दसवीं शती ई0

कला–इतिहास विभाग कला–संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी–221005 (उ0प्र0)

तक रहा। इन्हीं के समय में एलोरा की अधिकांश जैन गुफाएं खोदी गई।[6] एलोरा की जैन मूर्तियां अधिकतर उन्नत उकेरी में हैं।

एलोरा की जैन मूर्तियों में तीर्थंकरों के वक्षस्थल में श्रीवस्त के अंकन की परिपाटी उत्तर भारत के समान प्रचलित नहीं थी। समकालीन पूर्वी चालुक्यों की जैन मूर्तियों में भी यह चिन्ह नहीं मिलता। साथ ही अष्ट महा प्रतिहार्यों में से सभी का अंकन भी यहाँ नहीं हुआ है। केवल त्रिछत्र अशोकवृक्ष, सिंहासन, प्रभामण्डल, चाँवरधर सेवक एवं मालाधरों का ही नियमित अंकन हुआ है। शासन देवताओं में कुबेर या सर्वानुभूति यक्ष तथा चक्रेश्वरी, अम्बिका एवं सिद्धायिका यक्षियां सर्वाधिक लोकप्रिय थी।[7] जिनों के साथ यक्ष–यक्षियों का सिंहासन छोरों छोरों पर नियमित अंकन हुआ है। दिगम्बर परम्परा में महापुराण की रचना राष्ट्रकूट शासक अमोघवर्ष प्रथम (लगभग 819 से 881 ई0) के शासन काल एवं क्षेत्र में हुई, अतः महापुराण की कलापरक सामग्री का स्पष्टतः समकालीन राष्ट्रकूट कला केन्द एलोरा (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) की जैन गुफाओं (गुफा संख्या 30 से 34) की मूर्तियों की शास्त्रीय और साहित्यिक पृष्टभूमि की दृष्टि से विशेष महत्व हैं। ज्ञातव्य है कि महापुराण एवं एलोरा की जैन गुफाएं समकालीन (9वीं से 10वीं शती ई0) और दिगम्बर परम्पर से सम्बद्ध है जिससे महापुराण की कलापरक सामग्री के एलोरा की जैन गुफाओं की मूर्तियों की दृष्टि से तुलना का महत्व और भी बढ़ जाता है।[8] जैन पुराणों में महापुराण सर्वाधिक लोकप्रिय था जो_आदिपुराण और पुराण इन दो खण्डों मे विभक्त है। आदिपुराण की रचना जिनसेन ने लगभग 9वीं शती ई0 के मध्य और उत्तर पुराण की रचना उनके शिष्य गुणभद्र ने 9 वीं शती ई0 के अन्त या 10वीं ई0 के प्रारम्भ में की थी। कलापरक अध्ययन की दृष्टि से आदिपुराण एवं उत्तर पुराण अर्थात् महापुराण (दिगम्बर परम्परा) की सामग्री का विशेष महत्व है क्योंकि उनका रचना काल (9वीं से 10वीं शती ई0) तीर्थकरों सहित अन्य शलाका पुरूषों (जैन देव कुल के 24 तीर्थंकरों तथा 12 चक्रवर्ती, 9 बलभद्र, 9 नारायण और 9 प्रतिनारायण सहित कुल तिरसठ) तथा जैन देवों के स्वरूप या लक्षण निर्धारण का काल था। इन ग्रन्थों की रचना के बाद ही श्वेताम्बर और दिगम्बर परम्परा में विभिन्न शिल्प शास्त्रीय ग्रन्थों की रचना के बाद ही श्वेताम्बर और दिगम्बर परम्परा में विभिन्न शिल्प शास्त्रीय ग्रन्थों की रचना हुई, जिनमें जैन आराध्य देवों के प्रतिमा लक्षण का विस्तारपूर्वक निरूपण किया गया।[9] एलोरा में 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ और गहन साधना के प्रतीक ऋषभनाथ के पुत्र बाहुबली की सर्वाधिक मूर्तियां उकेरी हैं। एलोरा की बाहुबली मूर्तियां में उनके शरीर से लिपटा माधवी एवं सर्प, वृश्चिक, छिपकली तथा मृग जैसे जीव–जन्तुओं का शरीर पर या समीप ही विचरण करते हुए और पार्श्वनाथ की मूर्तियों में शंबर (या कमठ या मेघमाली) के विस्तृत उपसर्गों के अंकन स्पष्टतः महापुराण के विवरणों से निर्दिष्ट हैं।[10]

महापुराण में 24 तीर्थंकरों में ऋषभनाथ को सर्वाधिक महत्व दिया गया, जिनके बाद पार्श्वनाथ और तत्पश्चात् नेमिनाथ और महावीर का विस्तारपूर्वक उल्लेख हुआ है। अन्य तीर्थंकरों की चर्चा संक्षेप में की गयी है। तीर्थंकरों के सन्दर्भ में मुख्यतः पंच कल्याणकों (च्यवन, जन्म दीक्षा, कैवल्य और निर्वाण) एवं ऋषभनाथ, पार्श्वनाथ, नेमिनाथ और महावीर के सन्दर्भ में उनके जीवन की कुछ विशिष्ट घटनाओं का भी विस्तारपूर्वक उल्लेख हुआ है।

उत्तर भारत में ऋषभनाथ की सर्वाधिक स्वतन्त्र मूर्तियां बनीं। ऋषभनाथ के बाद क्रमशः पार्श्वनाथ, महावीर और नेमिनाथ की मूर्तियां उकेरी गयीं किन्तु दक्षिण भारत में पार्श्वनाथ की सर्वाधिक मूर्तियां उत्कीर्ण की गयी। एलोरा जैसे पुरास्थल में पार्श्वनाथ की कुल 31 मूर्तियां मिली हैं, जिनमें 9 ध्यान मुद्रा में शेष कायोत्सर्ग मुद्रा में हैं।[11] दक्षिण भारत में पार्श्वनाथ की तुलना में ऋषभनाथ की मूर्तियों नगण्य हैं। ऋषभनाथ से सम्बन्धित स्वतन्त्र आदिपुराण की रचना का पृष्ठभूमि में एलोरा में ऋषभनाथ की केवल पाँच मूर्तियों का मिलना सर्वथा आश्चर्यजनक है। दूसरी ओर पार्श्वनाथ की एलोरा में 30 से अधिक स्वतन्त्र मूर्तियां देखी जा सकती हैं।[12] एलोरा की गुफा 33 की पार्श्वनाथ की मूर्ति (11वीं शती ई0) में बांयी ओर मेघमाली के उपसर्ग भी चित्रित हैं। दाहिने पार्श्व में छत्रधारिणी पद्मावती है।[13]

एलोरा में पार्श्वनाथ के बाद महावीर की ही सर्वाधिक मूर्तियां हैं, जिनके कुल 12 उदाहरण मिले हैं। एलोरा की जैन गुफाओं (30, 31, 32, 33, 34) में भी महावीर की कई मूर्तियाँ (11वीं से 11वीं शती ई0) हैं।[14] इनमें महावीर ध्यान मुद्रा में विराजमान हैं और उनके यक्ष–यक्षी के रूप में गजारूढ़ सर्वानुभूति एवं सिंहवाहनी अम्बिका निरूपित हैं। पार्श्वनाथ, महावीर और ऋषभनाथ के अतिरिक्त अजितनाथ, सुपार्श्वनाथ और नेमिनाथ की भी एक से तीन मूर्तियां देखी जा सकती हैं। एलोरा की तीर्थंकर मूर्तियों में केवल पार्श्वनाथ के साथ शंबर द्वारा उपस्थित किये गये विभिन्न उपसर्गों का विस्तृत अंकन मिलता है। महावीर के साथ पारम्परिक यक्ष–यक्षी, मातंग व सिद्धाायिका के स्थान पर नेमिनाथ के यक्ष–यक्षी कुबेर (या सर्वानुभूति) और अम्बिका निरूपित हैं। जो स्पष्टतः पश्चिम भारत के श्वेताम्बर मूर्ति परम्परा का प्रभाव है जहाँ लगभग सभी तीर्थंकरों के साथ यक्षी–यक्षी के रूप में कुबेर और अम्बिका ही आमूर्तित हैं।[15]

एलोरा एवं 9वीं से 10वीं शती ई0 की दिगम्बर परम्परा की अन्यत्र की तीर्थंकर मूर्तियों में महापुराण के उल्लेख के अनुरूप सिंहासन, प्रभामण्डल, त्रिछत्र, चैत्यवृक्ष (या अशोक वृक्ष), देव दुन्दुभि, सुरपुष्पवृष्टि, दिव्य ध्वनि, चामर धारी सेवक जैसे अष्ट प्रतिहार्यों को दिखाया गया है। आदिपुराण में तीर्थकर मूर्तियों में दिखाये जाने वाले अष्ट प्रतिहार्यों का सर्वाधिक विस्तारपूर्वक उल्लेख हुआ है। एलोरा की पार्श्वनाथ की कायोत्सर्ग मूर्तियों में किसी प्रतिहार्य का न दिखाया जाना शिल्पी की सूझ का सूचक एवं उत्तर पुराण के विवरणों के सर्वथा अनुरूप हैं। दूसरी ओर पार्श्वनाथ की ध यानस्थ मूर्तियाँ उनके तीर्थंकर पद प्राप्त करने के उपरान्त की स्थिति को अभिव्यक्त करती हैं। एलोरा की कायोत्सर्ग मूर्तियों में पार्श्वनाथ की तपस्या में उपस्थित किये गये तरह–तरह के उपसर्गों का प्रसंग दिखाया गया है। ये उपसर्ग स्पष्टतः कैवल्य प्राप्ति के पूर्व की स्थिति का अंकन हैं। इसी कारण पार्श्वनाथ की उपसर्ग मूर्तियों में अष्ट प्रतिहार्यों को नहीं दिखाया. गया है। इस सन्दर्भ में एक और उल्लेखनीय बात एलोरा की जैन गुफाओं में पार्श्वनाथ की उपसर्ग मूर्तियों के एक नियत स्थान पर उत्कीर्णन से सम्बन्धित है। पार्श्वनाथ की सभी उपसर्ग मूर्तियां कठिन तपश्चर्या में लीन बाहुबली की मूर्ति के सामने उत्कीर्ण हैं। स्मरणीय है कि पार्श्व जहाँ शंबर के विभिन्न उपसर्गों के शान्त भाव से विचलित हुए बिना सहते रहे वहीं बाहुबली भी अपनी साधना में इस सीमा तक रमे कि शरीर से

लिपटी माधवी और शरीर पर सर्प, वृश्चिक जैसे जन्तुओं की उपस्थिति से वे सर्वथा अप्रभावित और ध्यानमग्न रहे। यहाँ यह भी उल्लेख है कि राष्ट्रकूट शिल्पी ने पार्श्वनाथ की उपसर्ग और बाहुबली की साधनारत मूर्तियों के आमने–सामने उत्कीर्णन की परम्परा को पूर्ववर्ती चालुक्य कला से प्राप्त किया था, जिसके उदाहरण बादामी की गुफा सं0 4 और अयहोल की जैन गुफा (लगभग 6वीं शती ई0) में देखे जा सकते हैं।[16]

एलोरा की जैन गुफाओं में तीन प्रमुख जैन यक्षियों चक्रेश्वरी, अम्बिका एवं पद्मावती तथा कुबेर यक्ष की स्वतन्त्र एवं जिन संयुक्त मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। चक्रेश्वरी की चार, आठ और बारह हाथों वाली कुल चार मूर्तियां गुफा सं0 30 और 32 में उकेरी हैं। इनमें परम्परानुरूप गरूणवाहना चक्रेश्वरी के दो या अधिक हाथों में चक्र तथा शेष में पद्म, गदा और वज्र जैसे आयुध हैं। द्वादश चक्रेश्वरी की एक मूर्ति एलोरा की गुफा 30 में है। गरूणवाहना चक्रेश्वरी की पाँच अवशिष्ट दाहिनी भुजाओं में पद्म, चक्र, शंख एवं गदा है। यक्षी की केवल एक वाम भुजा सुरक्षित है, जिसमें खड्ग है।[17] सर्वाधिक मूर्तियां अम्बिका की बनी, जिनमें अम्बिका सर्वदा द्विभुजा एवं दिगम्बर परम्परा के अनुरूप सिंहवाहना हैं। अम्बिका के एक हाथ में आम्रलुम्बि व दूसरे में पुत्र है। पार्श्वनाथ की पद्मावती यक्षी की केवल एक स्वतन्त्र मूर्ति मिली है जो गुफा सं0 22 में है। कुक्कुट–सर्प वाहन वाली अष्टभुजा यक्षी के अवशिष्ट करों में पद्म, मूसल, खड्ग, खेटक व धनुष स्पष्ट हैं। अम्बिका के समान ही एलोरा में कुबेर या सर्वानुभूति की भी सर्वाधिक मूर्तियां है, जिनमें श्वेताम्बर स्थलों की भांति गजारूढ़ यक्ष को द्विभुज एवं पात्र (या फल) एवं धन के थैले से युक्त दिखाया गया है।

एलोरा में यक्षों, नागों, गंधर्वों, किन्नरों आदि का भी रूपायन हुआ है। एलोरा की जैन गुफाओं में लक्ष्मी और पार्श्वनाथ की मूर्तियों में नागराज धरणेन्द्र के शिल्पांकन के अतिरिक्त इक्षुधनु और पुष्पशर से युक्त कामदेव की भी एक मूर्ति मिली है।

आदिपुराण में ऋषभनाथ के पुत्रों भरत एवं बाहुबली के युद्ध और बाहुबली की कठिन तपश्चर्या का विस्तृत उल्लेख हुआ है, जो एलोरा की जैन गुफाओं की बाहुबली मूर्तियों के निरूपण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। एलोरा में पार्श्वनाथ के बाद सर्वाधिक स्वतन्त्र मूर्तियां (लगभग 20) बाहुबली की बनीं जिनमें आदिपुराण के विवरण के अनुरूप बाहुबली कायोत्सर्ग में तपश्चर्या में तल्लीन और शरीर से लिपटी लता वल्लरियों एवं समीप ही निश्चित भाव से विचरण करते सर्प एवं मृग आदि वन्य जीव जन्तुओं की आकृतियों सहित दिखाया गया है, जो बाहुबली की गहन साधना के सूचक हैं। आदिपुराण में भवसरण की परिकल्पना के समान ही गज एवं सिंह तथा मयूर–सर्प जैसे परस्पर शत्रुभाव वाले वन्य जीवन–जन्तु को बाहुबली के समीप निश्चित भाव से स्थित बनाया गया है। सिंहनी द्वारा महिष के शिशु को अपने शिशु के समान स्तनपान कराने का उल्लेख भी ध्यातव्य है। 18 ये सन्दर्भ साधना और त्यागमय आध्यात्मिक वातावरण में पारम्परिक वैरभाव की समाप्ति और समभाव की स्थिति के सहज वातावरण को उपस्थित करते हैं। आदिपुराण में बाहुबली के पार्श्वों में उनकी बहनों ब्राम्ही एवं सुन्दरी के स्थान पर दो विद्याधारियों का उल्लेख हुआ है, जिन्होंने साधनारत

बाहुबली के शरीर से लिपटी माधवी को हटाया था।[19] आदिपुराण के उपर्युक्त वर्णन की पृष्ठभूमि में ही एलोरा की बाहुबली मूर्तियों में दोनों पार्श्वों में दो विद्याधारियों को बाहुबली के शरीर से लिपटी लतावल्लरियों को हटाते हुए दिखाया गया है। आदिपुराण की इस परम्परा का पालन देवगढ़, खजुराहो, बिल्हरी तथा कई अन्य दिगम्बर स्थलों की 10वीं से 12वीं शती ई0 की बाहुबली मूर्तियों में भी हुआ।[20]

एलोरा की पार्श्वनाथ एवं बाहुबली मूर्तियों क्रमशः पद्मावती एवं विद्याधारियों के निरूपण में वस्त्राभूषणों एवं केशसज्जा का वैविध्य ध्यातव्य है। साथ ही अम्बिका यक्षी, आलिंगनबद्ध स्त्री–पुरुष युगलों एवं चामरधारी सेवकों के अंकन में भी वस्त्राभूषण विविधतापूर्ण और चित्ताकर्षक हैं। एलोरा की जैन गुफा सं0 30 में शिव की नटेश के समान कुछ नृत्यरत मूर्तियां भी उकेरी हैं। एक उदारण में दो पुरुष आकृतियों को शिव आकृति के समान एक पैर उठाकर अत्यन्त गतिशील रूप में नृत्यरत दिखाया गया है। ये नृत्य मुख्यतः विभिन्न अप्सराओं (मीमांसना) एवं इन्द्र द्वारा किये गये थे। जैन पुराणों में शिव के स्थान पर इन्द्र द्वारा विभिन्न नृत्यों का किया जाना ज्ञातव्य है। कई नृत्य लोकशैली के नृत्य प्रतीत होते हैं।

संदर्भ :

1. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के भूतपूर्व महानिदेशक श्री जे0पी0 जोशी के समाचार पत्रों में प्रकाशित 12 फरवरी 1990 की सूचना के अनुसार एलोरा में 28 और गुफाओं की खोज की गई है। परन्तु 1993 ई0 में एलोरा की यात्रा में मुझे यह ज्ञात हुआ कि वहाँ पर कुछ अन्य गुफाएं अवश्य हैं, जिनमें सफाई के कार्य चल रहे हैं। अधिकांशतः गुफाओं में महेश मूर्तियां ही हैं। नयी दृष्टि से विचारणीय होगा कि एलोरा में महेश सम्प्रदाय तो विकसित नहीं हो रहा था। 1994 ई0 में पुनः यात्रा करने पर मैंने पाया कि एलोरा में ईसा पूर्व दूसरी शती से पाँचवीं शती ई. तक के दो हजार साल पुराने एक प्राचीन शहर के अवशेष भी हैं।
2. हरनिन्दन ठाकुर, 'चित्रों का भण्डार अभी अलभ्य', 'भारत का कलातीर्थ एलोरा', आज (साप्ताहिक विशेषांक), 4 सितम्बर 1990, पृ0 13, 14.
3. एलोरा गुफाओं के परिचय सूचना पट्ट से उद्धृतः विस्तार के लिए द्रष्टव्य आर0एस0 गुप्ते तथा बी0डी0 महाजन, अजन्ता, एलोरा एण्ड औरंगाबाद केव्स, बम्बई, 1962, पृ0 218–24.
4. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, 'इमेजेज ऑफ बाहुबली इन एलोरा' केव्स स्कल्पचर्स एण्ड आर्किटेक्चर, (रतन परिमू), नई दिल्ली, 1988.
5. विस्तार के लिए द्रष्टव्य आर0एस0 गुप्ते तथा बी0डी0 महाजन पूर्व निर्दिष्ट, पृ0 218–24; मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, जैन प्रतिमा विज्ञान, वाराणसी, 1981, पृ0 135, 144, 162, 230, 243.
6. आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, एलोरा की ब्राम्हणदेव प्रतिमाएं, इलाहाबाद 1888, पृ0 8.
7. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, जैन प्रतिमा विज्ञान, वाराणसी, 1881, पृ0 162, 230.
8. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, 'इमेजस ऑफ बाहुबली इन एलोरा, एलोरा केव्स स्कल्पचर्स एण्ड आर्किटेक्चर (रतन परिमू), नई दिल्ली 1988.
9. कुमुदगिरि, जैन महापुराण कलापरक अध्ययन, वाराणसी, 1985, पृ0 254.

10. कुमुदगिरि, पूर्व निर्दिष्ट, पृ 4.
11. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, 'पार्श्वनाथ इमेजेज इन एलोरा', सेमिनार प्रोसीडिंग, नई दिल्ली, 1980; सेमिनार प्रोसीडिंग, नई दिल्ली, 1980; प्रो0 के0के0 दास गुप्ता कमेमोरेसन वाल्यूम, कल्याण सुमन हेतु प्रकाशनार्थ स्वीकृत।
12. मारूति नन्दन, 'जैन महापुराण की कलापरक सामग्री', संस्कृति–संसाधन खण्ड 6, 1993, पृ0 38, 39.
13. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, जैन प्रतिमा विज्ञान, वाराणसी, 1981, पृ0 135.
14. आर0एस0 गुप्ते तथा बी0डी0 महाजन, पूर्व निर्दिष्ट, पृ0 129–223.
15. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, जैन प्रतिमा विज्ञान, वाराणसी, 1981, पृ0 159.
16. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, 'पार्श्वनाथ इमेजेज इन एलोरा', सेमिनार प्रोसीडिंग, नई दिल्ली, 1990; प्रो0 के0के0 दास गुप्ता कमेमोरेसन वाल्यूम, कल्याण सुमन हेतु प्रकाशनार्थ स्वीकृत; जैन महापुराण की कलापरक सामग्री संस्कृति संधान, वाराणसी, खण्ड 6, 1993, पृ0 40.
17. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, जैन प्रतिमा विज्ञान, वाराणसी, 1981 पृ0 17.
18. आदिपुराण, 36, 164,–176.
19. आदिपुराण, 36, 182.
20. मारूति नन्दन प्रसाद तिवारी, 'इमेजज ऑफ बाहुबली इन एलोरा, पूर्व निर्दिष्ट

□□

महाकवि कालिदास के साहित्य में कला का सौन्दर्य-बोध

डॉ. हरिप्रसाद दुबे

जीवन को सुन्दर से सुन्दर बनाना और ऊँचा से ऊँचा उठाना मानव का लक्ष्य है। भारतीय संस्कृति के पुजारी, महानता के आराधक अनन्त सौन्दर्य–द्रष्टा महाकवि कालिदास का कृतित्व एवं व्यक्तित्व नगाधिराज हिमालय की भाँति महान् और विराट है। सौन्दर्य के अनन्य उपासक कवि की दृष्टि से सृष्टि में सौन्दर्य का शायद ही कोई ऐसा रूप बचा हो। स्वर्ग और पृथ्वी का कोई ऐसा पदार्थ नहीं जिसके सौन्दर्य को इस कवि ने न देखा–परखा हो। प्रेम और सौन्दर्य के कवि कालिदास बताते हैं कि सच्चा प्रेम एक दूसरे से पृथक हो जाने पर भी उत्तरोत्तर बढ़ता है। पर झूठा प्रेम वियोग या पृथकता में घटता ही नहीं नष्ट हो जाता है। मेघदूत में नारी मनो विज्ञान के गहन विश्लेषक कवि की आस्था है कि प्रेम की प्रथम अभिव्यक्ति में भी स्त्रियाँ वाचिक प्रगल्भता का परिचय नहीं देती हैं। उन्हें इसके लिए वाणी की अपेक्षा अपने विभ्रम (हाव–भाव) का ही अधिक सहारा लेना पड़ता है। **स्त्रीणामाद्यं प्रणय वचनं विभ्रमों हि प्रियेषु**। अनुराग की परीक्षा अनुराग से होती है। संसार में प्रत्येक मनुष्य स्वयं को सुन्दर ही देखता है।

कालिदास सौन्दर्य को सार्वभौम चिरन्तन कहते हैं। सुंदर रूप वह है जो कि हर दशा में सुन्दर ही दिखाई दे। सच्चे सौन्दर्य को जब भी जितनी बार भी देखा जाय वह पहले की अपेक्षा और भी अधिक सुन्दर दिखाई देने लगता है। सौन्दर्य स्वयं में एक जादू, सम्मोहनास्त्र है। उस पर जिसकी भी दृष्टि पड़ती वह उसकी ओर आकृष्ट हुए बिना नहीं रह सकता। कुमार संभव 5/1 में वर्णित है–सौन्दर्य वह है जो चाहने वाले की आँख में समा जाय। उस पर जादू कर सके–**''प्रियेषु सौभाग्य फला हि चारूता**। शारीरिक सौन्दर्य देश काल की सीमा में सीमित होता है किन्तु गुण सर्वत्र समान रूप से पूजनीय होते हैं। गुणों का ऐसा प्रभाव है कि गुणवान व्यक्ति में यदि कोई कमी आ जाये तो वह ऐसे उपेक्षणीय हो जाता है[1] जैसे चन्द्रमा में कलंक (कुमारी 1/3)।

कालिदास के साहित्य में सौन्दर्य–बोध मूर्तिकला, चित्र कला और मृण्मूर्ति कला के क्षेत्र में अनुपम और विराट है कला–संस्कृति और इतिहास को जीवन्त बनाने वाले कवि ने हिमालय को देवात्मा कहकर अपनी सात्विक चेतना को व्यक्त किया है। इतिहास साक्षी है भारतीय संस्कृति के शक्तिपीठ तपोवन में कालिदास की काव्य कला को उदात्त प्राण मिला है।

कालिदास ने अपने काल की कला का व्यापक उल्लेख किया है। उन्होंने अपने साहित्य में ललित कलाओं के अनेक अंगों का चित्रण किया है। कवि के युग की कला की प्रगति रचनाओं में मिलती है। जीवन में सौन्दर्य–भाव के उत्कर्ष का साक्ष्य रघुवंश 8.67 में **ललिते कलाविधौ** से प्राप्त होता है।[2] कालिदास ने चित्रकला के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि का वर्णन किया है। अपने ग्रन्थ मालविकाग्नि मित्र, पृष्ठ पांच में चित्रशालां गतादेवी[3] का उल्लेख करते हुए कवि कलागुरू ने लिखा

गया देवी नगर, रामपुर भगन–फैजाबाद, उत्तर प्रदेश।

है कि चित्रशाला संगीतशाला का एक अंग थी। संगीतशाला में संगीत नृत्य और अभिनय की शिक्षा देने की व्यवस्था थी। वहाँ चित्र–वीथी होती थी जहाँ चित्र लटकते रहते और भाँति–भाँति के रंग बनाये जाते और प्रयुक्त होते थे। इसी प्रकार की एक चित्रशाला में राजमहिषी धारिणी जाती है जहाँ वह एक चित्र की प्रशंसा करती है जिसके अंग अभी सूखे नहीं है–प्रत्यग्र वर्ण रागां चित्र लेखा (मालविकाग्नि मित्र, पृष्ठ 5)।[4] महाकवि की यह विलक्षण सौन्दर्य दृष्टि है।

इस युग में निवास गृहों में भित्ति चित्र–निर्मित करना सामान्य वैशिष्ट्य था। इसके कवि कालिदास ने विपुल प्रमाण प्रस्तुत किये हैं। गिरि–गह्वरों के शिलाचित्रों के उदाहरणों को इनके शिल्प सम्यक ढंग से प्रकट करने में समर्थ हैं। पश्चिमी घाट की श्रेणियों में अनेक बिखरे दिखाई पड़ते हैं। कालिदास ने भित्ति और शिला चित्रों का स्वयं ज्ञान प्राप्त करने के साथ ही उन्हें अपनी आँख से देखा भी था। चित्रों से सजायी जाती प्रासाद गृहों की दीवारों के पाठ रघुवंश और मेघदूत में मिलते हैं आलेख शेषस्य[5], रघुवंश 14.15; सझस चित्र वत्स 25 सचित्रा प्रासादाः[6] मेघ. पूर्व विमानाग्र भूमिरा प्रासादाः मेघ. पू0,। विमानाग्र भूमरा।

लेखयानाम् 6, द्वारोपान्तोल्लिखत वपुषो शंख पद्मौ च दृष्ट्वा रघु 16.16[7] जब घर (निवास) उच्च शिलाओं पर अवस्थित रहते थे तो उनके आँगन को चित्रित करने वाले चित्र वातायनों से प्रविष्ट मेघों द्वारा कभी–कभी नम और विद्रूप करने की परंपरा थी। आँगन के चित्रण का प्रमाण (मेघ.उ.6 में) मिलता है।[8]

मेघदूत उ0, 15 में उल्लिखत है कि गृह के सिंह द्वार पर चित्रित मंगल सूचक इन्द्रधनुष (सुरपति धनुश्चारूणा तोरणेन)[9] कमल और शंख (मेघ. उ.17) थे। इस प्रकार के भित्ति–चित्रों के साक्ष्य भी कालीदास के वाङ्मय में मिलते हैं, जिनमें केलि सरोवरों के चित्रण (रघुवंश, 16.16 में उल्लेखानुसार) थे, जिनमें रह रहे हाथियों के विस्तीर्ण कमल वन में प्रविष्ट होते समय हथिनियाँ कमल दण्ड के खण्ड भेंट करती वर्णित हैं।[10] रागान्वित और आलिखित प्रतिकृतियों के अनेक उल्लेख कालिदास करते हैं– प्रतिकृतिं, रघु 18.53;[11] शाकुन्तल पृष्ठ 200, 218; माल विकाग्नि मित्र पृष्ठ[12], 73, [13] विक्रमों पृष्ठ 42।[14] मेघदूत उ. 22 में वर्णित है[15] कि एक पति वियुक्ता पत्नी के समृति पटल पर उसके पति की जो मूर्ति विद्यमान (भावगम्यम्) है वह उसकी प्रतिकृति (मत्सादृश्यं भावगम्यं लिखन्ती मेघ.उ.) चित्रित करने के मधुर कार्य में स्वयं को लगा रही है। मेघदूत के यक्ष ने एक प्रस्तर खण्ड पर गेरू से अपनी पत्नी का आलेख्य मानिनी पत्नी के रूप में (प्रणय कुपितां, मेघ उ. 42) बनाया था।[16]

कालिदास के साहित्य में सौन्दर्य बोध की दृष्टि कला के विपुल तत्वों में समाविष्ट है। विक्रमोर्वशीय (पृष्ठ 42) में उर्वशी की प्रतिकृति बनाये जाने का सन्दर्भ आया है। माल विकाग्नि मित्र (पृष्ठ 5) में मालविका एक प्रतिकृति में आलिखित है।[17] एक संकेत में एक प्रतिकृति को दूसरी से तुलना की गयी है जिसमें एक वानर आलिखित था आलेख वानर इव– विक्रमोर्वशीय पृ. 27।[18]

कवि के युग में आलिखित और आलेख आयोजित दोनों प्रकार की प्रतिकृतियों की पूरी योजनाएँ हैं। इनका व्यापक विवरण मिलता है। अभिज्ञान शाकुन्तल में विदूषक की उक्ति के एक

अंश से, जो विविध मानवी अनुभूतियों और भय, विस्मय आदि मनोभावों तथा खुले लटकते बालों और मुख पर श्रम बिन्दुओं से आलक्षित श्रान्ति भावों के आलेख्य की ओर संकेत करता है।– तर्कयामियैषाः......लिखित सा शकुन्तला, शाकुन्तल 209–10।[19] इससे भारतीय चित्रकारों की उच्चकोटि की सफलता का सहज अनुमान हो जाता है।

कालिदास ने चित्त की वृत्तियों को आलिखित करने का साक्ष्य शाकुन्तल में दिया है।[20] रागबद्ध चित्तवृत्तिरा लिखित इव सर्वतो रंग–शाकुन्तल पृष्ठ–13। एक स्थान पर चित्तवृत्तियों की सुन्दर सुन्दर प्रतिकृति की प्रशंसा की गयी है। (शाकु.पृ. 208, दुष्यन्त की शिकायत है कि उसके सामने शकुन्तला की जो प्रतिकृति चित्रित की जा रही है उसमें कानों पर, केशों में गाँठ कानों में लगाये गये चिबुक को छूते शिरीष के फूल और उरोजों (शाकुन्तल पृष्ठ 6.18) के मध्य स्थित कमल के नालतंतु का अभी भी अभाव खटकता है।[21] यह अन्यथा चित्र की पृष्ठभूमि को तपोवन के कदम्ब के वृक्षों से भरने का प्रस्ताव करता है– पूरितव्यं .... कदम्बै पृष्ठ 212। एक अन्य संकेत एक प्रतिकृति के सम्बन्ध में है, जिसमें हाथ में लाल कमल लिये शकुन्तला खड़ी है और उससे अपने अधरों (कुसुमरस ......मधुकर.........शाकुन्तल पृ. 213–14) से आ लगने वाले भौंरे को भगाती है।[22] कालिदास के अनेक ग्रन्थों में ऐसे प्रमाण हैं।

प्रतिकृति चित्रण के समान ही सम्मिलत चित्रकला के क्षेत्र में पर्याप्त उन्नति के साक्ष्य मिलते हैं। तीन व्यक्तियों के समूह को आलिखित पढ़ा जाता है जिनमें प्रत्येक आकृति का निष्पादन प्रशंसनीय है।[23] सर्वाश्च दर्शनीयाः शाकु.पृ. 209। एक सम्मिलत प्रतिकृति में शकुन्तला खड़ी है, उसके केशपाश ढीले पड़ गये हैं और बालों में गूँथे पुष्प गिर पड़े हैं। श्रम कण उसके मुख की सुन्दरता बढ़ा रहे हैं। एक चित्र में एक नये पल्लवों वाले आम के वृक्ष के नीचे शकुन्तला खड़ी है। उसके पास उसकी सखियाँ हैं– संख्या विति वहीं 209–10। दूसरा सम्मिलत चित्र मालविका. का है। चित्रग तामा .... आसन्नदारिकां, माल. पृष्ठ 5 अपूर्वेयं .... अलिखिता। मालविका परिचारिकाओं से घिरी रानी के पास खड़ी है।[24]

कालिदास योजना और कल्पना में अपना नैपुण्य प्रदर्शित करने वाली अपनी पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हैं। एक चित्र के बनाये जाने की इच्छा प्रकट की गयी है। काल्पनिक आलेख का स्वरूप है–''चित्र में मालिनी बह रही हो, उसके बालुकायम किनारों पर हंसों के जोड़े बैठे हों; उसके दोनों पार्श्वों पर हिमालय की पवित्र आसन्न पहाड़ियाँ चित्रित हों; शिलाखण्डों पर मृग–शावक बैठे हों। एक वृक्ष के नीचे उसकी शाखाओं पर बल्कल टंगें हो। मैं एक कृष्णसार की सींग पर एक हिरणी को अपनी बाँयी आँख खुजलाती चित्रित करना चाहता हूँ।''[25] यहाँ एक विशिष्ट आलेख है जिसमें एक पूर्णभौमिक दृश्य चित्रित किया जा सकता है। इसमें चित्रकला की उच्चता का आकलन है। अन्य संकेत एक सम्भव भौमिक दृश्य को प्रतिबिम्बित करता है जिसमें तूलिका के स्पर्श के फलस्वरूप आकाश में असंख्य रंग–बिरंगी मेघमालाओं के साथ सन्ध्या प्रदर्शित है।[26]

कालिदास चित्रकला के तकनीक पर भी विचार करते हैं। चित्रकारी के लिए उन्होंने

चित्रकला में प्रयुक्त होने वाली वस्तुओं का विशेष उल्लेख किया है। कुमार सम्भव[27] और रघुवंश में शलाका को विभिन्न कार्यों में प्रयोग के लिए उपयुक्त वर्णित किया गया है।[28] वर्तिका रघुवंश 19.19 और कुमार सम्भव 8.45 में उल्लिखत है। तूलिका का सन्दर्भ कुमार सम्भव 1.32 में आया है। लम्बकूर्च का उल्लेख शाकुन्तल पृ. 212 में किया गया है।[29] अभिज्ञान शाकुन्तल पृ. 199, 208, विक्रमों. पृष्ठ 42 में चित्रफलक की व्याख्या कालिदास ने की है। शाकुन्तल पृष्ठ 216 में वर्ण संदर्भित किया गया है मालविकाग्नि मित्र पृष्ठ 5 में राग और शाकुन्तल पृ0 217 में 'वर्तिका करण्डक' का वर्णन मिलता है। शलाका एक पेन्सिल थी जिससे चित्र का ढाँचा अंकित किया जाता था। 'वर्तिका' या 'तूलिका' कूँची थी और वैसे ही 'कूर्च' भी। वर्तिका, तूलिका और कूर्च में कुछ अन्तर था कूर्च आधुनिक रंगने के ब्रुश के समान उपयोग में आने वाला था और जिसकी नोकें फटी थीं। वर्तिका या तूलिका भोथरी नोकवाली कलम थी। लम्ब कूर्च पद से ज्ञात होता है कि कूर्च (कूँची) की दो कोटि थी। बड़ी और छोटी।

इस समय चित्रफलक ऐसा पट था जिस पर चित्रांकन किया जाता था। चित्रांकन में प्रयोग किया जाने वाला रंग वर्ण या राग था। कुमार सम्भव 8.45 में एक चित्र के अंकन में लोहित, पीत, हरित जैसे बहुसंख्यक रंगों का उल्लेख मिलता है।[30] चित्रकार की पेटी वर्तिका करण्डक थी जिसमें कूँची रंग और चित्रकरण के लिए अन्य सामग्री रखने की व्यवस्था थी।

कालीदास के साहित्य में सौन्दर्य–बोध की दृष्टि से रंगों का प्रयोग सम्यक् विचार के आधार पर किया जाता था। इसमें कई रंग उपयोग में आते थे। शाकुन्तल–पृष्ठ 13 और मालविकाग्नि मित्र, पृष्ठ 5 में रंगों का संकेत है। कुमार सम्भव 1.32 में कालिदास का कथन है कि रंगों के प्रयोग से एक छवि की सुन्दरता निखर उठती है। माल विकाग्निमित्र की चित्रशाला की चित्रवीथी में रानी बैठी रंग–बाहुल्य से पूरित चित्रों का निरीक्षण कर रही हैं जिनके रंग ताजे हैं– प्रत्यग्रवर्ण रागां, माल. पृष्ठ 5।[31] इस समय चित्रकला का इतना अधिक विस्तार था कि इसका अनुशीलन अरण्य क्षेत्रों तक पहुँचने लगा, जहाँ मुनि कन्याएं तपो बनों में इसका अभ्यास करती थी। शाकुन्तल में उल्लिखत है कि जब शाकुन्तला पतिगृह जाते समय कण्व आश्रम छोड़ने की तैयारी कर रही थी, ऋषि कन्याओं ने कभी सुवर्णाभरण पहने किसी को देखा नहीं था– चित्रकला (चित्रपरिचयेनाडे.गषु शाकु.पृष्ठ 131) की अपनी जानकारी से आभूषणों के पहने जाने का रचित प्रकार से जान सकीं। और उसी क्रम से शकुन्तला के अंगों में यथास्थान उनको पहना सकीं। कालिदास ने चित्रकला का अनुशीलन मात्र मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि योगाभ्यास जितना अनिवार्य बताया है।

एक शिल्पी के लिए यह आवश्यक कहा गया है कि मूर्ति निर्माण आरम्भ करने के पूर्व उसे अपने प्रतिपाद्य मूर्ति के ध्यान में लीन होकर पर्याप्त काल तक अवश्य बैठना चाहिए। शुक्रनीति अध्याय 4 खण्ड 4, 147–50 के अनुसार योग और समाधि में योग–दान की शक्ति प्रतिमा की विशेषता है।[32] कालिदास मालविकाग्नि मित्र (शिथिल समाधि, माल; 2.2) की रचना आरम्भ करने के पहले कलाकार की रचना आरम्भ करने के पूर्व कलाकार में ध्यानावस्थित होने की कमी का उल्लेख करते हैं।[33] राजा ने मालविका को एक सामूहिक चित्र में देखा है। उसकी अलौकिक सुन्दरता पर

वह मुग्ध हो जाता है। उसका असामान्य सौन्दर्य उसको विस्मित कर देता है। उसे सन्देह होता है कि कदाचित चित्रकार ने अभिव्यंजना में इसे अपरूपता दे दी है किन्तु जब मालविका स्वयं आकार उसके सामने खड़ी हो जाती है, तो राजा चकित होकर कह उठता है : 'जब वह मेरे लिए एक चित्र थी, मेरे मन को आशंका होती थी कि उसका (वास्तविक) सौन्दर्य कदाचित चित्रित रूप की तुलना न कर सके, किन्तु अब मैं सोचता हूँ कि जिस चित्रकार की तूलिका ने उसके रूप लावण्य को चित्रफलक पर अंकित किया उसकी समाधि में कितनी शिथिलता थी। 'शिथिल समाधि' पद कलाकार में ध्यान की शिथिलता का संकेत करता है जिसके कारण उसके शरीर की मनोहारित और प्रतिकृति की सुन्दरता में इतनी भिन्नता हुई चित्रकला के इन उपकरणों और उच्चकोटि की कल्पनाओं से युक्त चित्रण के सुश्लिष्ट सिद्धान्तों के साथ भारतीय कलाकार मानवीय मनोभाव और अनुभूतियों की पूर्ण अभिव्यंजना कर सके।

देश के संग्रहालयों में मूर्तियों से सम्बद्ध कल्पनाओं को सम्मोहन देने और स्थूल चित्र उपस्थित करने वाले बीसों वाक्यांशो द्वारा कालिदास मूर्तिकला के क्षेत्र में अपने काल की प्रवत्तियों को अप्रत्यक्षतः प्रतिध्वनित करते हैं। कवि ने विक्रमोर्वशीय 3.2 में कहा है– मयूर रात बीतने पर निद्रलु होने के कारण अपने अड्डों पर शिथिल हो बैठते हैं मानों वे मूर्तित आकृतियाँ हों।[34] रेलिंग स्तम्भों पर उत्कीर्ण नारी मूर्तियों का सन्दर्भ मिलता है। मथुरा संग्रहालय में गोलाई में उत्कीर्ण मयूर की एक सुन्दर मूर्ति विद्यमान है– रघुवंश 16.17 में उल्लिखत है–[35] **स्तम्भेषु योषिप्रतियातनानामुत्क्रांतवर्ण क्रम धूसराणाम्।**

स्तनोत्तरीयाणि भवन्ति संड़गत्रिर्मोकपट्टाः फणिभिर्विमुक्ताः रेलिंग स्तम्भों पर उत्कीर्णित कुषाण पक्षियों की मूर्तियाँ संग्रहालय के एक पूरे भाग में संरक्षित हैं जो पुरातन मथुरा की चित्र शालाओं में रूप पायी और बनी कला की सर्वोत्तम कृतियों की संकुलता प्रदान करने वाली हैं। कालिदास प्राचीन मथुरा की इन मूर्तियों से अवश्य प्रभावित हुए। भरहुत के प्राचीन रेलिंग स्तम्भ में कालिदास ने गंगा–यमुना की चामर वाहिनी मूर्तियों का वर्णन किया है।– मथुरा संग्रहालय प्रदर्शन सं. 14.466।

उत्कीर्ण शब्द का अर्थ है 'खोदकर बनाया हुआ। कदाचित पृष्ठभूमि पर मूर्ति–निर्वाण (Basso Reticro) रघुवंश में उजड़ी अयोध्या के वर्णन में हमें स्तम्भों पर उत्कीर्ण नारी मूर्तियों के विषय में सन्दर्भ मिलते हैं जो अवश्य ही राजमहल के रेलिंग स्तम्भ थे। कालिदास कहते हैं– स्तम्भों पर उत्कीर्ण नारी मूर्तियों के, जो धूलधूसरित हो गयी हैं जिनके रंग की रेखाएं मिट सी गयी हैं, स्तनों के संसर्ग में आकर कृष्ण सर्पो ने केचुलियाँ छोड़ी हैं, वे उनके स्तनों को ढ़ँकने के उत्तरीय हो रही हैं।[36] **मूर्ते च गंगा यमुने तदानी सचामरे देवम सेविषाताम्**– कुमार संभव 7.42। कालिदास देवताओं की असंख्य प्रतिमाओं (देव प्रतिमाः) रघुवंश 16.39, 17.36 और दूसरे मूर्ति निर्माण (मूर्तिमन्तम् रघुवंश 17.31 का उल्लेख करते हैं।[37] गंगा–यमुना की उत्कीर्ण प्रतिमाओं के अलावा कुछ हिन्दू देवताओं की उत्कीर्णित मूर्तियों की ओर विशेष संकेत करते हैं। रघुवंश 10.73; कुमार संभव 2.3 के अनुसार छेनी से काट और गढ़कर पौराणिक चतुर्मुख ब्रह्मा की मूर्ति निर्मित की जा रही थी।[38]

चतुमूर्तिः धातारं सर्वतोमुखम) कालिदास विष्णु की मूर्ति का सर्वाधिक सजीव चित्रण किया है।– (मूर्तिभिः) इसके लिए कवि सैद्धान्तिक मूर्ति निर्माण कला क्षेत्र में प्रवेश किया कई पद्यों के आभ्यन्तर में विष्णु मूर्ति का निदर्शन मिलता है।

शेष शैया पर लेटे विष्णु (भोगि भागासना सीनम) और उनके फनों[39] रघुवंश 10.7 श्रीवत्सलक्ष्मा पुरूषश्च साक्षात्, कुमार संभव के चँदोबा के नीचे कमल पर बैठी अपनी मेखला को अपने रेशमी उत्तरीय से ढँकती हुई उनकी पत्नी लक्ष्मी अपनी गोद में रखे उनके चरणों को हाथ में लिये हैं।[40] रघुवंश 10.8)। श्रीवत्स (श्रीवत्सलक्षणं, रघु. 17.29) चिन्ह वाले देवता ने प्रशस्त वक्षस्थल पर (रघु 10. 10) कौस्तुभमणि धारण किया है। कालिदास इस प्रतिमा के चित्रण में विग्रह शब्द रघु 10.7 प्रयुक्त करते है[41] जिसका अर्थ मूर्ति होता है। प्रतिमा की पूर्णता के लिए किरीट (रघु. 6.19, 10.75 जलज, चक्र गदा और सारंग जैसे लक्षण अनिवार्य हैं।[42] विष्णु के पास उनके सेवक गरूड़ (रघु. 13.61) रहते हैं। कालिदास ने एक दूसरे चित्र में कौस्तुभधारी विष्णु की सेवा हाथ में (रघु. 62) कमल का पंखा धारण किये लक्ष्मी द्वारा कराते हुए उल्लिखत किया है। रघुवंश[43] के अनुसार इन विशिष्ट लक्षणों से वामन विष्णुओं की मूर्तियाँ (रघु, अध्याय 51 मूर्तिभिः) पहचानी जाती हैं। संग्रहालय में प्राप्त प्रतिमा त्रिमूर्ति का उल्लेख कवि ने किया है, इसमें ब्रह्मा, विष्णु शिव के तीन शिरों की एक संयुक्त आकृति है।[44] कमलों के मध्य रश्मि विकीर्ण करते हुए चंद्रमा का उत्कीर्णन रघुवंश (7.64– पड़कजानां मध्ये स्फुरन्तं प्रतिमा शशाड़गम्) में है। यहाँ पर सौन्दर्य सौष्ठव सम्पूर्ण शिल्प में है।

कालिदास के साहित्यिक सौन्दर्य–बोध में मृण्मूर्तिकला का उच्च स्थान है। शाकुन्तल में शकुन्तला के पुत्र द्वारा मिट्टी के रंगीन मयूर[45] वर्ण चित्रिता मृत्तिका मयूराः शाकु पृ. 13 के साथ क्रीड़ा करने का उल्लेख आया है। मृण्मयूरहस्ता, शाकु. पृष्ठ 247 भद्रमयूर शाकु. पृ. 248। इसके रंग वैचित्रय (वर्ण चित्रितो शाकु. पृ. 243 की पुनः प्रशंसा (शकुन्तलावण्यम् शाकु. पृ. 247) वर्णित है। प्राचीन स्थानों के उत्खनन में असंख्य मृण्मयी मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं। पशु–पक्षियों की आकृतियाँ खिलौने के उपयोग में आती थी। मथुरा संग्रहालय की मनोहारी मृण्मय मयूर विलक्षण है। कालिदास ने भरत के हाथ के सम्बन्ध ा में–जालग्रथितांगुलिः प्रयुक्त किया है।[46] कवि ने प्रायः प्रभामण्डल रघु 15.82, 17.23; कुमार सम्भव 6. 4, 7.38), छायामण्डल (रघु0 4.5) और स्फुत्प्रभा मण्डल (रघु. 3'60, 5.51, 14.14, कुमार.1.24) का वर्णन किया है। कला के द्वारा कालिदास सौन्दर्य की परिभाषा देते हैं।

कालिदास की कृतियों में मयूरासीन कार्तिकेय की अवधारणा श्रेष्ठ है– मयूराश्रयी गुहः, मयूर पृष्ठाश्रयिणा गुहेन।[47] इस युग के मूर्ति–शिल्पियों को मयूरारूढ़ कार्तिकेय की मूर्तियाँ विशेषप्रिय थी कालिदास ने कटिसूत्र और मेखला का उल्लेख अधिक किया है– माल. पृष्ठ 28, 59, 3.21; रघुवंश 6'43, 7.10, 8.64, 13.33, 16.65, 19.25, 26, 27, 41, 45 कुमार. 1.37, 38, 8.89, 35; ऋतु 1.4, 6, 2. 19, 3.24, 4.4, 6.3, 24, 43। केयूर और मेखला इस काल का वैशिष्ट्य था[48]। मृण्मयी नारी मूर्तियों के सिर से लटकती अपूर्व सुन्दर लटें और घुँघराले बाल हैं। गाजीपुर के औरिहार से आधा मील पूर्व और स्कंदगुप्त विक्रमादित्य के विजय स्तम्भ की भूमि सैदपुर भीतरी से डेढ़ मील उत्तर पश्चिम मसोन स्थल से हाल में अनेक मूर्तियाँ मिली हैं कालिदास भारान्वित पयोधरों का वर्णन करते

हैं।–गुरुश्रोणिपयोधरत्वात, रघुवंश[49] रघुवंध 7.25 में नितम्बों की गुरूता उल्लिखत है। आवर्त्तशोभा या एक गहरा आवर्त्त बनाने वाली नाभि की शोभा मूर्तिकला की विशेषता है[50] अशोक वृक्ष में फूल लाने के लिए उस पर पदाघात करने को तत्पर या पदाघात करती हुई अर्द्धनग्न यक्षी के दोहद दृश्य कालिदास के साहित्य (रघु 8.62, 9.12 मेघ उ. 15 में बार बार मिलते हैं।[51] डॉ0 पी0 एच0 वोगेल ने मथुरा संग्रहालय की सूची प्रस्तुत करते समय मालविकाग्नि मित्र के एक तद्रूप दृश्य की समानता पर आश्चर्य किया था। साहित्य और कला जीवन का प्रतिबिम्ब है। सप्तमातृकों (सप्तमाताओं) को यथार्थ रूप में गढ़ी हुई और मूर्त पाते हैं सप्त माताओं में से एक काली का कालिदास ने मुण्डमाल धारण किये (काली कपालाभरणा, कुमार 8.39, चल कपाल कुण्डला) उल्लेख किया है।[52] एलोरा में इसकी एक मनोहारी आकृति है। कालिदास द्वारा वर्णित शिव के निवास कैलाश को उठाये रावण का दृश्य कुषाण कालीन मूर्ति कलाकारों को अत्यन्त प्रिय है। पद्म पर खड़ी[53] कुमार.7.89) अथवा कमल दण्ड (माल. 5.6) हाथ में धारण किये या कमलनाल (लीलार विन्द) कुमार0 3.56, 6.84, रघु 6.13– के साथ क्रीडा करती लक्ष्मी अपने सभी अंग संस्थानों के साथ प्रदर्शित हैं। लीलारविन्द के अन्य संकेत भी प्रचलित हैं।[54]

कालिदास ने शिव तथा उमा का जो सुन्दर चित्रण किया है वह अनेक मूर्तियों में सुन्दर दम्पती के रूप में मूर्त है। मथुरा में एक द्वार की चौखट की (मेघ उ0 29, 36) चित्रकारी में चोटियों के गहने और खोलने के दृश्य सौन्दर्यमय उत्कीर्ण हैं। मथुरा के रेलिंग स्तम्भों में एक पर श्रृंगार–पेटिका लिए एक प्रसाधिका की मनोहर मूर्ति है[55] किन्तु सैरन्ध्री की सबसे नयनाभिराम प्रतिमा बनारस कला भवन में है। कालिदास के ग्रन्थों में पूर्ण कुम्भ[56] (मथुरा के द्वार पटों पर मूर्त)[57], नागी हाथ से गेंद को मारना[58] और उसकी चोट खाकर उछलना, एक मुरलीवादक[59] लम्बीमाला (रघु0 6.60) और हाथ में दण्ड (कुमार 3.41) लिए दौवारिक (मथुरा के एक द्वार मार्ग में मूर्त) के साक्ष्य मिलते हैं।[60] मथुरा के दो बड़े यूपों में कालिदास के ग्रन्थों के प्रमाण हैं।

कालिदास के किन्नर और अश्वमुखी (कुमार. 1.8 अश्वमुख्य) के प्रतिरूप मथुरा संग्रहालय में दो श्रेष्ठ आकृतियों में हैं। रघुवंश 5.26 27, 9.24, 25, 14.16, 20 कुमार 2.22 3.25 में कालिदास का संकेत कुबेर पाते हैं। वरूण (रघु 9.24, कुमार 2.22) और इन्द्र कला में विद्यमान हैं। पूर्ण खिले कमल कवि के अत्यन्त प्रिय उपमान हैं। मथुरा की एक दीर्घ शुंग मूर्ति–मेखला (रघु. 1.49, 52) में रघुवंश के तपोवन के हरिणों से पूर्ण द्वार वाले व्यस्त उटज सौन्दर्य मय उत्कीर्ण हैं। जिसमें एक मुनि का उटज, हरिण, एक वेदी, एक कमण्डलु और तपोवन के आसपास रहने वाले दूसरे पदार्थों का पूर्ण चित्र दीख पड़ता है।[61]

